



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 118 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण अमावस्या 2082 गुरुवार, 24 जुलाई-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## टेकऑफ से पहले इंडिगो फ्लाइट में आग

अहमदाबाद, 23 जुलाई (एजेंसियां)। अहमदाबाद से दीव जा रही इंडिगो की फ्लाइट एटीआर76 में बुधवार को उड़ान भरने से ठीक पहले इंजन में आग लग गई। फ्लाइट में 60 लोग पैसेंजर थे। जैसे ही विमान रनवे पर टेकऑफ की तैयारी कर रहा था, पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इमरजेंसी 'मेडे' कॉल भेजा और उड़ान को रोक दिया गया।

यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। इसके बाद तुरंत सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की जांच जारी है। एक दिन पहले मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर हॉन्गकॉन्ग से आई एयर इंडिया फ्लाइट-315 में लैंडिंग के तुरंत बाद ऑक्सिलरी पावर यूनिट (एपीयू) यूनिट में आग लग गई थी। ऑक्सिलरी पावर यूनिट प्लेन में सबसे पीछे उसकी टेल में होती है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में 28

## > और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा

*✻ दोनों सदनों में 16-16 घंटे बहस, विपक्ष के हंगामे से लगातार तीसरे दिन सदन नहीं चला*

नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों सदनों में बहस के लिए 16-16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी। पिछले 3 दिनों से विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, बिहार वोटर वेरिफिकेशन जैसे मुद्दों पर हंगामा कर रहा है।

तीन दिनों में दोनों सदनों में लगातार एक आधे घंटे भी कार्यवाही नहीं चल सकी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प बंद कराने का दावा कर चुके हैं। ट्रम्प ने 25 बार बोला कि उन्होंने सीजफायर कराया। वो कौन होते हैं बोलने वाले, ये उनका काम नहीं है। लेकिन पीएम मोदी ने इस पर एक जवाब नहीं दिया। ऐसा लगता है दाल में कुछ काला है। इससे पहले लोकसभा में बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। उन्होंने काले कपड़े लहराए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा-आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### विपक्ष ने पहलगाम,ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में चर्चा की मांग की

राज्यसभा की व्यापार सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक में बुधवार को विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की। विपक्ष ने कहा कि इस मुद्दे पर राज्यसभा में अगले हफ्ते से दो दिन तक 16 घंटे की चर्चा होनी चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। यह बैठक मानसून सत्र के दौरान हुई, जिसमें विभिन्न दलों के नेता, राज्यसभा में सदन के नेता जे. पी. नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने की।

## 'संसद में सड़क जैसा व्यवहार'



नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। लोकसभा में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। बुधवार को जब विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भड़क गए। उन्होंने विपक्षी सांसदों को चेतावनी देते हुए कहा कि आप सड़क का व्यवहार संसद में कर रहे हैं। ये देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि सदन में तख्तियां लेकर आने वालों पर मुझे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी। बता दें कि लगातार तीन दिन से हो रहे विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा को स्थगित करना पड़ रहा है। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ है। निचले सदन में प्रश्नकाल के दौरान 'बिहार में रेल परियोजनाएं' विषय पर चर्चा चल रही थी। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हंगामा किया। सांसदों के हंगामे को लेकर लोकसभा स्पीकर बिरला भड़क गए। उन्होंने कहा कि संसद हमारे गौरवशाली लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था है। सांसदों से मेरी अपेक्षा रहती है कि संसद के अंदर आपका आचरण, व्यवहार, कार्यपद्धति मर्यादित रहना चाहिए। देश की जनता ने आपको यहां पर उनकी आवाज, उनकी चुनौतियों, उनकी अपेक्षाएं और देश के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए भेजा है।

# ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौन : राहुल

### ✻ उन्होंने 25 बार दावा किया ✻ मोदी एक जवाब नहीं दे पाए-कैसे बोलेंगे ट्रम्प ने कराया



नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने के दावे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला बोला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप ने 25वीं बार यह बयान दिया। पीएम मोदी इस पर मौन हैं। इससे लगता है दाल में कुछ काला है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सवाल किया कि ट्रंप युद्ध विराम कराने वाले कौन होते हैं? प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर एक बार भी जवाब नहीं दिया है। प्रधानमंत्री कैसे बयान दे सकते हैं? वह क्या कहेंगे, ट्रंप ने संघर्ष विराम करवाया, वह ऐसा नहीं कह सकते। लेकिन यह सच्चाई है। ट्रंप ने संघर्ष विराम करवाया, पूरी दुनिया जानती है। यह वास्तविकता है।

संसद भवन परिसर में राहुल गांधी ने कहा कि यह सिर्फ संघर्ष विराम का मामला नहीं है। कई बड़ी समस्याएं हैं जिन पर हम चर्चा करना चाहते हैं। रक्षा, रक्षा उद्योग, ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी समस्याएं हैं। स्थिति अच्छी नहीं है और पूरी दुनिया जानती है। जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं, वे भाग गए हैं। प्रधानमंत्री एक बयान भी नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप 25 बार कह चुके हैं कि मैंने संघर्ष विराम करवाया। संघर्ष विराम करवाने वाले ट्रंप कौन होते हैं? यह उनका काम नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री ने एक बार भी जवाब नहीं दिया। यह सच्चाई है, वह इसे छिपा नहीं सकते। सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के विदेश से लौटने पर ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करने की बात स्वीकार कर ली है। राहुल गांधी ने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है और दूसरी तरफ कहा जाता है कि जीत हासिल हो गई है। या तो जीत हासिल हो गई है या ऑपरेशन सिंदूर जारी है। ट्रंप कह रहे हैं कि मैंने ऑपरेशन सिंदूर रोक दिया, वह यह 25 बार कह चुके हैं। इसलिए कुछ न कुछ तो दाल में काला है। भारत की विदेश नीति को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने हमारी विदेश नीति को नष्ट कर दिया है। किसी ने हमारा समर्थन नहीं किया।

इससे पहले ट्रंप के दावे के बाद कांग्रेस ने एक बार फिर मोदी सरकार को घेरा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि एक ओर मोदी सरकार संसद में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर बहस की निश्चित तारीखें देने से इनकार कर रही है और प्रधानमंत्री के जवाब देने को लेकर भी कोई आश्वासन नहीं दे रही है।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश-2 ब्रिटिश परिवार को गलत शव मिले

*उनका डीएनए परिजन से मेल नहीं खा रहा, 13 शव भेजे गए थे*



अहमदाबाद, 23 जुलाई (एजेंसियां)। ब्रिटेन में अहमदाबाद प्लेन क्रैश के पीड़ित 2 परिवारों ने दावा किया है कि उन्हें गलत शव सौंपे गए हैं। उनके वकील जेम्स हीली के मुताबिक, दोनों शवों का डीएनए उनके परिजन से मेल नहीं खा रहा।

ब्रिटेन के न्यूज पेपर डेली मेल की एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। इसके मुताबिक, ब्रिटेन में रहने वाले एक परिवार ने अपने परिजन के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी थी। लेकिन जब डीएनए जांच में पता चला कि ताबूत में किसी और यात्री का शव है, तो उन्हें अंतिम संस्कार की योजना रद्द करनी पड़ी। एअर इंडिया ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। दरअसल, 13 शवों को ब्रिटेन भेजा गया था। 12 जून को प्लेन हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी।

## उपराष्ट्रपति चुनाव अगस्त के आखिर में संभव

**चुनाव आयोग बोला-तैयारियां शुरू; एक दिन पहले जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंजूर हुआ था**

नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। देश को नया उपराष्ट्रपति अगस्त महीने के आखिर तक मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चुनाव का शेड्यूल अगले 72 घंटे में जारी हो सकता है। चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जब सारी तैयारियां पूरी हो जाएंगी, फिर चुनाव की आधिकारिक घोषणा करेंगे। ईसीआई को संविधान के आर्टिकल 324 के तहत उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराने का अधिकार है। जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। अगले ही दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

## जस्टिस वर्मा केस से हटे सीजेआई गवई



नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। जस्टिस यशवंत वर्मा के कैश कांड की सुनवाई से चीफ जस्टिस बीआर गवई ने खुद को अलग कर लिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा, मेरे लिए इस केस की सुनवाई में शामिल होना उचित नहीं होगा, क्योंकि मैं पहले भी इसका हिस्सा रहा हूं। दरअसल, 19 जुलाई जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें उन्होंने इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की थी। रिपोर्ट में घर में कैश मिलने के मामले में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस वर्मा की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलील रखी। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ संवैधानिक मुद्दे हैं। कृपया जल्द से जल्द बेंच गठित करें। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले पर सुनवाई के लिए नई बेंच गठित करेंगे। दूसरी तरफ, संसद में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी शुरू हो गई है।

## लोकायुक्त की छापेमारी : आय से अधिक संपत्ति मामले में आठ अधिकारियों के ठिकानों पर दबिश

### नोटों के बंडल बरामद

बंगलूरू, 23 जुलाई (एजेंसियां)। लोकायुक्त के अधिकारियों ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में एक आईएएस अधिकारी समेत आठ अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। आईएएस अधिकारी वसंती अमर बीवी रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी, कर्नाटक (के-राइड) में विशेष उपायुक्त के पद पर तैनात थीं। वे के-राइड में भूमि अधिग्रहण अनुभाग संभाल रही थीं। उन्हें महत्वाकांक्षी बंगलूरू उपनगरीय रेलवे परियोजना (बीएसआरपी) के लिए भूमि उपलब्ध कराने का काम सौंपा गया था।

के-राइड के सूत्रों ने बताया कि बीएसआरपी में गतिविधियां ठप हो गई हैं, क्योंकि ठेकेदार कंपनी ने परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण न होने पर काम बंद करने की धमकी दी है। छापेमारी में जिन अधिकारियों पर की गई, उनमें कोडागु जिला मुख्यालय शहर मदिकेरी में कौशल विकास, उद्यमिता और आजीविका विभाग के संयुक्त निदेशक मंजूनाथस्वामी एम, मैसूर महानगर पालिके के कार्यालय सहायक (प्रशासन) बी वेंकटराम, तुमकुरु के केआईएडीबी के सहायक कार्यकारी अभियंता राजेश एम और सुनील कुमार, कार्यकारी अभियंता, परिवार एवं कल्याण कार्यालय, इंजीनियरिंग अनुभाग, कलबुर्गी शामिल हैं।

छापेमारी में जिन अन्य अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर दबिश दी जा रही है, उनमें सहायक निदेशक, जिला उद्योग केंद्र, कोप्पल शेखू और सहायक निदेशक, नगर एवं ग्रामीण परियोजना विभाग, बंगलूरू शहर बागली मारुति शामिल हैं। इसके अलावा एचवी येरप्पा रेड्डी, कार्यकारी अभियंता, बीबीएमपी के ठिकानों पर भी दबिश दी जा रही है।

# तेलंगाना में जंगलों की कटाई पर कोर्ट सख्त

### धर्मस्थल हत्याकांड पर याचिका सुनने से किया इनकार

नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के धर्मस्थल हत्याकांड से जुड़े गैग ऑर्डर के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। यह याचिका बंगलूरू की एक अदालत के उस अंतरिम आदेश के खिलाफ थी, जिसमें 390 मीडिया संस्थानों को करीब 9,000 लिंक और खबरें हटाने का निर्देश दिया गया था।

चीफ जस्टिस की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह पहले हाईकोर्ट जाए। यह मामला श्री मंजुनाथस्वामी मंदिर के सचिव हर्षेन्द्र कुमार द्वारा दायर मानहानि केस से जुड़ा है। केस में महिला हत्या के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी भी गठित हो चुकी है।

### पावर कट से प्रभावित नीट छात्रों को राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नीट-यूजी 2025 में बिजली गुल होने से प्रभावित दो छात्रों को काउंसलिंग में शामिल होने की अंतरिम अनुमति देने से इनकार कर दिया। जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा और ए. एस. चंदूरकर की बेंच ने कहा कि याचिकाओं पर अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। दोनों छात्रों नव्या नायक और एस साई प्रिया ने **मध्यप्रदेश** हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें री-टेस्ट की मांग खारिज कर दी गई थी। एनटीए की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लाखों छात्रों की परीक्षा प्रभावित नहीं की जा सकती। अदालत ने कोई अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने **तेलंगाना** के कांचा गचिबोवली इलाके में जंगलों की अंधाधुंध कटाई पर सख्त रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सतत विकास जरूरी है, लेकिन इसका मतलब जंगलों पर बुलडोजर चलाना नहीं है। अदालत कांचा गचिबोवली में पेड़ों की कटाई के मामले की स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही है।

कोर्ट ने पूछा कि जब कोर्ट की छुट्टी थी, तब ही क्यों पेड़ काटे गए? इससे पहले 15 मई को कोर्ट ने जंगल की बहाली या अफसरों को जेल भेजने की चेतावनी दी थी। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 13 अगस्त तय की है। अदालत ने राज्य सरकार से 100 एकड़ काटे गए जंगल की पुनर्स्थापना की योजना भी मांगी है।

सुप्रीम कोर्ट **ओडिशा** के सतकोसिया टाइगर रिजर्व में कथित अवैध निर्माण को लेकर दाखिल एक याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। चीफ जस्टिस बी आर गवई (सीजेआई), जस्टिस के वी विश्वनाथन और जस्टिस जयमाल्या बागची की बेंच के समक्ष वकील गौरव कुमार बंसल ने यह याचिका लगाई और आग्रह किया कि इस मामले पर सुनवाई जरूरी है।

बेंच ने कहा कि वह इस याचिका पर किसी अगली तारीख को सुनवाई करेगी। बंसल ने यह भी चिंता जताई कि स्थानीय प्रशासन ने संरक्षित क्षेत्र के अंदर इको-टूरिज्म (पर्यावरण पर्यटन) के लिए निर्माण की अनुमति दे दी है। उन्होंने कहा, जिला कलेक्टर ने इको-टूरिज्म के लिए निर्माण की अनुमति दी है। यह कैसे हो सकता है? मैं तो बस जंगलों के लिए लड़ रहा हूं। सतकोसिया टाइगर रिजर्व ओडिशा के अंगुल, कटक, नयागढ़ और बौध जिलों में फैला हुआ है। यह बाघों, हाथियों और कई संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक आवास (हैबिटेट) है।

### बंगाल में चुनाव आयोग बेबस

## ममता सरकार से कहा-मुख्य चुनाव अधिकारी को दें वित्तीय और प्रशासनिक स्वतंत्रता

कोलकाता, 23 जुलाई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के बाद अब पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। लेकिन इस बीच चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को एक गंभीर चेतावनी दी है। आयोग ने साफ कहा है कि राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी को वित्तीय और प्रशासनिक स्वतंत्रता नहीं दी गई है, जिससे चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और कार्य क्षमता पर असर पड़ सकता है।

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को 17 जुलाई को लिखे पत्र में बताया कि राज्य में मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय को बहुत सीमित वित्तीय अधिकार प्राप्त हैं। वह केवल माइनर परमानेंट एडवांस यानी छोटे बजट पर काम कर रहे हैं, जो वित्त विभाग से निर्भर होकर आता है। इससे उनकी स्वतंत्र कार्यक्षमता बाधित हो रही है।

चुनाव आयोग ने यह भी बताया कि मुख्य चुनाव अधिकारी का कार्यालय राज्य के गृह एवं पर्वतीय मामलों के विभाग के अधीन रखा गया है। इस विभाग का प्रमुख एक प्रिंसिपल सेक्रेटरी स्तर का अधिकारी है, जबकि मुख्य चुनाव अधिकारी का पद अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) स्तर का होता है। आयोग ने इस स्थिति को असामंजस्यपूर्ण बताते हुए इसे जल्द से जल्द ठीक करने को कहा है। चुनाव आयोग ने सिफारिश की है कि राज्य सरकार एक स्वतंत्र चुनाव विभाग बनाए, जो किसी अन्य विभाग से पूरी तरह अलग हो। इसके लिए एक अलग बजट हेड की व्यवस्था की जाए ताकि चुनाव विभाग को स्वतंत्र वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार मिल सकें।

# गुजरात एटीएस का दावा 4 अलकायदा आतंकी गिरफ्तार

### *गुजरात से दो और दिल्ली-नोएडा से एक-एक को पकड़ा सोशल मीडिया हैंडल और चैट भी मिले*



अहमदाबाद, 23 जुलाई (एजेंसियां)। गुजरात एटीएस ने बुधवार को बताया कि अल-कायदा के 4 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने बताया कि दो आतंकी गुजरात, एक दिल्ली और एक नोएडा से पकड़े गए हैं। ये चारों नकली नोटों के रैकेट और आतंकी संगठन की विचारधारा को फैलाने में शामिल थे। ये चारों अल कायदा के अल कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) से जुड़े बताए जा रहे हैं। ये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और कुछ संदिग्ध ऐप्स के जरिए लोगों को अल-कायदा से जोड़ने के काम में सक्रिय थे। गुजरात एटीएस को इनके पास से कुछ सोशल मीडिया हैंडल और चैट भी मिले हैं। साइबर टीम भी इसकी जांच में जुटी हुई है। एटीएस को यह भी जानकारी मिली है कि चारों मैसेजेस को ऑटो-डिलीट करने वाली एप्लीकेशन का भी इस्तेमाल कर रहे थे।

### इन पर नजर रखी जा रही थी

सुरक्षा एजेंसियों को इनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर देश विरोधी और उकसाऊ पोस्ट मिलने के बाद इन पर नजर रखी जा रही थी। लंबे समय से की जा रही तकनीकी और फील्ड निगरानी के बाद एटीएस ने सटीक कार्रवाई करते हुए चारों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक आरोपियों की उम्र 20 से 25 साल के बीच है और ये भारत में आतंकी हमलों की साजिश रच रहे थे। इन आतंकियों को कुछ खास और संवेदनशील ठिकानों को निशाना बनाने के निर्देश दिए गए थे। ये चारों आतंकी सोशल मीडिया ऐप्स के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए थे। जांच में यह भी सामने आया है कि इनका संपर्क सीमा पार बैठे आतंकियों से भी था। गुजरात एटीएस और केंद्रीय एजेंसियां अब इनके नेटवर्क, फंडिंग, ट्रेनिंग और विदेशी संपर्कों की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हैं।

# मिंत्रा के खिलाफ 1654 करोड़ के उल्लंघन की शिकायत

### 'कैश एंड कैरी' की आड़ में किया मल्टी ब्रांड रिटेल ट्रेड

नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय ने मैसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड (मिंत्रा) और उसकी संबंधित कंपनियों व उनके निदेशकों के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) की धारा 16(3) के तहत 1654 करोड़ रुपये के उल्लंघन की शिकायत दर्ज की है।

प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक इस केस में जांच एक विश्वसनीय जानकारी के आधार पर शुरू की गई थी कि मेसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड (मिंत्रा) और उसकी संबंधित कंपनियां कथित तौर पर मौजूदा एफडीआई नीति का उल्लंघन करते हुए 'थोक कैश एंड कैरी' की आड़ में मल्टी ब्रांड रिटेल ट्रेड (एमबीआरटी) कर रही हैं।

फेमा, 1999 के प्रावधानों के तहत ईडी को जांच से पता चला है कि मैसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड ने घोषणा की थी कि वे थोक कैश एंड कैरी के व्यवसाय में लगे हुए हैं। उन्होंने विदेशी निवेशकों से 1654,35,08,981 रुपये के बराबर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त किया है। ईडी के मुताबिक मैसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपना अधिकांश माल मैसर्स वेक्टर ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड (जिसने अंतिम ग्राहक को खुदरा में माल बेचा) को बेचा है। मैसर्स वेक्टर ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड, दोनों एक ही समूह या कंपनियों के समूह से संबंधित हैं।

मैसर्स वेक्टर ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया गया और इसे कॉर्पोरेट इकाई के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा ताकि बीटूसी (बिजनेस टू कस्टमर यानी मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड से खुदरा ग्राहक) लेनदेन को बीटूबी (मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड से वेक्टर ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड) और फिर बीटूबी (वेक्टर ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड से खुदरा ग्राहक) में विभाजित किया जा सके।

# 'टैक्स के नाम पर हो रहा अत्याचार'

बंगलूरू, 23 जुलाई (एजेंसियां)। कर्नाटक में छोटे और सूक्ष्म व्यापारियों को जीएसटी नोटिस भेजे जाने पर सियासी घमासान तेज हो गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने राजस्व लक्ष्य तय करके वाणिज्य कर विभाग पर दबाव बनाया, जिससे छोटे व्यापारियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। विजयेंद्र ने इन नोटिसों को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

विजयेंद्र ने कहा कि राज्यभर में छोटे व्यापारियों को उनके यूपीआई लेन-देन के आधार पर जीएसटी नोटिस थमाए जा रहे हैं। इससे व्यापारी समुदाय में भारी चिंता फैल गई है। कई व्यापारी संगठनों ने इस फैसले का विरोध करते हुए 25 जुलाई को राज्यव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। भाजपा ने भी इस आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की है। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने खुद यह बयान दिया था कि कर्नाटक को जीएसटी संग्रहण में महाराष्ट्र से आगे निकलना है। इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाकर छोटे व्यापारियों को बिना उचित जांच के 18 प्रतिशत टैक्स स्लैब के नोटिस भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूध और दही बेचने वाले जैसे छोटे विक्रेताओं को भी नोटिस भेजे गए हैं। विजयेंद्र का कहना है कि राज्य सरकार के पास पैसे नहीं हैं, इसलिए अधिकारियों को लक्ष्य देकर किसी भी तरीके से टैक्स वसूली के लिए कहा जा रहा है।




## अस्पताल में महिला रिसेप्शनिस्ट से मारपीट आरोपी गिरफ्तार

ठाणे, 23 जुलाई (एजेंसियां)। पुलिस ने ठाणे जिले के कल्याण इलाके के अस्पताल में महिला रिसेप्शनिस्ट के साथ मारपीट के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि महिला ने उसे बिना अपॉइंटमेंट के डॉक्टर के कमरे में जाने से रोक दिया था, जिससे गुस्साए व्यक्ति ने उस पर हमला कर दिया। यह घटना बच्चों के निजी अस्पताल में हुई थी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। आरोपी बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वह रिसेप्शनिस्ट को लात मारता है। इसके बाद महिला के बाल पकड़कर अस्पताल के रिसेप्शन फ्लोर पर घसीटता है।

# भागवत बोले- इतिहास पश्चिमी दृष्टिकोण से लिखा गया

### उनकी किताबों में चीन-जापान मिलेंगे, भारत नहीं; लोगों में तीसरे विश्वयुद्ध का डर



नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने पाठ्यक्रमों में बदलाव की बात का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत को सही रूप में समझने और प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। भागवत ने कहा- आज जो इतिहास पढ़ाया जाता है, वह पश्चिमी दृष्टिकोण से लिखा गया है। उनके विचारों में भारत का कोई अस्तित्व नहीं है। विश्व मानचित्र पर भारत दिखता है, लेकिन उनकी सोच में नहीं। उनकी किताबों में चीन और जापान मिलेंगे, भारत नहीं। आरएसएस चीफ ने कहा, 'पहले विश्व युद्ध के बाद शांति की बातें की गईं, किताबें लिखी गईं और राष्ट्र संघ बना, लेकिन दूसरा विश्व युद्ध हुआ। फिर संयुक्त राष्ट्र बना, लेकिन आज भी लोग चिंतित हैं कि कहीं तीसरा विश्व युद्ध न हो जाए। संघ प्रमुख दिल्ली में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) और अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास के कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने कहा- दुनिया को अब एक नई दिशा की जरूरत है और यह दिशा भारतीयता से ही मिलेगी।

**दुनिया भारत की ओर उम्मीद से देख रही**

भागवत ने कहा- भौतिकवाद के कारण पूरी दुनिया में अशांति, असंतोष और संघर्ष बढ़ा है। पिछले 2 हजार सालों में पश्चिमी विचारों के आधार पर इंसान को सुखी और संतुष्ट बनाने की कोशिशें नाकाम रहीं। अब दुनिया भारत की ओर उम्मीद से देख रही है। भागवत ने कहा- विज्ञान और आर्थिक क्षेत्र में तरक्की से लोगों के जीवन में भौतिक सुविधाएं बढ़ीं, लेकिन दुख कम नहीं हुए। विलासिता की वस्तुएं आईं, पर मानसिक पीड़ा दूर नहीं हुई। गरीबी और शोषण बढ़ा और गरीब-अमीर के बीच की खाई और चौड़ी हो गई है।

**भारतीयता सिर्फ नागरिकता नहीं**

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत का मतलब केवल किसी भौगोलिक सीमा में रहना या नागरिकता पाना नहीं है। भारतीयता एक दृष्टिकोण है, जो पूरे जीवन के कल्याण की सोच रखता है। धर्म पर आधारित यह दृष्टिकोण चार पुरुषार्थों – धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को जीवन का हिस्सा मानता है। इनमें मोक्ष अंतिम लक्ष्य है।

**भारत कभी सबसे समृद्ध राष्ट्र था**

भागवत ने कहा कि धर्म की इसी जीवनदृष्टि के चलते भारत कभी दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट्र था। आज भी पूरी दुनिया उम्मीद करती है कि भारत उसे रास्ता दिखाएगा। इसलिए हमें खुद को और अपने राष्ट्र को तैयार करना होगा। शुरुआत खुद से और अपने परिवार से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को आत्ममंथन करना चाहिए कि क्या वे अपने दैनिक जीवन में भारतीय दृष्टिकोण का पालन कर रहे हैं या नहीं। उन्होंने सुधार और बदलाव के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

# अमृतसर में पुलिस-बीएसएफ का ज्वाइंट आपरेशन

### चार हथियार तस्कर गिरफ्तार, गैंगस्टरों को करते थे डिलीवरी

अमृतसर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। नशा व हथियार तस्करों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत अमृतसर जिला देहाती पुलिस ने बीएसएफ के साथ मिलकर एक ज्वाइंट आपरेशन के दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के नाम लखविंदर सिंह और हरप्रीत सिंह निवासी डांडे, अमृतसर, आकाशदीप सिंह और गुरप्रीत सिंह निवासी कसेल, तरनतारन है। इन आरोपियों से पुलिस ने आठ पिस्तौल (5 पिस्तौल .30 कैलिबर और 3 पिस्तौल 9 मिमी कैलिबर) और मैगजीन बरामद किए है। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि सूचना मिली थी कि पाकिस्तानी तस्करों की ओर से बार्डर के इस पार हथियारों की एक खेप भेजी गई है। इसके बाद पुलिस की टीम ने बीएसएफ के साथ मिलकर ज्वाइंट आपरेशन चलाया। हथियारों की खेप को उक्त आरोपियों की ओर से प्राप्त किया गया था। आरोपी इसे राज्य के अलग-अलग जिलों में गैंगस्टरों को डिलीवर करने वाले थे। मगर इससे पहले ही ट्रैप लगाकर आरोपियों को पकड़ लिया गया और इनसे हथियार बरामद किए गए। शुरुआती जांच में पता चला है कि चारों आरोपी कुख्यात अपराधी हैं और लंबे समय से हथियारों व नशे की तस्करी में शामिल हैं।

# भाषा विवाद पर राज्यपाल राधाकृष्णन ने जताई चिंता

## कहा- भाषाई नफरत से राज्य को होगा नुकसान



मुंबई, 23 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में छिड़े भाषा विवाद पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भाषाई नफरत से राज्य को नुकसान होगा। साथ ही उद्योग और निवेश पर भी असर पड़ेगा। इससे दूर रहने की जरूरत है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर एक कॉफी टेबल बुक के विमोचन के अवसर पर राधाकृष्णन ने पूछा कि यदि आप आएं और मुझे पीटें, तो क्या मैं तुरंत मराठी में बात कर सकता हूं? अगर इस तरह की नफरत फैलाई गई तो राज्य में कोई उद्योग और निवेश नहीं आएगा। लंबे समय में हम राज्य को नुकसान पहुंचा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि जब वह तमिलनाडु में सांसद थे तो उन्होंने एक समूह को दूसरे समूह की पिटाई करते देखा क्योंकि वे तमिल में बात नहीं कर रहे थे। मैं हिंदी नहीं समझ पाता और यह मेरे लिए एक बाधा है।

हमें अधिक से अधिक भाषाएं सीखनी चाहिए और हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व भी होना चाहिए। राज्यपाल की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवसेना विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा कि राज्य में कोई भाषाई द्वेष नहीं है और राजनीतिक टिप्पणी करने की कोई जरूरत नहीं है।

**क्या है महाराष्ट्र में भाषा विवाद**

अप्रैल में महाराष्ट्र सरकार ने आदेश दिया था कि पहली से पांचवीं कक्षा तक हिंदी पढ़ाना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार के इस फैसले के बाद प्र-मराठी संगठनों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। साथ ही सरकार पर इस नीति के तहत जबरदस्ती हिंदी थोपने का आरोप लगाया। हालांकि बाद में सरकार ने आदेश में बदलाव करते हुए कहा कि हिंदी तीसरी भाषा होगी,

लेकिन छात्र तभी दूसरी भाषा चुन सकते हैं जब 20 से ज्यादा बच्चे एक साथ आवेदन दें, जो शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, असंभव है। इसके बाद मुंबई में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने गैर-मराठी लोगों पर हमले किए। मुंबई में एक दुकानदार को मारा, क्योंकि उसने मराठी नहीं बोली और राज ठाकरे की आलोचना की। इसी तरह का एक मामला पुणे में भी हुआ, जहां एक व्यक्ति को पीटा गया।

# भोपाल लव जिहाद केस

### गिरोह के सरगना फरहान और साहिल के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में आरोप तय, अब सजा से बचना मुश्किल

भोपाल, 23 जुलाई (एजेंसियां)। राजधानी भोपाल के एक निजी कॉलेज की छात्राओं को दोस्ती के नाम पर जाल में फंसाकर दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और जबरन धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के संगीन मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। इस पूरे मामले के मास्टरमाइंड फरहान और उसके साथी साहिल के खिलाफ भोपाल जिला अदालत ने पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप तय कर दिए हैं।

आरोपियों पर एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने और उसका अश्लील वीडियो बनाकर धमकाने का आरोप है। अदालत में पेश चालान के अनुसार, पीड़िता ने अपनी नाबालिग बहन को आरोपियों से बचाने के लिए इंदौर भेजा था। इसके बावजूद फरहान इंदौर पहुंच गया और किराए के कमरे में घुसकर उसके साथ मारपीट और दुष्कर्म किया। मामले की जांच में यह भी सामने आया कि फरहान पीड़िता से प्रेम-प्रसंग का नाटक कर उसे अपने साथ रखने और धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रहा था। जब पीड़िता ने विरोध किया, तो उसे और उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी गई।

इंदौर में हुई घटना की शिकायत पीड़िता की नाबालिग बहन ने पुलिस से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद वह भोपाल में अपनी बड़ी बहन के पास आई और दोनों बहनों ने अप्रैल 2025 में इस पूरे मामले में एफआईआर दर्ज कराई। इसी के बाद फरहान और उसके गिरोह के अन्य सदस्यों के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मामले सामने आए।

# केदारनाथ धाम के दर्शन होंगे आसान

### 11 किलोमीटर कम होगा पैदल रूट 7 किमी लंबी सुरंग का प्लान



देहरादून, 23 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में भोले बाबा के दर्शन के लिए भक्त बड़ी संख्या में आते हैं। इसे देखते हुए और साल 2013 और जुलाई 2024 की त्रासदी से सबक लेते हुए केंद्र सराकर मंदिर तक जाने के लिए नया और सुरक्षित रास्ता बनाएगी। नया और सुरक्षित रास्ता बनाने की योजना पर काम शुरू किया जा चुका है। सब कुछ सही रहा तो आने वाले चार-पांच साल में केदारनाथ मंदिर तक जाने के दो रास्ते भक्तों को मिल जाएंगे। इनमें से एक रास्ते से भक्त हर मौसम में मंदिर तक सीधे पहुंच सकेंगे। इसके लिए पहाड़ पर सात किलोमीटर लंबी टनल बनाई जाएगी। इस पर केंद्रीय सड़क एंव परिवाहन मंत्रालय विचार कर रहा है। इतना ही नहीं टनल बनाने के लिए मंत्रालय ने पहाड़ पर कंसल्टेंट के जरिये शुरुआती सर्वेक्षण करा लिया है। राज्य में 6562 फीट ऊपर जो कालीमठ घाटी का आखिरी गांव चौमासी है, वहां से केदारनाथ मंदिर से पांच किमी पहले पड़ने वाले पड़ाव लिंचोली (10 हजार फीट) तक टनल बनाने की योजना है।

अभी गौरीकुंड से रामबाड़ा-लिंचोली होते हुए केदारनाथ थाम तक जो पैदल रास्ता है वो 16 किलोमीटर है। टनल बनने के बाद ये रास्ता सिर्फ पांच किलोमीटर ही रह जाएगा। यानी पैदल रूट 11 किलोमीटर कम हो जाएगा। चौमासी तक पक्की सड़क से जाया जा सकता है। इसके बाद टनल होगी। फिर लिंगचोली से मंदिर तक पांच किलोमीटर तक पैदल जाना होगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग उत्तराखंड के चीफ इंजीनियर के अनुसार, कंसल्टेंट की ओर से टनल की ड्राइंग कर दी गई है। केंद्रीय अधिकारियों की एक टीम की ओर से इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। बता दें कि गुप्तकाशी से कालीमठ का रास्ता कटता है। पांच सदस्यीय टीम ने पिछले साल सितंबर में चौमासी-खाम बुग्याल-केदारनाथ रूट का सर्वे किया था। उस समय टीम ने इस पूरे रूट पर कहीं भी भूस्खलन जोन न होने की बात कही थी।

# किरण खेर पर 13 लाख का लाइसेंस फीस बकाया

### चंडीगढ़ प्रशासन ने भेजा नोटिस

चंडीगढ़, 23 जुलाई (एजेंसियां)। चंडीगढ़ से बीजेपी की पूर्व सांसद किरण खेर को सेक्टर 7 में अलॉट किए गए मकान में लाइसेंस फीस के तौर पर करीब 13 लाख रुपए का बकाया है। बीजेपी नेता को असिस्टेंट कंट्रोलर (एफएंडए) रेंट्स की ओर से उनके सेक्टर 8-ए स्थित कोठी नंबर 65 पर 24 जून 2025 को इसे लेकर नोटिस भेजा गया है।

नोटिस में उन्हें जल्द पैसा जमा कराने को कहा गया है, बकाया पैसा जमा नहीं करने पर कुल बकाया राशि पर 12 फीसदी ब्याज भी लगेगा। चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से पूर्व सांसद



को 12,76,418 रुपए का नोटिस भेजा गया है। यह राशि सेक्टर-7 में स्थित सरकारी मकान टी-6/23 के बकाया लाइसेंस शुल्क (किराया) और जुर्माने की है, जिसमें कुछ हिस्सों पर 100% और 200% तक का जुर्माना लगाया गया है।

# एसआईआर के खिलाफ नीतीश के सांसद का फूटा गुस्सा

### कहा- 'सच्चाई ही न कह पाया तो क्यों बना एमपी'

नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार में मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर) को लेकर सियासी तूफान जारी है। नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के सांसद गिरधारी यादव ने चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने अपनी ही पार्टी लाइन के खिलाफ बयान देते हुए कहा, चुनाव आयोग को व्यावहारिक ज्ञान नहीं है। उसे न तो बिहार का इतिहास पता है और न ही भूगोल।

मुझे सारे दस्तावेज इकट्ठा करने में 10 दिन लग गए। मेरा बेटा अमेरिका में रहता है। वो एक महीने में दस्तखत कैसे कर देगा? ये (एसआईआर) हम पर जबरदस्ती थोपा गया है। इसके लिए कम से कम 6 महीने का समय दिया जाना चाहिए था। उन्होंने आगे कहा, मैं अपनी



निजी राय दे रहा हूं। पार्टी क्या कह रही है, इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता। ये सच है। अगर मैं सच नहीं बोल सकता, तो सांसद क्यों बना हूं?

कौन हैं सांसद गिरधारी यादव?

गिरिधारी यादव बिहार के जाने माने नेता हैं। वह बिहार के सीएम नीतीश कुमार के करीबी माना जाते रहे हैं। गिरधारी यादव बांका संसदीय क्षेत्र से चुनकर आए हैं। उन्होंने 2019 में भी इसी सीट से जीत दर्ज की थी। जेडीयू से पहले वह राजद में रहकर बिहार विधानसभा के सदस्य रहे। गिरिधारी यादव चार बार लोकसभा और चार बार बिहार विधानसभा के लिए चुने गए। गिरिधारी यादव ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस के साथ की और बाद में जनता दल का हिस्सा बने। 1995 में उन्होंने कटोरिया सीट से पहली बार विधानसभा चुनाव जीता। इसके बाद 11वीं लोकसभा में बांका से सांसद बने। 1997 में जनता दल के विभाजन के बाद वह राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) में शामिल हुए और उन 17 सांसदों में थे जो इस नई पार्टी का हिस्सा बने। हालांकि, अगले लोकसभा चुनाव में उन्हें शिकस्त मिली। साल 2000 के बिहार विधानसभा चुनाव में गिरिधारी यादव ने फिर से विधायक का चुनाव जीता। 2004 में वह दोबारा लोकसभा पहुंचे।

2010 में उन्होंने आरजेडी छोड़कर जेडीयू का दामन थामा और उसी साल बेलहर से तीसरी बार विधायक चुने गए। 2015 में वह चौथी बार बेलहर से विधायक बने।

1996 में पहली बार सांसद बनने के बाद, उन्होंने 2004 में दूसरी बार लोकसभा सीट हासिल जीती थी। गिरिधारी यादव ने बिहार के भागलपुर विश्वविद्यालय से पढ़ाई की है। इन्होंने वित्त संबंधी स्थायी समिति के सदस्य के रूप में भी काम किया है।


### कृषि विभाग का अधिकारी निकला धनकुबेर

## घर से बेहिसाब सोने के आभूषण और नकदी मिली, छापेमारी में खुली पोल

बेंगलुरु, 23 जुलाई (एजेंसियां)। कर्नाटक से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 8 सरकारी कर्मचारियों पर कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस ने छापा मारा है। बेंगलुरु के अलावा मैसुरु, कलबुर्गी, कोप्पल और मडिकेरी में कार्यवाही चल रही है। इस दौरान कृषि विभाग के एक अधिकारी के पास से बेहिसाब सोने के आभूषण और नकदी पाई गई है। कृषि विभाग में असिटेंट डायरेक्टर के पद पर काम करने वाले एक अधिकारी के घर से बेहिसाब सोने के आभूषण और नकदी पाई गई है। अभी ये नहीं पता लगा कि इस संपत्ति का बाजार मूल्य क्या है लेकिन जो तस्वीर सामने आई है, उसे देखकर लगता है कि इस ज्वैलरी की कीमत काफी अधिक है। जुलाई महीने की शुरुआत में ही ओडिशा में एक एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के ठिकानों पर विजिलेंस विभाग के अधिकारियों ने छापा मारा था, जिसमें बेहिसाब पैसा और संपत्ति मिली थी। हाल ये था कि बेड के नीचे लॉकर में भी कैश रखा हुआ था, जबकि कई जगहों पर जमीन और मकान का पता चला था। छापे के दौरान इस अधिकारी के पास से संबलपुर वाले मकान में बेड के नीचे एक लॉकर में छुपाकर रखे गए6,57,500 रुपए कैश मिले थे। 4500 स्क्वेयर फीट का दो मंजिला मकान जिसमें नीचे की मंजिल पर अधिकारी की पत्नी द्वारा संचालित ब्यूटी पार्लर मिला था। ब्रजराजनगर यूनिट-2 में 6300 स्क्वेयर फीट का एक और दो मंजिला मकान मिला था। लाहांदाबुड़ (झारसुगुड़ा) में दो मकान मिले थे।

# तनुश्री दत्ता के फूट-फूट कर रोने वाले वीडियो पर नीलम गोरे का बड़ा बयान- महिलाओं को परेशान किया जा रहा है





मुंबई, 23 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरे ने अभिनेत्री तनुश्री दत्ता के वायरल वीडियो पर गंभीर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा का मामला बेहद गंभीर है और देश के कई हिस्सों में ऐसी घटनाएं हो रही हैं, कहीं महिलाओं को कुकर में पकाया जा रहा है।

सिर्फ वीडियो देखकर इसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जाना चाहिए, पुलिस इस पर निश्चित ही स्वतः संज्ञान लेगी। उन्होंने कहा कि हमारे पास इस संबंध में कानून हैं, महाराष्ट्र में फैमिली कोर्ट भी मौजूद है। मैं राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) से अपील करूंगी कि वे इस वीडियो की जांच करें और तनुश्री दत्ता को राहत दें। मैं राज्य महिला आयोग से भी इस विषय पर बात करूंगी।

22 जुलाई को तनुश्री दत्ता ने एक वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। वीडियो में वह फूट-फूट कर रोती दिखीं और कहा कि उन्हें 2018 से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "मैं इस उत्पीड़न से तंग आ चुकी हूं।।। मैंने पुलिस को बुलाया है।" तनुश्री ने यह भी आरोप लगाया कि उनके घर में नौकरानियों के माध्यम से परेशान किया जा रहा है

और उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही है। तनुश्री के मामले के साथ ही नीलम गोरे ने ठाणे के कल्याण में एक निजी अस्पताल की रिसेप्शनिस्ट से मारपीट की घटना को भी शर्मनाक बताया।

उन्होंने कहा कि मरीज के परिजनों द्वारा महिला कर्मचारी के साथ की गई हिंसा निंदनीय है। इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन उसकी जमानत रद्द होनी चाहिए। इस सिलसिले में उन्होंने महाराष्ट्र के डीजीपी और ठाणे पुलिस कमिश्नर से बात की है।

# गुजरात के व्यापारी का 4.80करोड़ का सोना लेकर ड्राइवर फरार

इंदौर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। छत्रीपुरा इलाके में एक होटल के बाहर से गुजरात के व्यापारी का करोड़ों का सोना लेकर उनका ड्राइवर फरार हो गया। घटना के करीब 12 दिन बाद मंगलवार को क्राइम ब्रांच ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देर रात आरोपी की तलाश में शहर और आसपास के इलाकों में छापे मारे गए। गुजरात के अहमदाबाद निवासी व्यापारी धर्मेंद्र भाई ने इंदौर क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि उनका ड्राइवर मसरू रबारी निवासी बनासकांठा (गुजरात) 4 किलो 800 ग्राम सोना लेकर फरार हो गया है। व्यापारी की अहमदाबाद में अंकित गोल्ड ज्वेलरी नाम से दुकान है। चोरी हुए सोने की कीमत 4 करोड़ 80 लाख रुपए बताई जा रही है। धर्मेंद्र भाई ने बताया कि 8 जुलाई को उनके कर्मचारी सौरभ ने ड्राइवर मसरू रबारी के साथ कार में जेवर लेकर अहमदाबाद से इंदौर के लिए सफर शुरू किया। उन्हें इंदौर के सोना-चांदी व्यापारियों को जेवर दिखाने थे। सौरभ ने रास्ते में लुनावाड़ा और संतरामपुर में व्यापारियों को माल दिखाया और फिर झाबुआ होते हुए देर शाम इंदौर पहुंचे। इंदौर में गंगवाल बस स्टैंड के पास स्थित होटल शिवानी में रात रुकने का फैसला किया गया। कीमती जेवर होने के कारण ड्राइवर को गाड़ी के पास ही रुकने को कहा गया, जबकि कर्मचारी सौरभ शेविंग के लिए चला गया। लौटकर आने पर देखा कि ड्राइवर गायब है। कॉल करने पर ड्राइवर का मोबाइल बंद मिला। ड्राइवर के गायब होने की सूचना कर्मचारी सौरभ ने तुरंत मालिक धर्मेंद्र भाई को दी।

इसके बाद व्यापारी ने स्थानीय पुलिस को जानकारी दी। करीब 12 दिन तक अपने स्तर पर तलाश करने के बाद मंगलवार को व्यापारी क्राइम ब्रांच पहुंचे और केस दर्ज कराया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी ड्राइवर मसरू रबारी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। क्राइम ब्रांच की टीम फुटेज और ड्राइवर के फोटो के आधार पर उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस को कुछ सुराग भी मिले हैं और भरोसा भी दिला जा रहा है कि आरोपी जल्द पकड़ा जाएगा।

## 'पति ने बेडरूम और बाथरूम में खुफिया कैमरा लगाया' महिला अधिकारी का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

मुंबई, 23 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र से एक काफी हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला अधिकारी ने अपने पति पर बेडरूम और बाथरूम में निजी पलों को रिकॉर्ड करने के लिए खुफिया कैमरे लगाने का आरोप लगाया है। महिला अधिकारी का आरोप है कि उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित भी किया गया है। जानकारी के मुताबिक, महिला महिला का पति भी सरकारी कर्मचारी है। अब पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 3 मकान, 2 फ्लैट, सोने-चांदी के गहने ट्राइबल विभाग का डिप्टी कमिश्नर कैसे बन गया अरबपति?

जबलपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के जबलपुर में आदिम जाति कल्याण विभाग के डिप्टी कमिश्नर जगदीश सर्वटे के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की 50 से अधिक सदस्यों की टीम ने छापा मारा। ये छापेमारी उनके जबलपुर, भोपाल और सागर स्थित अलग-अलग ठिकानों पर हुई। उन पर ये एक्शन आय से ज्यादा संपत्ति अर्जित करने की शिकायत पर लिया गया। जहां जांच में लगभग 5 करोड़ 90 लाख रुपए की अनुपातहीन संपत्ति यानी आय से ज्यादा संपत्ति का खुलासा हुआ। इसके साथ ही लाखों रुपए की महंगी शराब भी जब्त हुई है। अब ईओडब्ल्यू की टीम घर से मिले दस्तावेज, लॉकर और बैंक डिटेल की भी जांच कर रही है। सोमवार को सुबह सुबह डिप्टी कमिश्नर जगदीश सर्वटे के तीन ठिकानों पर पड़े ईओडब्ल्यू की टीम के छापे की कार्रवाई करीब 22 घंटे चली। इस कार्रवाई के दौरान ईओडब्ल्यू की टीम को जबलपुर में सर्वटे के नाम पर करीब सवा 3 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति मिली है। जबलपुर के अधारताल क्षेत्र में स्थित उनका 3300 वर्ग फीट में बना लगभग 1.50 करोड़ रुपए की कीमत का आलीशान पैतृक मकान भी जांच में सामने आया। वहीं उनके भाई राजा सर्वटे के नाम पर भी 6.50 लाख



रुपए के प्लॉट का दस्तावेज भी मिला। इसके साथ ही भोपाल के बाग मुगलिया क्षेत्र में 35 लाख रुपए से अधिक के दो मकान और एक फ्लैट, होशंगाबाद रोड पर भी एक फ्लैट मिला है। सागर में भी संपत्ति से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए हैं, जिनका मूल्यांकन चल रहा है।

**मां के नाम पर 10 अचल संपत्तियां**

सर्वटे की मां के नाम पर 10 अचल संपत्तियों की जानकारी सामने आई है। उनका भी मूल्यांकन कर किया जा रहा है। वहीं घर की तलाशी के दौरान सर्वटे के भोपाल स्थित आवास से डेढ़ लाख रुपये की कीमत की 56 शराब की बोतलें, 10 लाख नगद और लॉकर से 16 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद किए गए हैं। यही नहीं बीमा कंपनियों में उनके निवेश के दस्तावेज भी मिले। इसके साथ ही अन्य लॉकरों की भी जांच की जा रही है। ईओडब्ल्यू ने जांच के लिए तीन अलग-अलग टीमें बनाई हैं, जो जबलपुर, भोपाल और सागर में अभी भी सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। आय से अधिक संपत्ति मामले में जगदीश सर्वटे के खिलाफ जल्द ही ईओडब्ल्यू की टीम आपराधिक मामला दर्ज करेगी और कार्रवाई की जाएगी। अभी 50 से ज्यादा सदस्यों की टीम ने छापेमारी की।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 24 जुलाई, 2025


सु वि चा र

जिसमें सच बोलने की हिम्मत होती है सबसे, अधिक नफरत का, पात्र वही बनता है

# पिछड़ी जातियों के आरक्षण पर भाजपा भावनात्मक राजनीति कर रही है : मुख्यमंत्री रेवंत

नई दिल्ली, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बुधवार को कहा कि पिछड़ी जातियों को 42 प्रतिशत आरक्षण देने वाला विधेयक उनकी सरकार द्वारा जाति जनगणना सर्वेक्षण के आधार पर तैयार किया गया है। दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राष्ट्रपति की मंज़ूरी के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि वे इस विधेयक को पारित कराने के लिए केंद्र में विपक्षी दलों के गठबंधन के नेताओं से भी समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। रेवंत रेड्डी ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सितंबर के अंत तक तेलंगाना में स्थानीय निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया था। उन्होंने कहा, "अगर केंद्र आरक्षण विधेयक जल्दी पारित कर देता है, तो उच्च न्यायालय के आदेशानुसार स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाएँगे।" इस मुद्दे पर प्रतिद्वंद्वी भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व इस मुद्दे पर दोहरा रवैया अपना रहा है। उन्होंने कहा, "राज्य के भाजपा नेताओं ने तेलंगाना विधानसभा में 42 प्रतिशत आरक्षण विधेयक का समर्थन किया था और अब कुछ और ही बात कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी और बंडी संजय का कहना है कि कुल आरक्षण में से मुसलमानों का प्रतिशत हटा दिया जाना चाहिए। क्या भाजपा शासित राज्यों के लिए एक न्याय होगा और तेलंगाना के लिए दूसरा? भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में मुस्लिम आरक्षण क्यों नहीं हटाया जा रहा है? भाजपा नेताओं को संबंधित राज्यों में मुस्लिम आरक्षण हटाने के बाद ही तेलंगाना के बारे में बात करनी चाहिए।" उन्होंने स्पष्ट किया कि वे जो आरक्षण देना चाहते हैं, उसमें धर्म का कोई उल्लेख नहीं है।



मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जाति जनगणना सर्वेक्षण में लोगों के व्यक्तिगत विवरण का खुलासा नहीं किया गया था और कहा कि 3.99 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे किसी भी जाति से संबंधित नहीं हैं। "हम स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति द्वारा दी गई रिपोर्ट का पालन कर रहे हैं। हम आगे बढ़ रहे हैं। केवल वे लोग, जो पिछड़े वर्ग के आरक्षण को रोकने की साजिश रच रहे हैं, संदेह पैदा कर रहे हैं। अगर कोई नेता जाति जनगणना सर्वेक्षण के आंकड़े चाहता है, तो हम उसे संबंधित दलों और विधानसभा में पेश करेंगे। हमारे द्वारा दिए जाने वाले आरक्षण में धर्म का कोई ज़िक्र नहीं है। भाजपा एक बार फिर मुसलमानों के नाम पर भावनात्मक राजनीति करने की कोशिश कर रही है। तीन किसान विरोधी कानूनों के मामले में क्या हुआ। यह सबने देखा है। हम किसान कानूनों को निरस्त करने की भावना से पिछड़े वर्ग के आरक्षण अधिनियम को पारित कराने के लिए लड़ेंगे।," मुख्यमंत्री ने मांग की कि वरिष्ठ भाजपा नेता बंडारू दत्तात्रेय, जो पिछड़े वर्ग से हैं, को भारत का अगला उपराष्ट्रपति बनाया जाना चाहिए।

## नाबालिग से मारपीट के आरोप में मामला दर्ज

कोत्तागुडेम, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के बर्गमपाडु मंडल के ओल्ड सरपाका में एक व्यक्ति पर अपनी नाबालिग बेटी पर कथित तौर पर हमला करने और उसे लात मारकर आतंकित करने का मामला दर्ज किया गया है। यह घटना तब सामने आई जब बच्ची की माँ ने चाइल्डलाइन-1098 हेल्पलाइन पर डायल करके दुर्व्यवहार की सूचना दी। आरोपी मिरियाला रमेश इलाके में आईटीसी पेपर बोर्ड्स में काम करता है। शिकायत के बाद, स्थानीय एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) पर्यवेक्षक सक्कुबाई ने बुर्गम्पाडु पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। रमेश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जाँच जारी है।

## किशोरी और युवक ने कर ली आत्महत्या

खम्मम, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार रात को कामेपल्ली मंडल के पंडितपुरम गांव में अलग-अलग लेकिन आपस में जुड़ी घटनाओं में एक किशोरी और एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, गदिपल्ली श्रीकांत (24) का शव गाँव के बाहरी इलाके में एक खेत में लटका हुआ मिला। कुछ ही देर बाद, श्रीकांत के घर के बगल वाले घर में रहने वाली 19 वर्षीय बंदी हरिका ने भी अपने घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली, जब उसके परिवार के सदस्य घर से बाहर गए हुए थे।

पुलिस को शक है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग के चलते उनकी मौत हुई होगी। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए खम्मम के सरकारी सामान्य अस्पताल ले जाया गया और बाद में बुधवार को उनके परिवारों को सौंप दिया गया। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

## कार और ट्रक में टक्कर, एक की मौत, चार घायल

करीमनगर, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को थिम्मापुर मंडल में रेनिगुंटा टोल प्लाजा के पास राजीव राहदारी पर एक कार के खड़ी लॉरी से टकरा जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब हैदराबाद से गंगाधारा जा रही एक तेज़ रफ़्तार कार ने खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। मन्ने राघव (22) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोरकुरी राजेश, मोरकुरी लक्ष्मी और मोरकुरी स्नेहा घायल हो गए। कार चालक लंगरू लोकेश को मामूली चोटें आईं। घायलों को करीमनगर जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने घटनास्थल का दौरा कर मामला दर्ज कर लिया है। जाँच जारी है।

## मछली पकड़ते समय एलएमडी में दो लोग डूबे

करीमनगर, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। थिम्मापुर मंडल के अलुगुनूर के पास लोअर मनैर बांध (एलएमडी) में बुधवार को दो व्यक्ति डूब गए। करीमनगर कस्बे के निवासी सैयद फिरोज (52) और उनके भतीजे रिजवान (20) मछली पकड़ने के लिए जलाशय में गए थे। बताया जा रहा है कि रिजवान फिसलकर पानी में गिर गया। फिरोज उसे बचाने के लिए पानी में कूद गया, लेकिन दोनों डूब गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। सूचना मिलने पर एलएमडी पुलिस मौके पर पहुँची और शवों को बाहर निकाला। एलएमडी के सीआई जी सदन कुमार और एसआई श्रीकांत गौड़ ने घटनास्थल का दौरा किया और प्रारंभिक जाँच की। पुलिस ने परिवार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल भेज दिया गया है।

जय श्री राम : श्री गणेशाय नमः : (स्थापना: दि. 13.01.2010) जय श्री राम
आज गुरुवार दिनांक 24-07-2025 को
हरियाली अमावस्या
स्नान दान श्राद्ध अमावस्या
यादेवी श्री आईजी गौशाला
शुभस्थल : एन एच 44, मेडचल रोड, कल्लाकल।
गौशाला प्रांगण में भोजन प्रसादी एवं भजनों का कार्यक्रम रहेगा।
गौशाला में चारा भेट करने वाले गौ भक्तों का दोपहर 1:00 बजे सम्मान किया जाएगा
गौशाला प्रांगण में पधार कर दान पुण्य कर दर्शन, पूजा, सेवा का लाभ लेवे।
सम्पर्क : नारायणलाल : 8712311785 , सिरवि वी ताराराम पंवार : 9246368842
Gpay / phone pay : 9246368842
CHOUDHARY BROTHERS
HNo : 1-307, NH 44, OPP BUS DEPOT, MEDCHAL
SOHANLAL : 9032160794
BEAUTIFUL HOMES

श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर गौशाला
आज गुरुवार, दि. 24 जुलाई 2025, हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर गौसेवा हेतु पधारें
नोट: नव निर्मित गौशाला नंदीशाला में दान कर पुण्य लाभ लें।
हरियाली अमावस्या के अवसर पर सपरिवार पधार कर गौसेवार्थ दान-पुण्य कर धर्म लाभ लेवें
गौशाला के बैंक एकाउंट में भी दान राशि जमा कराकर पुण्य के भागीदार बनें
( SBI A/c Sri Dakshineshwar Kedarnath Mandir Trust)
Scan For Donation
Account No : 44242040133,
IFSC Code : SBIN0001880,
MICR Code: 500002029
E mail : nayal1970@gmail.com
Phone: 9849702915
निवेदक : श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GB GOPAL BALDAWA GROUP

विश्व मंगल गौशाला
सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद (तेलंगाना)
सस्नेह निमंत्रण
आज गुरुवार 24 जुलाई 2025 प्रातः 11 बजे से
हरियाली अमावस्या
शुभ स्थल : विश्व मंगल गौशाला सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद
गौ-माता पूजन * भजन * भोजन प्रसादी
सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर गौसेवा, दान, पुण्य के भागीदार बनें। सभी धर्मप्रेमियों, गौ-भक्तों से विनती है कि वे दान-पुण्य का कार्य गूगल-पे/फोन-पे द्वारा भी कर सकते हैं। समय निकालकर सपरिवार अवश्य पधारें।
दूरभाष : 9346917593
Bank Details : GOU GRAM VIKAS SEVA SAMITHI
A/c No. 50200063938688 | IFSC : HDFC0009429
HDFC Bank, Kanajiguda Branch

श्री गोपाल गौशाला
संत विनोबानगर, रामदास पल्ली के पास, सागर रोड, इब्राहिमपटनम
आज गुरुवार, 24 जुलाई 2025 को हरियाली अमावस्या है।
अमावस्या के उपलक्ष्य में सभी गौ प्रेमियों से विनम्र अनुरोध है कि गौसेवा कर पुण्य के भागी बनें और हमें सहयोग राशी इन बैंक खाते में जमा करा सकते है।
प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।
विशेष सेवा : गौभक्त अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, अपने पूज्य एवं प्रियजनों की याद में गौशाला में संपूर्ण एक दिन की सेवा हेतु 21,000/- देकर पुण्य एवं शांति का लाभ लेवें।
SRI GOPAL GOSHALA TRUST MAHESH BANK, VANASTHLIPURAM BRANCH, S/A NO. 025001100001224 IFSC CODE : APCM0000025
निवेदक : श्री गोपाल गौशाला ट्रस्ट (रजि.)

|| जय गौ माता ||
नारायणी गौ सेवा सदन में आप सभी गौ भक्तों का स्वागत है
महा रुद्राभिषेक
गुरुवार 24 जुलाई 2025 प्रातः 9:00 बजे रुद्राभिषेक, तत्पश्चात प्रसादी का आयोजन किया गया है।
प्रसादी दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक
नारायणी गौ सेवा सदन
सम्पर्क सूत्र :
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GB GOPAL BALDAWA GROUP

श्री समर्थ कामधेनु गौशाला
श्री सदगुरु समर्थ नारायण आश्रम, शिवबाग, जियागुड़ा, हैदराबाद. फोन : 9296358630, 7013711317
आज गुरुवार दिनांक 24 जुलाई 2025 को हरियाली अमावस्या
"गौ माता की सेवा से आयु, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। पापों का नाश होता है।" गौ-ग्रास सेवा से सुख-शांति, मंगलमय जीवन, सर्व दोष निवारण का लाभ उठाएँ। गौशाला में गौ दान की सुविधा उपलब्ध है।
(For Income Tax Exemptions u/s 80g)
Online गौ सेवा के लिये
SHREE KALPAVRUKSHA KAMDHENU WELFARE TRUST
SBI Bank King koti Branch A/c No. 10015542319 IFSC: SBIN0007054
SHRI SADGURU SAMRATH NARAYAN ASHRAM
SBI PPB, Red Hills A/c No. 20100020864 IFSC: SBIN0002790
PAYTM - 9296358630/GOOGLE PAY/PHONE PAY/7013711317
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GB GOPAL BALDAWA GROUP

NATURES INVALUABLE GIFT
PROTECT AND PRESERVE ALL NATURAL RESOURCES GIFTED BY NATURE.
GLOBAL WARMING IS NOT JUST GLOBAL WARMING IT'S A GLOBAL WARNING
आज अमावस्या पर
आपने प्रकृति द्वारा प्रदान किये गये दुर्लभ व अनमोल ख़ज़ाने की सेवा कर उन्हें नवजीवन तो दिया ही है पर साथ में उनके सुचारु जीवन यापन के लिये सारी सुविधायें जुटाई, जिस कारण अब इन गौवंश की संख्या 6500 को पार कर गयी है। अनेक सुविधाओं के साथ इन्हे आवश्यक उपचार के लिये बुरुजगुड्डा स्थित सत्यम् शिवम् सुंदरम् गौ सेवा केन्द्र मे विशाल माँ सरस्वती पशु चिकित्सालय का निर्माण करवाया। यह हम सारे धर्म प्रेमी-जीवदया प्रेमी-गौ प्रेमी सज्जनों के लिये अति हर्ष का विषय है।
इसी प्रकार पधारकर संभालते रहिये।
सत्यम् शिवम् सुंदरम् गौ निवास
SATYAM SHIVAM SUNDARAM GAUNIVAS

श्री धर्मसाई गौशाला
धर्मगिरी, शमशाबाद, आरआर डिस्ट्रीक तेलंगाना-501218
सस्नेह निमंत्रण
दर्श अमावस्या
आज गुरुवार दिनांक 24 जुलाई 2025 को हरियाली अमावस्या
गौ माता पूजन : सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर गौ सेवा, दान पुण्य के भागीदार बने
C/o Sree Dharmasai Temple, Dharmagiri, Shashabad
SRI DHARMASAI GOW RAKSHA TRUST
AXIS BANK, Shamshabad branch
9440828585
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा

ॐ शिव मंदिर गौशाला पालमाकुल, शमशाबाद
OM SHIV MANDIR GOSHALA
MAHAVEER CO.OP URBAN BANK LTD. Shamsherganj Branch
C/A No. 003103000000072 IFSC CODE: HDFC0CMCUBL
शिव मंदिर गौशाला शमशेरगंज, हैदराबाद
SHIV MANDIR GOSHALA
AP MAHESH BANK CO.OP URBAN BANK LTD. Begum Bazar Branch
C/A No. 002001200018617 IFSC CODE: APCM00002
गौमाता को हरी घास की सेवा कर पुण्य के भागी बने।
आज गुरुवार दिनांक 24 जुलाई 2025 को हरियाली अमावस्या
जो पुरुष गौओं की सेवा करता है और सब प्रकार से उनका अनुगमन करता है, उस पर संतुष्ट होकर गौएँ उसे अत्यंत दुर्लभ वर प्रदान करती है। गौओं के साथ मन से भी कभी द्वेष न करें, उन्हें सदा सुख पहुँचायें, उनका यथोचित सत्कार करें और नमस्कार आदि के द्वारा उनका पूजन करते रहें। जो मनुष्य जितेन्द्रिय और प्रसन्नचित होकर नित्य गौओं की सेवा करता है, वह समृद्धि का भागी होता है।
Digital Donation are accepted on Google Pay/ Phone Pay 9959271866
FOR MORE DETAILS CONTACTS 9849710223, 9848097776, 9247888983, 7989734546
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GB GOPAL BALDAWA GROUP

# आईआरसीटीसी घोटाला

## 5 अगस्त को कोर्ट सुनाएगी फैसला, लालू समेत 14 लोगों पर है आरोप

पटना, 23 जुलाई (एजेंसियां)। आईआरसीटीसी घोटाला मामले में दिल्ली की एक स्थानीय कोर्ट आज आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, रबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप तय करने वाली थी। हालांकि अब यह मामला 5 अगस्त तक टल गया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट इस मामले में अब 5 अगस्त को फैसला सुनाएगी। बता दें कि यह मामला आईआरसीटीसी होटलों के टेंडर में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने जांच एजेंसी और आरोपियों के वकीलों की दैनिक आधार पर दलील सुनने के बाद 29 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।



बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई ने 1 मार्च को पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, पूर्व मंत्री प्रेमचंद गुप्ता और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोपों पर अपनी बहस पूरी कर ली थी। सीबीआई ने इस घोटाले में 14 लोगों को आरोपी बनाया है। सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक ने तर्क दिया था कि आईआरसीटीसी के दो होटलों के रखरखाव ठेकों के आवंटन में आरोपियों की ओर से भ्रष्टाचार की साजिश रची गई थी। सीबीआई ने इसे लेकर कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए उनके पास पर्याप्त सबूत मौजूद हैं।

### क्या है पूरा मामला?

बता दें कि यह पूरा मामला साल 2004 से 2009 के बीच का है, जब लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री थे। लालू पर आरोप है कि आईआरसीटीसी के दो होटलों, बीएनआर रांची और बीएनआर पुरी के रखरखाव का ठेका विजय और विनय कोचर के स्वामित्व वाली एक निजी फर्म सुजाता होटल को दिया गया था। सीबीआई ने आरोप लगाया कि इस सौदे के बदले में लालू प्रसाद यादव को तीन एकड़ की बेशकीमती बेनामी जमीन मिली। इस मामले में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ सीबीआई ने 7 जुलाई 2017 को प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद एजेंसी ने कई स्थानों पर छापेमारी भी की।

## पुलिस का बयान अब एक ही अधिकारी देंगे डीजीपी ने जारी किया आदेश

पटना, 23 जुलाई (एजेंसियां)। पटना में आपराधिक वारदातों से मुख्यमंत्री सचिवालय तक हिला हुआ था, लेकिन मीडिया को दी गई 'हिदायत' पर अब बात इतनी बढ़ गई कि बिहार के डीजीपी को लिखित आदेश जारी करना पड़ा। डीजीपी विनय कुमार ने स्पष्ट आदेश जारी किया है कि अब पुलिस की ओर से एक ही अधिकारी देंगे- एडीजी मुख्यालय, यानी आईपीएस कुंदन कृष्णन। गोपाल खेमका हत्याकांड में पटना के एसएसपी कार्तिकेय शर्मा का मोबाइल सुबह तक ऑफ रहने की जानकारी 'अमर उजाला' ने दी थी। फिर अस्पताल में इलाजरत कुख्यात चंदन मिश्रा की हत्या के बाद भी मीडिया लगातार पुलिस की पोल खोलता रहा।

## सीवान कचहरी में 2 लाख की चोरी

सीवान, 23 जुलाई (एजेंसियां)। सीवान कचहरी परिसर में चोरों ने बीती रात बड़ी वारदात को अंजाम दिया। एसडीओ ऑफिस कैंपस स्थित एक साइबर कैफे और प्रिंटिंग सेंटर से लैपटॉप, नकदी समेत करीब 2 लाख रुपये का सामान चोरी हो गया। चोरों ने एक अधिवक्ता के कार्यालय का ताला भी तोड़ने का प्रयास किया। एक सप्ताह पहले भी इसी परिसर में चोरी हुई थी। इस बार की घटना से व्यापारियों और अधिवक्ताओं में रोष है।

उनका कहना है कि नगर थाना पुलिस की निष्क्रियता से चोरों का मनोबल बढ़ा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात्रि गश्ती व्यवस्था कमजोर है। कई बार शिकायत के बाद भी न तो गश्ती बढ़ाई गई और न ही सीसीटीवी निगरानी मजबूत की गई।

## पटना में पुलिस और जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं में झड़प, प्रशांत किशोर के साथ भी धक्का-मुक्की

पटना, 23 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार के पटना में पुलिस और जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई है। प्रदर्शन के दौरान जब प्रशांत किशोर बिहार विधानसभा की ओर मार्च कर रहे थे तो उनके और बिहार पुलिस के बीच भी धक्का मुक्की हो गई है। बता दें कि जन सुराज के कार्यकर्ता विधानसभा का घेराव करने निकले हैं। जन सुराज पार्टी का तीन महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर मार्च निकाला गया है।

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर बिहार विधानसभा की ओर मार्च का नेतृत्व करते हुए कहते हैं, इसी गर्मी में बिहार के 50 लाख से ज्यादा बच्चे मजदूरी कर रहे हैं और सरकार इस पर ध्यान तक नहीं दे रही है। इसलिए अगर हमें सरकार को जगाना है, तो हमें सड़कों पर उतरना होगा। हम बस जा रहे हैं, और पुलिस जो चाहे कर सकती है। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर बिहार विधानसभा की ओर मार्च का नेतृत्व करते हुए कहते हैं, इसी गर्मी में बिहार के 50 लाख से ज्यादा बच्चे मजदूरी कर रहे हैं और सरकार इस पर ध्यान तक नहीं दे रही है।

इसलिए अगर हमें सरकार को जगाना है, तो हमें सड़कों पर उतरना होगा। हम बस जा रहे हैं, और पुलिस जो चाहे कर सकती है। बता दें कि बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और प्रशांत किशोर अपनी पार्टी को स्थापित करने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। वह लंबे समय से सड़कों पर उतरे हैं और आम आदमी के मुद्दे उठा रहे हैं।

# जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर राकेश टिकैत ने किया बड़ा दावा, लगाए गंभीर आरोप



सहारानपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत का बयान आया है। उन्होंने दावा किया कि धनखड़ का इस्तीफा इसलिए लिया गया क्योंकि उन्होंने किसानों की बात की थी। उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया है। बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि गांव और किसानों की बात करने की वजह से जगदीप धनखड़ से इस्तीफा लिया गया। टिकैत ने आरोप लगाया कि उपराष्ट्रपति ने स्वयं इस्तीफा नहीं दिया बल्कि उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। जिस बीमारी का हवाला दिया गया, उसकी मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए।

टिकैत ने कहा, देश के गांवों में यही चर्चा है कि उन्होंने किसानों की फसल और गांवों की समस्याओं पर आवाज उठाई थी, इसलिए उन्हें हटाया गया। टिकैत ने कहा कि कुछ लोगों का कहना है कि एक ही आदमी था वहां हमारा जो हमारी बात करता था इसी वजह से उन्हें हटाया गया है। कावंड़ यात्रा को लेकर हो रही बयानबाजी को लेकर जब राकेश टिकैत से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कोई किसी पार्टी से नहीं है जो जिसका मकसद है वो वही करता है और अपराधी का ना कोई धर्म ना कोई जाति होती है। टिकैत ने कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस की कार्रवाई की सराहना की।

उन्होंने कहा कि पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने सजगता के साथ काम किया है। कांवड़ यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। ये आस्था का विषय है। बता दें कि जगदीप धनखड़ ने सोमवार देर शाम उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा दे दिया है जिसके बाद सियासी हलकों में उन्हें लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही है।

## बिहार में बनेगा अत्याधुनिक फायर टेस्टिंग एंड ट्रेनिंग सेंटर

पटना, 23 जुलाई (एजेंसियां)। चुनावी साल है तो नौकरी-रोजगार पर सरकार ध्यान दे रही है। इस क्रम में प्रदेश में 18.67 करोड़ की लागत से फायर टेस्टिंग एंड ट्रेनिंग सेंटर के निर्माण होगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि नए ट्रेनिंग सेंटर के माध्यम से राज्य के युवाओं को अग्नि सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और अग्निशमन सेवाओं में व्यावसायिक प्रशिक्षण के नए अवसर मिलेंगे। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि यह युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाएगा और रोजगार की नई संभावनाओं के द्वार भी खोलेगा। सम्राट चौधरी ने कहा बिहार सरकार ने अग्नि सुरक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राज्य में पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फायर टेस्टिंग, ट्रेनिंग एंड रिसर्च लेबोरेट्री स्थापित करने का निर्णय लिया है।

# ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर कमेटी पर योगी सरकार से हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

## 30 जुलाई को होगी सुनवाई

मथुरा, 23 जुलाई (एजेंसियां)। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में सरकार ने गलियारा बनाने के साथ ही मंदिर प्रबंधन के लिए न्यास भी बना दिया है। न्यास का विरोध कर रहे सेवायतों ने इसी बीच आम सभा की बैठक कर अपनी कमेटी बनाई और चार्ज दिलाने के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट से गुहार लगाई। हाई कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

सुनवाई की अगली तिथि 30 जुलाई नियत की गई है। गलियारा और न्यास विवाद के बीच करीब चार माह पहले सेवायत परिवार के प्रणव गोस्वामी व अन्य ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में सिविल जज जूनियर डिवीजन को प्रतिवादी बनाते हुए याचिका दाखिल की थी। इसमें मांग की थी कि मंदिर कमेटी के चुनाव



कराने और चार्ज देने का आदेश सिविल जज को दिया जाए। इसके बाद सेवायतों ने आम सभा और फिर खुद चुनाव कर कमेटी की रिपोर्ट हाई कोर्ट में दाखिल कर दी। फिर सिविल जज से कमेटी को चार्ज दिलाने की मांग की। हाई कोर्ट की ओर से इस मामले में तैनात न्याय मित्र संजय गोस्वामी ने बताया कि इस बीच सरकार द्वारा दाखिल हलफनामा के आधार पर राज्य सरकार को पार्टी बनाया गया है। सरकार की ओर से कहा गया है, वह तो पहले ही मंदिर प्रबंधन के लिए न्यास का गठन कर चुकी है। इस पर गोस्वामी समाज ने आपत्ति जताई। कहा कि राज्य सरकार द्वारा पदेन ट्रस्टियों की नियुक्ति की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह गोस्वामियों द्वारा प्रबंधित निजी मंदिर में राज्य सरकार का पिछले दरवाजे से प्रवेश समान होगा। उनके अनुसार, यह राज्य सरकार द्वारा हिंदुओं के अधिकारों का अतिक्रमण है।

सरकार बांके बिहारी मंदिर पर नियंत्रण करना चाहती है। यह एक निजी मंदिर है और स्वामी हरिदास जी के अनुयायी और उत्तराधिकारी उक्त मंदिर का प्रबंधन कर रहे हैं। संजय गोस्वामी ने बताया कि हाई कोर्ट ने सोमवार को राज्य सरकार से पूरे मामले में विस्तार से जवाब मांगा है।

# वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय स्मृति स्तूप बनकर तैयार

## 29 जुलाई को सीएम नीतीश करेंगे उद्घाटन



वैशाली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार के वैशाली जिले में विकसित बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप का उद्घाटन 29 जुलाई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। यह ऐतिहासिक स्मारक वैश्विक बौद्ध समुदाय के लिए श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र बनेगा। उद्घाटन समारोह में चीन, जापान, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल, तिब्बत, म्यांमार, भूटान, वियतनाम, मलेशिया, लाओस, कंबोडिया, मंगोलिया, बांग्लादेश और इंडोनेशिया जैसे 15 बौद्ध देशों के भिक्षुओं की सहभागिता संभावित है। स्तूप का निर्माण भवन निर्माण विभाग द्वारा किया गया है। 72 एकड़ भूमि में फैले इस भव्य परिसर को 550.48 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया गया है। यह स्थल ऐतिहासिक पुष्करणी तालाब और मड स्तूप के समीप स्थित है। संग्रहालय के प्रथम तल पर भगवान बुद्ध का पावन अस्थि कलश स्थापित किया जाएगा, जो 1958-62 की खुदाई में प्राप्त हुआ था और स्मारक का प्रमुख केंद्र बिंदु होगा।

पूरी तरह पत्थरों से निर्मित यह स्तूप वंशी पहाड़पुर (राजस्थान) से लाए गए 42,373 बलुआ पत्थरों से टंग एंड ग्रूव तकनीक के माध्यम से जोड़ा गया है। यह संरचना आधुनिक भूकंपरोधी तकनीकों से सुसज्जित है।

# मस्जिद में सपा की बैठक: 'उनका हथियार ही धर्म'

## अखिलेश के इस बयान पर डिप्टी सीएम बोले- वे समाजवादी नहीं, नमाजवादी



नोएडा, 23 जुलाई (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव के दिल्ली में संसद भवन के पास स्थित मस्जिद में कथित तौर पर बैठक करने पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही कहा कि अखिलेश ने मस्जिद को सपा का दफ्तर बना दिया, जिसपर अब समाजवादी पार्टी के मुखिया ने जवाब दिया है। अखिलेश यादव के जवाब पर यूपी की डिप्टी सीएम ने पलटवार किया है। दिल्ली में संसद मार्ग स्थित एक मस्जिद के अंदर कथित तौर पर हुई बैठक पर अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि आस्था जोड़ती है और जो आस्था जोड़ने का काम करती है हम उसके साथ हैं।

भाजपा को यही तकलीफ है कि कोई जुड़े नहीं। भाजपा लोगों में दूरियां देखना चाहती है। भाजपा चाहती है कि लोग एकजुट न होकर बंटे रहें। हमारी सभी धर्मों में आस्था है। भाजपा को तकलीफ है तो हम क्या करें। भाजपा को आप सब जानते हैं, भाजपा का हथियार ही धर्म है। वहीं, अखिलेश यादव द्वारा कथित तौर पर मस्जिद के अंदर बैठक करने पर समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने कहा कि क्या अब हमें मंदिर और मस्जिद जाने के लिए भाजपा से लाइसेंस लेना होगा?।

आपको बता दें कि बीते दिन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संसद भवन के पास वाली मस्जिद में सपा सांसदों के साथ बैठे थे, जैसे ही उनकी फोटो सामने आई, इस पर भाजपा ने मुद्दा बनाना शुरू कर दिया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने तस्वीर शेयर करते हुए आरोप लगाया कि अखिलेश ने इस मस्जिद को समाजवादी पार्टी कार्यालय बना दिया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने कड़ी आपत्ति जाहिर की।

### वो हमेशा नमाजवादी बने रहते हैं: पाठक

सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा कथित तौर पर एक बैठक के लिए मस्जिद का इस्तेमाल करने पर यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख और समाजवादी पार्टी हमेशा संविधान का उल्लंघन करते हैं।

भारतीय संविधान कहता है कि हम राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धार्मिक स्थलों का उपयोग नहीं कर सकते। उन्हें संविधान में विश्वास नहीं है। पाठक ने अखिलेश यादव को 'समाजवादी' न कहकर 'नमाजवादी' कहा। पाठक ने कहा कि वो हमेशा नमाजवादी बने रहते हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव की सत्ता में वापसी की कोई संभावना नहीं है।

# देश में पहली बार ओपीएफ में बनेंगे पायलटों के एंटी ग्रैविटी सूट, जल्द सैंपल जाएंगे लैब





कानपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। सुखोई 30, तेजस, हॉक, मिराज और जगुआर लड़ाकू विमानों के पायलटों के लिए कानपुर स्थित ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड (जीआईएल) की इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी (ओपीएफ) में एंटी ग्रैविटी सूट बनाए जाएंगे। इस तरह के सूट देश में पहली बार बनेंगे। अभी तक इनका आयात किया जाता था। निर्माणी को लाइसेंस फॉर ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी की मंजूरी मिल गई है। जल्द ही डीआरडीओ की रिसर्च लैब डिफेंस बायो इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रो मेडिकल लेबोरेटरी (डीईबीईएल) बंगलूरू को सूट का सैंपल तैयार करके भेजा जाएगा। इसके बाद इसका ट्रायल शुरू किया जाएगा। दरअसल काम्बैट फ्री फाल सिस्टम में पायलट को ग्रैविटी सूट, नेविगेशन, कम्युनिकेशन डिवाइस, ऑक्सीजन सिस्टम से लैस किया जाता है। लड़ाकू विमान बेहद ऊंचाई पर उड़ते हैं। लड़ाकू पायलटों को तंग मोड़, तेज चढ़ाई और अन्य आक्रामक उड़ान युद्धाभ्यास करते समय अत्यधिक गुरुत्वाकर्षण बल यानी जी-बल का सामना करना पड़ता है। इन परिस्थितियों में रक्त निचले अंगों में जमा हो जाता है, जिससे मस्तिष्क में रक्त की आपूर्ति कम हो जाती है।

## कानपुर-मेरठ समेत देश के 150 शहरों के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, एटीएस हुई एक्टिव

कानपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। कानपुर, मेरठ, आगरा समेत देश के150 शहरों के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये धमकी ईमेल के जरिए दी गई थी। जिसमें लिखा तहस कि हम आपको यह सूचना दे रहे हैं कि स्कूल परिसर भवन में कई बम छिपाकर रखे गए हैं। विस्फोटकों को बड़ी कुशलता से छिपाया गया है। इसमें आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार दो नामों को लिखा गया था। इसके बाद एटीएस सक्रिय हो गई और स्कूल प्रबंधन से जानकारी जुटाना शुरू किया।

इससे पहले भी कई स्कूलों को ईमेल से ही धमकियां मिल चुकी हैं, लेकिन पुलिस आरोपितों को तलाश नहीं सकी। केशवनगर स्थित गुमोहर पब्लिक स्कूल, किदवई नगर के ब्लाक के सेंट थामस इंटर कालेज और रेलबाजार क्षेत्र के डान बास्को स्कूल को ईमेल से बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद से स्कूल प्रबंधन में खलबली मच गई। लेकिन संचालक व प्रबंधकों ने पहले मामले को इसलिए छिपाया कि बच्चों के अभिभावक परेशान न हो जाएं, लेकिन बाद में पता चला कि ऐसी धमकियां देशभर के मेरठ, आगरा, कानपुर समेत 150 जिलों के स्कूलों को दो गई। इसके बाद एटीएस सक्रिय हुई। शहर में एटीएस की टीम ने तीनों स्कूलों के प्रबंधन से जानकारी जुटानी शुरू कर दी। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि जिन स्कूलों को धमकी मिली वहां से जानकारी की जा रही है।

# पत्नी ने चाकू से काट डाली पति की जीभ, झगड़ा करने की दी सजा

गया, 23 जुलाई (एजेंसियां)। गया के खिजरसराय थाना क्षेत्र के मंडई गांव में बुधवार को अजीबो गरीब घटना सामने आई. बताया जा रहा है कि मंडई गांव के रहने वाले छोटे दास का अपनी पत्नी से आपसी विवाद हो रहा था.

झगड़ा के दौरान पत्नी ने अपने की पति छोटे दास की जीभ को ही तेज धारदार चाकू से काट दिया गंभीर रूप से घायल छोटे दास को खिजरसराय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेजा गया है. यहां उसका इलाज चल रहा है. अक्सर छोटे विवाद को लेकर पति पत्नी के बीच हमेशा झगड़ा होते रहता है. झगड़ा से तंग से पत्नी ने ऐसा खौफनाक घटना को अंजाम दिया है. घटना सोमवार देर रात की है, जब दोनों की लड़ाई घर पर ही हो रहा थी. इसी दौरान पत्नी ने घटना को अंजाम दिया है. जीभ के काटने के बाद मुंह से निकलते खून को देख आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया. इस मौके पर उसकी पत्नी भी साथ में थी. अस्पताल परिसर में भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था. इस मामले में अभी तक खिजरसराय थाना में कोई लिखित शिकायत का आवेदन नहीं दिया गया है. अगर आवेदन आता है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी. वहीं खिजरसराय स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी मीना राय ने बताया कि जीभ कटा हुआ एक व्यक्ति घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर किया गया है.

## पति की हत्या के बाद बेडरूम में दफना दी लाश, 15 दिन तक उसी कमरे में प्रेमी संग बनाती रही संबंध

जौनपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। बक्शा थाना क्षेत्र के अभयचंद पट्टी (कलीचाबाद) निवासी युवक की मुंबई के नाला सोपारा में उसकी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या कर दी। कमरे में ही गड्ढा खोदकर शव दफना कर टाइल्स लगवा दिया। हकरीब एक पखवारे तक उसी कमरे में प्रेमी के साथ रंगरेलियां मनाती रही। भाइयों के तलाश करने व दुर्गंध उठने पर राजफाश का आभास होने पर छह वर्षीय पुत्र को लेकर बिहार निवासी प्रेमी संग भाग गई। पुलिस ने शव बरामद किया। खबर आते ही घर में कोहराम मच गया। शाम मुंबई में ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अभयचंद पट्टी निवासी अमर सिंह चौहान उर्फ मल्लू मुंबई में राजमिस्त्री का काम करते थे। धीरे-धीरे अपने चारों पुत्रों अजय, विजय, अखिलेश व दीपक को भी वहीं बुलाकर अपना ही काम सिखाकर लगा दिया। इसके बाद वर्षों पूर्व खुद घर आकर रहने लगे। इस दौरान विजय चौहान ने नाला सोपारा में निजी घर बनवा लिया। चारों भाई उसी में साथ रहने लगे। लगभग आठ वर्ष पूर्व विजय चौहान की शादी जफराबाद थाना क्षेत्र के हौज निवासी दूधनाथ चौहान की पुत्री चमन उर्फ कोमल चौहान के साथ धूमधाम से हुई।

## 'हुकूमत कर रही मदरसों को बंद करने की साजिश' मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी

बरेली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। बरेली में मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी बरेलवी ने 250 मदरसों को बंद करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मदरसों के खिलाफ हुकूमत बड़ी साजिश रच रही है। ये सरका मदरसों को बंद करके मुसलमानों को शिक्षा से दूर करना चाहती है ताकि वो पढ़ न सके और हमेशा पीछे ही रहें। मौलाना शहाबुद्दीन ने आरोप लगाया कि मदरसों के खिलाफ सपा की अखिलेश यादव सरकार के समय से ही सौतेला व्यवहार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत सपा सरकार में हुई लेकिन अब ये चरम पर पहुंच गई है।

साल 2016 में सपा सरकार में आजम खान ने अल्पसंख्यक मंत्री रहते हुए जिला स्तर पर मदरसों की मान्यता बंद कर दी। इसके बाद शासन की ओर से भी आलिया की मान्यता बंद हुई और अब आज की हुकूमत ने तो उसे बिल्कुल ही बंद करने का नोटिस दे दिया है।

# साइबर धोखाधड़ी के अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट की जांच के लिए पहुंची सीबीआई, छापेमारी जारी




पटना, 23 जुलाई (एजेंसियां)। सुपौल से हर्षित की गिरफ्तारी के बाद उजागर हुए साइबर अपराधियों के अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट की जांच का दायरा और बढ़ेगा। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) इस मामले में लगातार जांच और छापेमारी कर रही है, अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भी जांच में सहयोग के लिए पहुंच गई है। ईओयू सूत्रों के अनुसार, सीबीआई के डीएसपी रैंक के अधिकारी पटना पहुंच गए हैं। बुधवार से सीबीआई की टीम ईओयू से पूरे मामले की जानकारी ले सकती है। ईओयू ने इस पूरे गिरोह के मास्टरमाइंड हर्षित से पूछताछ की तैयारी भी शुरू कर दी है। हर्षित फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है। ईओयू ने उसकी रिमांड के लिए अर्जी दी है, इस पर जल्द ही सुनवाई हो सकती है। इसके साथ ही हर्षित के बैंक खातों और अन्य लेन-देन की भी जांच की जा रही है। एडीजी नैयर हसनैन खान ने हर्षित से जुड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों के सिंडिकेट की विस्तृत जांच के लिए एक विशेष टीम बनाई है। इसकी कमान एसपी साइबर विनय तिवारी को सौंपी गई है। इसके साथ ही, इस टीम में सात-आठ अन्य अधिकारी भी शामिल हैं। ईओयू के डीआईजी इसकी निगरानी करेंगे। यह विशेष टीम अब तक मिले साक्ष्यों के सत्यापन से लेकर बैंक खातों के सत्यापन आदि का ब्योरा जुटाकर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके अलावा आगे की जांच और छापेमारी भी की जाएगी।

### गिरोह से जुड़े लोगों की तलाश में जुटी ईओयू

ईओयू ने हर्षित से जुड़े पूरे रैकेट की जांच शुरू कर दी है। इस गिरोह में शामिल सभी लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्हें पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा, ईओयू की टीम झारखंड, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, यूपी आदि राज्यों की पुलिस के संपर्क में भी है। खासकर झारखंड के पाकुड़ से गिरोह को मिले एक हजार से अधिक सिम कार्ड कैसे एक्टिवेट हुए और उन्हें खरीदने में किन लोगों की सक्रिय भूमिका रही, इन सब बातों की जांच की जा रही है।

इस गिरोह में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कई जगहों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। संदिग्ध स्थानों की पहचान की जा रही है और विशेष रूप से गहन तलाशी ली जा रही है।

# मुंबई में हाई टाइड का अलर्ट जारी

## समंदर में उठेंगी 15 फीट ऊंची लहरें



मुंबई, 23 जुलाई (एजेंसियां)। देश में मॉनसून का सीजन चल रहा है। इस बीच चारों तरफ बारिश देखने को मिल रही है। कई राज्यों में बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं, वहीं नदियां और समंदर भी उफान पर हैं। इस कारण कई राज्यों में अलर्ट भी जारी किया गया है। दिल्ली-एनसीआर की अगर बात करें तो दिल्ली-एनसीआर में रुक-रुककर बारिश देखने को मिल रही है। हालांकि इस कारण लोगों को उमस भरी गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। बता दें दिल्ली में बुधवार की शाम जोरदार बारिश हुई थी। इसके बाद बुधवार के दिन दिल्ली-एनसीआर के काले घने बादल छाए हुए हैं। वहीं कई स्थानों पर बारिश भी देखने को मिली है। मौसम विभाग ने मुंबई में आज हाई टाइड का अलर्ट जारी किया है। सुबह 11.14 बजे समंदर में 4.37 मीटर यानी करीब 15 फीट ऊंची लहरे उठेंगी। हाई टाइड के मद्देनजर समुद्री किनारों पर तैनात लाइफगार्ड्स को सतर्क रहने को कहा गया है। अगर मौसम की बात करे तो मुंबई के आसमान में बादल छाए रहेंगे और जोरदार बारिश होने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40-50 किमी प्रतिघंटा रह सकती है। मुंबई के कोंकण के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बता दें कि मुंबई के पश्चिमी उपनगर में सुबह से ही रुक-रुककर लगातार बारिश देखने को मिल रही है।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर कांग्रेस नेता उदित राज बोले, 'इनके भारतीयता का मतलब है 10 फीसदी लोग'

नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के भारतीयता वाले बयान पर कांग्रेस नेता उदित राज ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जात-पात, छूआछूत यहां है।भयंकर गरीबी यहां है। हिंदू-मुसलमान का रोज का झगड़ा है। जाति का नफरत है और दुनिया का कोई देश हमारे साथ नहीं है, मुंह से कुछ भी बोल दें। पहले अपने समाज को दुरस्त करना होगा। उदित राज ने कहा, "इनके लिए भारतीयता क्या है? जातियों में बांटना, नफरत की दीवार खड़ी करना। आज भी दलित घोड़ी पर नहीं चढ़ सकते। छूआछूत आज भी है। राष्ट्रपति तक मंदिर में नहीं जा सकतीं। क्या है इनकी भारतीयता। एक भी कॉर्पोरेट हाउस में दलित पिछड़ा नहीं है।" कांग्रेस नेता ने कहा, "इनके भारतीयता का मतलब है कि 10-5 फीसदी लोग बाकी के लोगों का शोषण करें। बाकी के शूद्र बनकर उनकी सेवा करें। भारतीय समाज में जाति के अलावा है क्या? अगर भारतीयता समाधान होता तो लोग देश छोड़कर भाग क्यों रहे हैं। 40 लाख लोग अमेरिका चले गए, कौन अमेरिकी, ब्रिटिश नागरिक यहां आकर रह रहा है।"

# शरद पवार-उद्धव ने की सीएम फडणवीस की तारीफ

## भाजपा नेता बोले- यह राज्य की संस्कृति का हिस्सा



मुंबई, 23 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस की एनसीपी नेता शरद पवार और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने तारीफ की। इसे लेकर भाजपा नेताओं खुशी जाहिर की है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह महाराष्ट्र की संस्कृति का हिस्सा है। पवार और ठाकरे ने सीएम फडणवीस के जन्मदिन पर जारी की गई काफी टेबल बुक में उनकी तारीफ की थी। महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि किसी व्यक्ति के जन्मदिन पर उसके अच्छे काम और उपलब्धियों की सराहना करना महाराष्ट्र की सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है। मेरा मानना है कि उद्धव ने देवेंद्र फडणवीस के काम, उनके विजन और खासकर 2029 तक विकसित महाराष्ट्र के लिए उनके द्वारा रखे गए लक्ष्य की सराहना की है। इस विजन को वाकई महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है। उद्धव ठाकरे द्वारा की गई प्रशंसा न केवल इस राज्य की राजनीति के लिए, बल्कि सभी राजनीतिक दलों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जन्मदिन की बधाई या प्रशंसा कोई राजनीतिक घटना नहीं है, यह प्रोत्साहन का एक रूप है। वहीं भाजपा विधायक राम कदम ने कहा कि शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने सीएम के बारे में जो भी कहा है, वो बिल्कुल सही है। सीएम एक मेहनती कार्यकर्ता की तरह रात के तीन बजे तक हर व्यक्ति से मिलते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करते हैं। हमें ये समझने की जरूरत है कि हमारी राजनीतिक पार्टियां अलग हैं। हमारी लड़ाई विचारों की है, व्यक्तिगत दुश्मनी की नहीं।

**फडणवीस ने जताया था ठाकरे और पवार का धन्यवाद**

इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने जन्मदिन पर जारी कॉफी टेबल बुक में उनकी प्रशंसा करने के लिए एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को धन्यवाद दिया था। उन्होंने कहा कि वे उनके वैचारिक विरोधी हैं, दुश्मन नहीं। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में फडणवीस पर महाराष्ट्र नायक नामक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया था। पुस्तक में शरद पवार ने लिखा है कि जब वह फडणवीस को देखते हैं तो उन्हें वह समय याद आता है जब वह स्वयं 1978 में पहली बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने थे।

फडणवीस जानकार हैं और राज्य प्रशासन पर उनकी मजबूत पकड़ है। वहीं उद्धव ठाकरे ने पुस्तक में अपने लेख में फडणवीस को एक अध्ययनशील और वफादार राजनेता बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा है कि फडणवीस के पास राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी भूमिका पाने का मौका है और उन्होंने भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# गाजियाबाद की आलीशान कोठी में अवैध दूतावास

## फर्जी राजदूत पकड़ा; लग्जरी गाड़ियां, विदेशी मुहरें और कैश बरामद





गाजियाबाद, 23 जुलाई (एजेंसियां)। यूपी के गाजियाबाद से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) नोएडा की टीम ने कविनगर में चल रहे अवैध दूतावास का भंडाभोड़ किया है। टीम ने अवैध दूतावास का संचालन करने वाले आरोपी हर्षवर्धन निवासी कविनगर को गिरफ्तार किया है। हर्षवर्धन जैन खुद को वेस्ट आर्कटिका, सबोरगा, पॉल्विया और लॉडोनिया देशों का कौंसिल एंबेसेडर बताता था, जबकि ऐसे नाम कोई देश नहीं हैं। आरोपी से विदेशी राजनयिकों के लिए प्रयोग होने वाली वाहनों की कई नंबर प्लेट भी बरामद हुई हैं। टीम के अनुसार, हर्षवर्धन जैन का पूर्व में चंद्रास्वामी और इंटरनेशनल आर्म्स डीलर अदनान खगोशी से संपर्क उजागर हुआ है। आरोपी के पास से चार डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट लगी लग्जरी गाड़ियां, माइक्रोनेशन देशों के 12 डिप्लोमेटिक पासपोर्ट, विदेश मंत्रालय की मोहर लगे दस्तावेज, दो फर्जी पैन कार्ड, 47.70 लाख रुपये आदि बरामद किए गए हैं। देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के साथ फोटो दिखाकर लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता था। एसटीएफ ने आरोपी को कविनगर थाना पुलिस को सौंप दिया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि अवैध सैटेलाइट फोन रखने के मामले में आरोपी हर्षवर्धन के खिलाफ साल 2011 में थाना कविनगर में मामला दर्ज हुआ था।

आरोपी हर्षवर्धन लोगों को झांसे में लेने के लिए प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और अन्य वीआईपी हस्तियों के साथ मॉर्फ की हुई तस्वीरों का इस्तेमाल करता था। जिनके जरिए यह लोगों को झांसे में लेने का काम करता था। विदेशों में काम दिलाने के नाम पर दलाली करता था। शेल कंपनियों के माध्यम से हवाला ट्रांजेक्शन करता था।

# ट्रेन यात्री के बैग से मिला धारदार हथियारों का जखीरा जीआरपी बीना ने आरोपी को किया गिरफ्तार

सागर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। सागर जिले के बीना जंक्शन पर जीआरपी पुलिस ने सोमवार को श्री गंगानगर एक्सप्रेस ट्रेन से उतरे एक रेल यात्री के पास से भारी मात्रा में धारदार हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने उसके बैग की तलाशी ली तो उसमें 25 तलवारें, 5 फरसे और 8 हैंड पंच (पच) पाए गए। आरोपी के पास इन हथियारों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस नहीं था। जीआरपी थाना बीना के प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंह (क्रमांक 652) और आरक्षक अविनाश प्रजापति (क्रमांक 357) प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात थे।

इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में हथियार लेकर ट्रेन से यात्रा कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने स्टेशन पर एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका, जो एक बड़ा बैग लेकर प्लेटफॉर्म पर जा रहा था। पूछताछ में उसकी पहचान इंद्रपाल सिंह पिता जय मल सिंह (40 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 17, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, सागर (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई। वह अमृतसर से सागर की ओर श्री गंगानगर एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था। बैग की तलाशी लेने पर हथियारों का जखीरा मिला, जिसके संबंध में आरोपी कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी को तत्काल हिरासत में लेकर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और उसे न्यायालय में पेश कर वैधानिक कार्रवाई की। थाना प्रभारी, जीआरपी बीना ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि हथियार कहां से लाए गए थे, इन्हें कहां ले जाया जा रहा था और इनका उद्देश्य क्या था। पुलिस इस बात की भी पड़ताल कर रही है कि इस व्यक्ति का किसी संगठित गिरोह या अवैध गतिविधियों से कोई संबंध तो नहीं है।

# कांग्रेस नेता पर पेट्रोल बम फेंकने के छह आरोपी काबू, फायरिंग करने वाले मुख्य शूटर समेत 6 फरार

हलवारा, 23 जुलाई (एजेंसियां)। पंजाब कांग्रेस के सीनियर नेता यादविंदर सिंह यादी निवासी बद्दोवाल पर बोतल बम फेंक फायरिंग करने वाले गैंग के छह शूटर्स को दाखा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल सफेद आई-20 और काली स्कार्पियो कार के साथ तीन बोतल बम पेट्रोल और थैले बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शूटर हर्षप्रीत सिंह भुल्लर उर्फ हर्ष निवासी दीप नगर, ध्रुव ठाकुर निवासी जगदीश कलोनी, एकजोत सिंह निवासी आदर्श कलोनी भादसों रोड (पटियाला), गुरिंदर सिंह गुरी निवासी निहाल सिंह वाला, बलजिंदर सिंह निवासी भम्मा लंडा(मोगा) और अमरीक सिंह निवासी जवाहर सिंह वाला तलवंडी भाई फिरोजपुर के रूप में हुई है। थाना दाखा में 12 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी शूटर रियाज समेत छह फरार हैं। डीएसपी दाखा वरिंदर सिंह खोसा ने बताया कि 9 जुलाई मध्य रात्रि को आरोपियों ने बद्दोवाल स्थित यादविंदर सिंह यादी की रिहायश पर हमला किया था।

आरोपियों ने यादी पर बोतल बमों से हमला करने के साथ सात फायर भी किए लेकिन वो बच गए। इस पूरे घटनाक्रम की वीडियो भी है। आरोपी घटना को अंजाम देते हुए गालियां और खत्म करने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। 11 जुलाई को थाना दाखा में यादी की शिकायत पर आर्म्स एक्ट और 125, 326 बीएनएस में मुकदमा दर्ज करके पुलिस की छह टीम जांच को बनाई गई थी। 18 जुलाई को पुलिस के हाथ पहली सफलता लगी, जब शूटर हर्षप्रीत सिंह उर्फ हर्ष को घटना में इस्तेमाल सफेद आई-20 कार समेत गिरफ्तार कर लिया गया।

कार में विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई। 19 जुलाई को ध्रुव ठाकुर और एकजोत सिंह को काली स्कार्पियो के साथ गिरफ्तार किया गया। फरार चल रहे मुख्य शूटर रियाज खां को पनाह देने वाले गुरिंदर सिंह गुरी, बलजिंदर सिंह और अमरीक सिंह को अब गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी वरिंदर सिंह खोसा ने बताया कि मुख्य शूटर रियाज समेत तीन शूटर और तीन अन्य को भी मुकदमे में नामजद करके उनकी तलाश में सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# बैल या ट्रैक्टर नहीं, खुद अकेले हल चलाते हैं सीहोर के 90 वर्षीय किसान, दिलाई 'मदर इंडिया' की याद



भोपाल, 23 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के एक छोटे से गांव में एक ऐसा किसान है, जिसकी कहानी 'मदर इंडिया' फिल्म की याद दिलाती है। 90 वर्षीय किसान अमर सिंह के पास केवल तीन एकड़ जमीन है। वे आज भी अपने खेतों में खुद हल चलाते हैं। सीहोर के छोटे से गांव तज के किसान अमर सिंह की मेहनत और लगन देखकर ऐसा लगता है जैसे वह किसी फिल्म का हिस्सा हों।

अमर सिंह के पास न तो ट्रैक्टर है और न ही कोई आधुनिक कृषि उपकरण, लेकिन उनके हौसले और मेहनत में कोई कमी नहीं है। हर सुबह वह अपने खेत में जाते हैं और परंपरागत तरीके से खेती करते हैं। बुजुर्ग किसान ने ट्रैक्टर, बैलगाड़ी नहीं होने के कारण देसी जुगाड़ लगाकर साइकिल के पहिए से हल बनाया है और बैल से जोतने वाले हल से वह खुद ही हकाई करते हैं। सीहोर के तज गांव में अमर सिंह की कहानी, 'मदर इंडिया' की भावना को जीवित रखती है और हमें यह याद दिलाती है कि असली किसान वही है, जो अपनी जमीन से प्रेम करता है। गांव के अन्य किसान भी उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण से प्रेरित हैं। 90 साल के अमर सिंह बताते हैं, मैं हमेशा से अपनी जमीन पर काम करने का शौक रखता था। यह मेरे लिए केवल एक काम नहीं, बल्कि मेरा जीवन है।

वह कहते हैं कि गरीबी के चलते उनके पास इसके अलावा कोई चारा नहीं है। खेती से बमुश्किल गुजर-बसर चल रहा है। किसानों ने प्रशासन पर आरोप भी लगाया है। उनका कहना है कि जब यह बात पता चली कि किसान अमर सिंह की सोयाबीन की फसल बीते 10 साल से प्राकृतिक आपदा, बाढ़, अधिक पानी या सूखे से और खराब कीटनाशक दवा से बर्बाद हो रही है, तो किसानों ने उनके लिए आर्थिक सहायता और बीमा राशि की मांग की। यह मांग जिला प्रशासन से लेकर शासन तक जाती रही, लेकिन किसानों को उनका हक बीमा राशि नहीं मिली। अब किसानों का कहना है कि बैंक के द्वारा बीमा की राशि ऑटोमेटिक ही खाते से काट ली जाती है। जब फसल का नुकसान होता है तो उसे कोई बीमा की राशि नहीं मिलती। खबर के सामने आने के बाद इस मामले में जिला कलेक्टर ने तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए जिसमें पाया गया कि किसान ने इससे पहले सोयाबीन और बैगन की खेती की थी। उस समय उनका खेत ट्रैक्टर से जोता गया था। तहसीलदार की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह खेत जोतने की नहीं बल्कि खेत से खरपतवार हटाने की प्रक्रिया है।

# 'सीएम योगी की कुर्सी सुरक्षित नहीं'

## कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के बयान ने मचा दिया बवाल



नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बुधवार को मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख को कमजोर किया जा रहा है और जनता अब इसे समझने लगी है। उन्होंने चुनाव आयोग, बीजेपी की आंतरिक राजनीति, प्रधानमंत्री की विदेश नीति और उपराष्ट्रपति के इस्तीफे को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने ये भी दावा किया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कुर्सी सुरक्षित नहीं है। बीजेपी की संगठनात्मक स्थिति पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी अब खुद अपना अध्यक्ष तय नहीं कर पा रही है। उन्होंने आगे कहा, "बीजेपी का संगठन नेतृत्वविहीन हो गया है।

पार्टी में ऐसा कोई चेहरा नहीं बचा जिसे सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया जा सके।" उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कुर्सी भी सुरक्षित नहीं है और पार्टी में उन्हें लेकर अंदरूनी घमासान चल रहा है। पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्षता की अपनी भूमिका खो चुका है। उन्होंने कहा, "जब हम चुनाव आयोग से सवाल करते हैं तो जवाब बीजेपी देती है और जब हम बीजेपी से सवाल करते हैं तो जवाब चुनाव आयोग देता है।" कांग्रेस नेता ने इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया और कहा कि जनता अब इस खेल को समझने लगी है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि अब "मोटा भाई और छोटा भाई का भय खत्म हो रहा है।"

**उपराष्ट्रपति के इस्तीफे पर भी सवाल**

कांग्रेस नेता ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह इस्तीफा रहस्यमयी तरीके से हुआ है और उपराष्ट्रपति को देश के सामने अपने इस्तीफे की वजह स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया, "जब संसद का मानसून सत्र शुरू हो रहा था, तभी उपराष्ट्रपति का इस्तीफा आना संदेह पैदा करता है। क्या यह किसी योजना का हिस्सा था?"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे को लेकर खेड़ा ने आरोप लगाया, "पीएम चीन और अमेरिका से डरते हैं। वे कठिन सवालों से बचते हैं और विदेशी दौरों के ज़रिए घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं।"

# हिमाचल में 25 लैंडस्लाइड, 40 फ्लड और 23 बादल फटने की घटनाएं; अब तक 135 लोगों की मौत



शिमला, 23 जुलाई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में मानसूनी बारिश का कहर जारी है और परिवहन, बिजली व पेयजल आपूर्ति पर खासा असर पड़ रहा है। बुधवार सुबह तक राज्य में भूस्खलन से दो नेशनल हाईवे व 383 सड़कें बंद रहीं। मंडी और सिरमौर ज़िलों में एक-एक नेशनल हाइवे बंद रहे। मंडी जिला में मंडी-कोटली नेशनल हाइवे-70 और सिरमौर जिला में पांवटा साहिब-शिलाई नेशनल हाइवे-707 अवरुद्ध है। अकेले मंडी जिला में 251 सड़कें बाधित हैं, जबकि कुल्लू जिला में 78 सड़कों पर यातायात ठप है। सिरमौर में 17 व लाहौल स्पीति में 15 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा राज्य भर में 263 बिजली ट्रांसफार्मर व 220 पेयजल स्कीमें भी बंद हैं। इनमें मंडी जिला में 128 व कुल्लू में 62 बिजली ट्रांसफार्मरों के खराब होने से बिजली गुल है। कुल्लू में 87, सोलन में 24 व हमीरपुर में 11 ट्रांसफार्मर खराब हैं। वहीं चम्बा में 63, हमीरपुर में 35, सिरमौर में 34 व बिलासपुर में 22 पेयजल स्कीमें ठप हैं।

**कई जगहों पर बारिश का अलर्ट**

मौसम विभाग ने आज यानी 23 से 26 जुलाई तक राज्य के कुछ स्थानों पर वर्षा की संभावना जताई है, हालांकि, इस दौरान कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। इसके बाद 27 से 29 जुलाई तक फिर से भारी बारिश हो सकती है और कुछ इलाकों में येलो अलर्ट रहेगा। इस बीच राजधानी शिमला व आसपास के इलाकों में आज सुबह बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार कुल्लू जिला के मनाली में सर्वाधिक 57 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड हुई है। सके अलावा सराहन में 37, घुमरूर में 36, नगरोटा सुर्रियां में 32, अघ्घर में 30, मुरारी देवी में 29 और गुलेर व बिलासपुर में 27-27 मिमी वर्षा रिकॉर्ड हुई है। इस मानसून सीजन में अब तक हिमाचल में 135 लोगों की मौत हो चुकी है, 224 लोग घायल और 34 लोग लापता हैं। मंडी जिले में सबसे ज्यादा 23 और कांगड़ा में 21 मौतें हुई हैं। चम्बा व कुल्लू में 15 और शिमला में 11 लोगों की मौत हुई। अब तक 397 मकान, 277 दुकानें और 1037 गौशालाएं पूरी तरह तबाह हो चुकी हैं, जबकि 797 मकानों को आंशिक नुकसान हुआ है। मंडी में सबसे ज्यादा तबाही हुई है, जहां 936 घरों को नुकसान पहुंचा है, जिनमें से 365 पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं। करीब 1247 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान आंका गया है।

# संजय राउत का दावा- ईडी स्वतंत्र एजेंसी नहीं उसका इस्तेमाल सरकार गिराने में लिया जाता है

मुंबई, 23 जुलाई (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) ने अपने मुखपत्र 'सामना' में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी का आरोप है कि ईडी अब एक स्वतंत्र जांच एजेंसी नहीं रही, बल्कि भारतीय जनता पार्टी की एक 'शाखा' की तरह काम कर रही है और उसका इस्तेमाल विपक्षी दलों की सरकारें गिराने के लिए किया जा रहा है।

मुखपत्र में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई। चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति भूषण गवई की टिप्पणियों का हवाला देते हुए लिखा गया है कि अदालत ने ईडी की राजनीतिक भूमिका को उजागर किया है। विशेष रूप से कर्नाटक में कांग्रेस मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के जमीन मामले में ईडी की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। कोर्ट ने ईडी से कहा- "मतदाताओं को राजनीतिक लड़ाई लड़ने दीजिए, आप खुद को राजनीतिक रूप से इस्तेमाल क्यों होने दे रहे हैं?" सामना में शिवसेना (यूबीटी) ने लिखा कि महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी सरकार को गिराने के लिए भी ईडी का खुलकर दुरुपयोग किया गया। एकनाथ शिंदे, प्रताप सरनाईक, हसन मुश्रीफ, अजीत पवार, अशोक चव्हाण, भावना गवली जैसे नेताओं को ईडी की कार्रवाई की आड़ में भाजपा में शामिल होने पर मजबूर किया गया। नवाब मलिक, संजय राऊत और अनिल देशमुख को फर्जी मामलों में फंसाया गया, जो बाद में अदालत में टिक नहीं पाए।

शिवसेना (यूबीटी) ने यह भी आरोप लगाया कि ईडी के अधिकारी भी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। एजेंसी पर इटली, लंदन और अमेरिका में बेनामी संपत्तियां बनाने, एजेंटों के माध्यम से रंगदारी वसूलने और समय से पहले रिटायर होकर भाजपा में शामिल होने तक के आरोप लगाए गए हैं। सामना का दावा है कि भाजपा के नेताओं पर दर्जनों संगीन आरोप होने के बावजूद ईडी कभी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करती। बल्कि जिन लोगों के खिलाफ वाकई कार्रवाई होनी चाहिए,

# 'मैं इतनी सुंदर हूं, और तुम'

## शादी के दो साल बाद पत्नी के बदले तेवर, पति को लगी धमकाने, की ये डिमांड





छतरपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के छतरपुर में एक पति ने एसपी ऑफिस में अनोखा शिकायती आवेदन दिया है। पति ने इसमें पत्नी के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पति का कहना है कि उसकी पत्नी उसे धमका रही है। कह रही है कि वो पति से ज्यादा सुंदर है, इसलिए अब वो उसके साथ नहीं रहेगी। साथ ही पति को धमकी भी दे रही है कि ससुराल वापस नहीं आएगी।

जोर जबरदस्ती की तो उसे जान से भी मार सकती है। मामला ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुरा का है। यहां रहने वाले विनोद अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक अनोखा शिकायती आवेदन दिया है, जिसमें उसने अपनी पत्नी गोमती अहिरवार पर संगीन आरोप लगाए हैं। विनोद का कहना है कि जिस पत्नी को उसने कड़ी मेहनत से पढ़ाया-लिखाया, अब वो उसे छोड़कर मायके चली गई है। ससुराल वापस नहीं आना चाहती। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दे रही है।


विनोद अहिरवार ने अपनी शिकायत में विस्तार से बताया- मेरी शादी जून 2023 में गोमती अहिरवार से हुई थी। उस समय गोमती केवल 12वीं कक्षा तक पढ़ी हुई थी। मैं आर्थिक रूप से खुद भी इतना मजबूत नहीं हूं। फिर भी मैंने पत्नी को आगे पढ़ाने का फैसला लिया। मैंने पाई-पाई जोड़कर पत्नी की पढ़ाई पूरी करवाई। दिन-रात मेहनत करके गोमती को उच्च शिक्षा दिलाई, ताकि वह अपने पैरों पर खड़ी हो सके और उनका भविष्य बेहतर बन सके।

हालांकि, विनोद के अनुसार, पढ़-लिख जाने के बाद गोमती के व्यवहार में अचानक बदलाव आ गया। विनोद का आरोप है कि उसकी पत्नी अब उसके साथ नहीं रहना चाहती और लगातार उससे दूरी बना रही है। विनोद ने बताया कि गोमती का सीधा कहना है कि वह (विनोद) सुंदर नहीं है और गोमती खुद बहुत सुंदर है, इसलिए वह अब अपने ससुराल वापस नहीं आएगी और विनोद के साथ अपना जीवन नहीं बिताना चाहती। इन आरोपों के साथ ही, पीड़ित पति विनोद ने बताया कि गोमती उसे लगातार जान से मारने की धमकी भी दे रही है। इस अप्रत्याशित मोड़ से पूरी तरह टूट चुके और परेशान विनोद अहिरवार ने अब न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। विनोद ने एसपी से अनुरोध किया है कि इस मामले में हस्तक्षेप किया जाए और उसे उसकी पत्नी के कथित उत्पीड़न और जान से मारने की धमकियों से मुक्ति दिलाई जाए।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 24 जुलाई - 2025

# पड़ोसी बांग्लादेश में लोकतंत्र की नई सुबह तय है



अशोक भाटिया

18 महीनों के अंतराल के बाद, देश अप्रेल 2026 में आम चुनाव की ओर बढ़ रहा है।जब से नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने पिछले अगस्त को अंतरिम सरकार का नेतृत्व संभाला है, उन्होंने प्रशासन चलाने में कई अड़चनों का सामना किया है।उनके सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक थी एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनाव की रूपरेखा घोषित करना, जिससे लोग अपनी इच्छानुसार एक वैध राजनीतिक सरकार चुन सकें।

दूसरी चुनौती थी कानून और व्यवस्था की स्थिति को स्थिर करना।अधिकतर पुलिसकर्मी, हजारों छात्रों और प्रदर्शनकारियों की हत्या के प्रतिशोध के डर से, अपनी ड्यूटी छोड़ कर भाग चुके हैं।इस कारण से देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल अपर्याप्त हो गया है।हालांकि, हर शहर और कस्बे में सेना की तैनाती के द्वारा कानून-व्यवस्था कायम रखने की कोशिश की जा रही है।साथ ही, अवामी लीग के नेताओं के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए मुकदमा चलाने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भी शामिल हैं।उन पर हजारों प्रदर्शनकारियों पर गोली चलवाने का आरोप है। ज्ञात हो कि पिछले जुलाई-अगस्त में ₹मानसून क्रांति₹ नामक रक्तरंजित विरोध प्रदर्शनों के दौरान हसीना को पद छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा और वे भारत में निर्वासन में चली गईं।यह उनका राजनीतिक जीवन में दूसरा निर्वासन है।इस बीच, एक राजनीतिक घटनाक्रम में, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने लंदन में निर्वासन में रह रहे प्रोफेसर यूनुस से मुलाकात की।

एक घंटे की इस बैठक में नई सरकार से जुड़ी कई महत्वपूर्ण राजनीतिक असहमति पर चर्चा हुई।यूनुस ने बार-बार कहा कि चुनाव अगले साल जून से पहले होना चाहिए, लेकिन बीएनपी, जो एक दक्षिणपंथी लोकतांत्रिक पार्टी है, चुनाव दिसंबर के अंत में कराने की मांग कर रही है।बीएनपी का कहना है कि अगर चुनाव दिसंबर तक नहीं हुए तो देश में राजनीतिक और आर्थिक संकट उत्पन्न हो सकता है, जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है।

यूनुस का मत है कि चुनाव आवश्यक सुधारों पर राजनीतिक पार्टियों की सहमति के बाद ही होने चाहिए।हालांकि बीएनपी और उससे जुड़ी पार्टियों ने दिसंबर में चुनाव कराने की मांग के पीछे कोई ठोस कारण नहीं दिया है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि फरवरी में हाई स्कूल की परीक्षा, रमज़ान का महीना (मध्य फरवरी से), मार्च में ईद उल फित्र, और फिर मानसून के आगमन जैसे कारण सामान्य चुनाव के लिए अनुकूल नहीं हैं।

हसीना शेख की सरकार को उखाड़ फेंकने के बाद अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने वाले डॉ यूनुस ने छह महीने में चुनाव कराने का वादा किया था। अब, एक साल बाद, चुनाव नहीं हुए हैं। यूनुस 'पहले सुधार, पहले चुनाव' की कोशिश कर रहे थे; लेकिन विपक्षी दलों ने अब उन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है।ईद उल-अज़हा के अवसर पर यूनुस ने घोषणा की थी कि चुनाव अप्रैल 2026 में होंगे।इस घोषणा पर जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख डॉ। शफीकुर रहमान ने प्रतिक्रिया दी कि यह निर्णय देश को लोकतंत्र की ओर ले जाने में आश्वासन देता है।वहीं नेशनल सिटिजन्स पार्टी (एनसीपी) ने कहा कि जुलाई चार्टर (मानसून क्रांति) और प्रस्तावित सुधारों को लागू किया जाना चाहिए, और उन्हें चुनाव की घोषित समयसीमा से कोई आपत्ति नहीं है।

गौरतलब है कि दूसरे पड़ोसी पाकिस्तान में जो भी सत्ता में है, सेना और आतंकवादियों के साथ-साथ खुफिया एजेंसियों पर विद्रोहियों का शासन है, इस बीच पड़ोसी म्यांमार में, जहां तालिबान चार साल से सत्ता में है, और नेपाल भी लगातार चीन की तरफ झुक रहा है, ऐसे में आगामी चुनावों के बाद बांग्लादेश का चरमपंथियों के हाथों में पड़ना खतरनाक है।

बांग्लादेश पर 16 साल तक शासन करने वाली अवामी लीग की नेता शेख हसीना के बांग्लादेश लौटने की संभावना नहीं है। उन पर एक आदेश द्वारा 1,400 प्रदर्शनकारियों की हत्या का आरोप लगाया गया है और उन्हें दोषी ठहराए जाने और मौत की सजा सुनाए जाने की संभावना है। बांग्लादेश की न्यायिक प्रणाली अब कट्टरपंथियों के हाथों में है। वहां की सरकार उनके ही हाथों की कठपुतली बन गई है। हसीना की पार्टी को चुनावी मैदान से बाहर कर दिया गया है। कट्टरपंथियों की पार्टी पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और उसके सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंध हटा दिया है। दरअसल, उन्होंने इसकी तैयारी शुरू कर दी है, जिससे बांग्लादेश में माहौल गर्म हो गया है। सभी राजनीतिक दलों ने देश में आम चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है। हर कोई पूछ रहा है कि इस चुनाव में सत्ता किसकी जीतेगी, जिस पर 16 साल बाद शेख हसीना का दबदबा नहीं होगा। देश के अखबारों ने भी इसका सर्वे भी शुरू कर दिया है।ऐसे ही एक सर्वेक्षण ने मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की चिंता भी बढ़ा दी है, जिन्होंने पाया कि खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) की पार्टी को सबसे अधिक वोट मिले, जबकि यूनुस के करीबी प्रदर्शनकारियों द्वारा स्थापित राष्ट्रवादी पार्टी तीसरे स्थान पर रही। अखबार सनेम द्वारा देश के युवा मतदाताओं के वोटों को मापने के लिए किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि बीएनपी को 39 फीसदी, जमात को 22 फीसदी और राष्ट्रवादी पार्टी को 16 फीसदी वोट मिले।

इसके अलावा, अन्य धार्मिक दलों को 4.59 प्रतिशत, जातीय दलों को 3.77 प्रतिशत और अन्य दलों को 0.57 प्रतिशत वोट मिलने की उम्मीद है। सर्वेक्षण में पाया गया कि अंतरिम सरकार देश में सामाजिक सद्भाव बनाए रखने में सक्षम थी।जबकि 35 फीसदी युवा देश में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। 94 प्रतिशत युवा आशावादी हैं कि आगामी चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होंगे।हालांकि, युवा लोग राजनीतिक परिवर्तन की संभावनाओं से निराश हैं, मोहम्मद यूनुस ने देश में सत्ता संभालने के बाद छह महीने में चुनाव कराने की घोषणा की है। लेकिन उन्होंने देश में चुनाव नहीं कराए हैं।

भले ही बढ़ते दबाव में, यूनुस ने चुनाव कराने का फैसला किया; लेकिन उनके करीबी सहयोगियों ने अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी बना ली है । पिछले साल छात्र आंदोलन का चेहरा रहे यूनुस के करीबी सहयोगी नाहिद इस्लाम ने राष्ट्रवादी पार्टी का गठन किया और चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, जिसके बाद माना जा रहा था कि अगर एनसीपी जीत जाती है तो देश की सत्ता मौजूदा अंतरिम सरकार के पास ही रहेगी। लेकिन सर्वे से पता चला कि युवा राष्ट्रवादी पार्टी को पसंद नहीं करते हैं।

दरअसल देश में कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी के पंजीकरण की बहाली और चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त करना भारत के लिए चिंता का विषय है। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के विद्रोह के बाद की घटनाएं भारत के लिए सकारात्मक नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश कार्यवाहक सरकार से सहमत होने के लिए तैयार हैं। तथ्य यह है कि जमात-ए-इस्लामी ने छात्र आंदोलन का पूरा समर्थन किया। यह वही संगठन है। उन पर बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तान की सहायता करने और मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार करने का आरोप लगाया गया था। इसके छह प्रमुख नेताओं को इन आरोपों में फांसी दी गई थी।जमात-ए-इस्लामी कितनी कट्टरपंथी और जिहादी सोच वाली है, इसका एक प्रमाण यह है कि कभी उसके साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने वाली विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी कुछ समय पहले उनसे अलग हो गई थी। बांग्लादेश में एक के बाद एक कट्टरपंथी और जिहादी विचारधारा वाले संगठनों पर से प्रतिबंध हटाया जा रहा है और आतंकी गतिविधियों के लिए जेल में बंद लोगों को भी रिहा किया जा रहा है।यह स्पष्ट है कि सेना प्रमुख को कट्टरपंथी तत्वों के सिर उठाने से कोई समस्या नहीं है और भारत को बांग्लादेश के घटनाक्रम के बारे में चिंतित होना चाहिए, जहां पाकिस्तान और चीन के साथ अमेरिका का प्रभाव भी बढ़ सकता है।

# मोदी का मालदीव दौरा

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार से पड़ोसी मुल्क मालदीव की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही पाकिस्तान के टेरर नेटवर्क की गर्दन मरोड़ने की तैयारी पर भी चर्चा की जाने की उम्मीद है। भारत के साथ मिलकर मालदीव दुश्मनों पर अपना शिकंजा कसेगा। जाहिर है भारत और मालदीव के इस पहल से हिंद महासागर क्षेत्र में ड्रग्स के अवैध कारोबार पर लगाम कसने में मदद मिलेगी। दुनिया जानती है कि ड्रग्स का यह गैर-कानूनी कारोबार पाकिस्तान की ओर से प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता रहा है। यही अवैध कारोबार भारत और मालदीव के लिए भी बहुत बड़ी चुनौती बन कर उभरी है।। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने ड्रग्स कारोबार के खिलाफ लड़ाई को अपने देश की राष्ट्रीय प्राथमिकता करार दिया है। वे पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान उनसे इस खतरे से निपटने के लिए मदद मांगने की तैयारी में जुट गए हैं। बता दें कि अरब सागर में ड्रग्स के खिलाफ अभियान में दोनों मुल्कों की सेनाओं के बीच तालमेल बहुत जरूरी है। बताया जा रहा है कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियां इस काम में मालदीव के सुरक्षा बलों के साथ मिलकर काम कर सकती हैं। भारत का पड़ोसी मालदीव कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन का भी हिस्सा है। यह सम्मेलन भारत ने ही बनाया है। सीएससी का मुख्य मकसद सदस्य देशों के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम करना है। यह सम्मेलन सदस्य देशों के सामने आने वाली तमाम तरह की चुनौतियों और जोखिमों से निपटने में सहायता करता है। बता दें कि कोलंबो सुरक्षा यानी सीएससी सम्मेलन के तहत सहयोग के मुख्य क्षेत्र हैं- समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद और कट्टरता से मुकाबला, ड्रग्स और संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा, अहम बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और मानवीय सहायता एवं आपदा राहत। सीएससी की शुरुआत भारत, श्रीलंका और मालदीव के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच आपस में बातचीत से हुई थी। 2020 से इसमें और प्रगति आई। अब इसकी बैठकें नियमित होती रहती हैं और मॉरीशस के भी इसमें शामिल होने से इसका दायरा और प्रभाव भी बढ़ गया है। अब यह पश्चिमी और दक्षिणी हिंद महासागर के इलाके में स्थिरता लाने के लिए एक मंच के रूप में काम करने लगा है। बांग्लादेश और सेशेल्स कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के पर्यवेक्षक के तौर पर काम कर रहे हैं। भविष्य में ओमान और म्यांमार को भी इसमें शामिल करने की योजना बनाई गई है। मालदीव की आर्थिक मुश्किलों में भारत एक महत्वपूर्ण भागीदार है। सूत्रों के मुताबिक 2024 में भारत ने 400 मिलियन डॉलर की करेंसी एक्सचेंज जैसी सहायता देकर मालदीव की आर्थिक स्थिति को संभालने में काफी मदद की है। इससे उसके व्यापार और वित्तीय स्थिरता को संभलने का मौका मिला है। भारत की ओर से समर्थित बड़ी परियोजनाएं, जैसे कि ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट और पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में निवेश, मालदीव के विकास और क्षेत्रीय एकता को बढ़ावा देने बहुत ही सहायक साबित हो रहे हैं। इसी दोस्ती का रंग और गाढ़ा करने के लिए पीएम मोदी की दो दिनी सार्थक यात्रा होने वाली है।

# जब न्याय रो पड़ा: ओडिशा की किशोरी और हमारी चुप्पी की कीमत



प्रो. आरके जैन

एक मासूम किशोरी की चीखें आग की लपटों में दफन हो गईं। ओडिशा की यह दिल दहलाने वाली घटना सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि हमारे समाज की उस घिनौनी सड़ांध का प्रतीक है, जो महिलाओं को असुरक्षित, लाचार और खामोश करने पर तुली है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जस्टिस सूर्यकांत और जायमाल्या बागची ने इस क्रूरता को शर्मनाक और हृदयविदारक करार देते हुए एक गंभीर सवाल उठाया—यह बर्बरता कब तक चलेगी? यह सवाल केवल अदालत की चारदीवारी तक सीमित नहीं, बल्कि हर उस इंसान के दिल को झकझोरता है, जो न्याय और मानवता में विश्वास रखता है। यह एक जागृति की पुकार है, जो हमें हमारी चुप्पी और उदासीनता पर सवाल उठाने को विवश करती है।

यह कोई अनोखी कहानी नहीं। ओडिशा की यह त्रासदी अकेली नहीं है; महाराष्ट्र, तमिलनाडु और देश के हर कोने से ऐसी ही रूह कंपा देने वाली घटनाएं सामने आती रहती हैं। सुप्रीम कोर्ट महिला वकील संघ की आवाज ने इस कड़वी सच्चाई को और उजागर किया—एक 15 वर्षीय बच्ची को जिंदा जला दिया गया, और यह अमानवीय सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। अदालत ने इसे महज एक घटना नहीं, बल्कि एक सामाजिक महामारी माना, जिसकी जड़ें हमारी रूढ़िगत मानसिकता, लचर व्यवस्था और गहरी उदासीनता में समाई हैं। पीठ ने सवाल उठाया, हम अपने समाज के सबसे कमजोर तबके—महिलाओं और बच्चों—को सशक्त और सुरक्षित बनाने के लिए क्या कर रहे हैं?

यह सवाल एक चुनौती है, जो हमें हमारी जिम्मेदारी और जवाबदेही का कठोर सत्य दिखाती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस संकट का एक ठोस समाधान पेश किया—ग्रामीण भारत में तालुका स्तर पर महिलाओं को प्रशिक्षित कर नियुक्त किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस अभियान का अगुआ बनाया जाए, ताकि वे गांव-गांव जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों की रोशनी दिखाएं। यह महज एक नीति नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का बीज है। ग्रामीण भारत, जहां शिक्षा, संसाधन और अवसरों की कमी महिलाओं को खामोशी थोपती है, वहां यह कदम एक नई सुबह का आगाज कर सकता है। अदालत ने अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों का आह्वान किया—ऐसे उपाय, जो तत्काल राहत दें और समाज की सोच को जड़ से बदल दें। स्कूली लड़कियों को सशक्त करना, बच्चों को सुरक्षित आश्रय देना, और महिलाओं को उनकी आवाज बुलंद करने में मदद करना—इसके लिए समाज के हर तबके से सुझाव मांगे गए। यह एक खुला निमंत्रण है—हर व्यक्ति, हर समुदाय, हर संस्था को इस परिवर्तन का सिपाही बनने का।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े इस कड़वी सच्चाई को और नंगा करते हैं। 2022 में, भारत में महिलाओं के खिलाफ 4,45,256 मामले दर्ज हुए—बलात्कार, घरेलू हिंसा, हत्या। ये सिर्फ वे जख्म हैं, जो कागजों तक पहुंचे। कितनी ही चीखें अनसुनी रह गईं, कितने ही दर्द दबकर रह गए। ये आंकड़े चीख-चीखकर बताते हैं कि हमारी व्यवस्था में गहरी खामियां हैं।

कानून बनाना, सजा देना, और फिर भूल जाना—यह चक्र अब टूटना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इस चक्र को तोड़ने का आह्वान किया है। यह केवल कानूनी कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक जवाबदेही का सवाल है।

# धनखड़ का इस्तीफा : विपक्ष मुखर क्यों है?



राधा रमण

भले ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वास्थ्य कारणों से दिया गया उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया हो और गृह मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी हो लेकिन इस विषय पर भाजपा की चुप्पी और विपक्ष की मुखरता कुछ ऐसे सवालों को जन्म देती है जिसका जवाब आना बाकी है। जगदीप धनखड़ ने सोमवार को देर शाम स्वास्थ्य कारणों से राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा भेज दिया था। अपने इस्तीफे में श्री धनखड़ ने लिखा कि 'चिकित्सकों की सलाह और स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देते हुए मैं संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के तहत तत्काल प्रभाव से उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मेरे कार्यकाल के दौरान महामहिम राष्ट्रपति से मिले सहयोग और शानदार कामकाजी संबंधों के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री से मिला सहयोग व समर्थन अमूल्य था। उनसे मैंने बहुत कुछ सीखा। संसद के सभी सदस्यों से मुझे जो गर्मजोशी, भरोसा और स्नेह मिला उसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगा और मेरी यादों में रहेगा।'

धनखड़ मंगलवार को न तो संसद पहुंचे और न ही विदाई समारोह में भाग लिया। बल्कि यह कहें कि परंपरा के तहत आयोजित किये जानेवाले विदाई समारोह का आयोजन ही नहीं किया गया। 74 वर्षीय जगदीप धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। उन्होंने 10 जुलाई को एक कार्यक्रम में कहा था कि 'ईश्वर की कृपा रही तो वह 10 अगस्त 2027 को रिटायर हो जाएंगे। इससे पहले इस साल मार्च में उन्हें स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। पिछले दिनों उत्तराखंड में एक कार्यक्रम के दौरान भी उन्हें चक्कर आ गया था। लेकिन फिलहाल वह स्वस्थ और पूरी तरह सक्रिय थे। सोमवार को भी वह दिन में संसद आये थे और राज्यसभा की कार्यवाही में बतौर सभापति सम्मिलित थे। दोपहर बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुलाई थी लेकिन संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू और राज्यसभा के नेता सदन जयप्रकाश नड्डा के गैरहाजिर रहने के कारण बैठक मंगलवार दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी गयी थी। वह काफी देर तक दोनों नेताओं के बैठक में आने का इंतजार करते रहे। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने यह कहकर चौंका दिया कि वह शाम साढ़े सात बजे तक सभापति के साथ थे और वह पूरी तरह ठीक और खुशमिजाज लग रहे थे। फिर अचानक क्या हो गया कि रात 9 बजे उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। अगर उपराष्ट्रपति का स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो सरकार को उनका बेहतर इलाज कराना चाहिए। वजह स्वास्थ्य नहीं कुछ और है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए।

शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने कहा कि जगदीप धनखड़ का इस्तीफा स्वास्थ्य कारणों से नहीं बल्कि सत्ता के शीर्ष से टकराव की वजह से हुआ है। धनखड़ का इस्तीफा उन लोगों की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करता है जिन्होंने उन्हें उपराष्ट्रपति पद तक पहुंचाया था। विपक्ष के कई सांसदों और नेताओं ने भी धनखड़ के इस्तीफे पर सरकार से सफाई मांगी है। इस बीच, बिहार भाजपा के एक बड़बोले विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने यह कहकर कयासों को जन्म दे दिया है कि 'अब जबकि जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। ऐसे में केंद्र सरकार को पहल करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उपराष्ट्रपति पद पर नियुक्त करना चाहिए।'

रात से लेकर मंगलवार को आधे दिन की खामोशी और सत्ता पक्ष के सन्नाटे के बाद दोपहर में प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि 'श्री जगदीप धनखड़ जी को उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं।' मंगलवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना पढ़ी गयी जिसमें उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को तुरंत प्रभाव से स्वीकार किये जाने की बात कही गयी है। देश के 72 वर्षों के संसदीय इतिहास में जगदीप धनखड़ पहले सभापति और उपराष्ट्रपति रहे हैं जिनके खिलाफ विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। हालांकि तकनीकी खामियों की वजह से वह खारिज हो गया था। तब विपक्ष ने उनपर पक्षपाती होने और सरकार के रिमोट से चलने का आरोप लगाया था। राजनीति की चाल, चरित्र भी अजीब है। आज वही विपक्ष जगदीप धनखड़ को ईमानदार, निष्पक्ष, काबिल और विपक्ष को सदन में संरक्षण देनेवाला बता रहा है। राज्यसभा में निर्दलीय सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल कहते हैं कि 'जगदीप धनखड़ राष्ट्रवादी और देशभक्त हैं। वह चाहते थे कि विपक्ष और सरकार मिलकर दुनिया में भारत की स्थिति को बेहतर बनाएं। ये उनकी खूबी थी।' राजस्थान के झुंझुनूं जिलान्तर्गत किठाना गांव में 18 मई 1951 को एक मध्यमवर्गीय जाट परिवार में जन्में जगदीप धनखड़ की विडंबना रही कि वह महज एक बार 1993 से 1998 तक बतौर कांग्रेस विधायक अपना अपना कार्यकाल पूरा कर सके। इससे पहले वह 1989 में जनता दल के टिकट पर झुंझुनूं संसदीय सीट से सांसद बने। इस दौरान प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की सरकार में वह संसदीय कार्यमंत्री बनाए गए थे। लेकिन सरकार के अल्पमत में आ जाने के कारण देश को मध्यावधि चुनाव में जाना पड़ा। उनका राजनीतिक करियर लगभग 30 वर्षों का है। 30 जुलाई 2019 को तब के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उन्हें पश्चिम बंगाल का राज्यपाल बनाया था जिस पद पर वह 18 जुलाई 2022 तक रहे। इस दौरान राज्य की ममता बनर्जी सरकार से उनका टकराव लगातार बना रहा। 11 अगस्त 2022 को वह देश के 14 वें उपराष्ट्रपति निर्वाचित किये गए। पेशे से वकीलजगदीप धनखड़ क़ानून के अच्छे ज्ञाता हैं। संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और पंथनिरपेक्षशब्द जोड़ा जाना उन्हें पसंद नहीं था और सबसे पहले उन्होंने ही इस मसले को उठाया था।न्यायपालिका पर उंगली उठना उन्हें गंवारा नहीं था। तभी तो दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन जस्टिसयशवंत वर्मा के घर मिले अधजले नोटों पर उन्होंने पक्ष-विपक्ष दोनों से महाभियोग प्रस्ताव लाने की मांग की थी। सोमवार को विपक्ष के महाभियोग प्रस्ताव को उन्होंने बिना देरी किये स्वीकार कर लिया। कयास तो यह भी है कि धनखड़ की यही जल्दबाजी उनके इस्तीफे का कारण बनी क्योंकि सरकार इसका श्रेय खुद लेना चाहती थी।

# मौजूदा समय में धर्म व राष्ट्र रक्षा का जागरण है कांवड़ यात्रा!



मनोज अग्रवाल

समय के साथ साथ परिवर्तन संसार का नियम है। ऐसे समय मे जब भारतीय डेमोग्राफी को प्रभावित करने के लिए देश विरोधी ताकतों द्वारा विदेशी फंडिंग से लवजेहाद और धर्मांतरण की बड़ी साजिश चल रहीं हैं वही अनेक ईसाई मिशनरिया गुपचुप ढंग से धर्मांतरण के काम को अंजाम दे रही हैतब एक सुप्त समाज के जागरण के लिए समेकित प्रयास जरूरी हो जाता है।

इस वसुंधरा को जीवंत रखने और जीने का अधिकार जिंदा कौमों को होता है यदि जिंदगी है तो उसमे जीवन का उत्सव भरा उत्साह और उमंग भी होना चाहिए इसी उत्सव उल्लास उमंग का यदि करीब से अनुभव महसूसु करना चाहते हैं तो सावन माह में गंगा जल ला रहे करोड़ों कांवड़ियों को देखिए। छोटे अधोवस्त्रों में कांधे पर कांवड़ लेकर पवित्र जल से अपने अराध्य भोले बाबा को जलाभिषेक करने के लिए सैकड़ों हजारों किलोमीटर की कष्ट भरी पदयात्रा हर किसी के बूते की बात नही है दस से पंद्रह दिन के लिए अपने घर बार नौकरी व्यापार को छोड़ कर भगवा अधोवस्त्रों में दुरूह यात्रा करना आसान नहीं है आप को बता दें कि एक कांवड़िया जब अपने घर से जल लेने के लिए कांवड उठा लेता है तो वह सिर्फ भोला कहलाता है उसकी पहचान जाति वर्ण क्षेत्र से नही होती है। जान लीजिए कि यात्रा के दौरान तमाम सौंदर्य प्रसाधन साबुन मंजन क्रीम का उपयोग भी वर्जित होता है। कांवड़ यात्रा स्वयं में एक साधना है अब इस में धर्म अध्यात्म के साथ राष्ट्र व धर्म रक्षा के लिए जागरूकता फैलाने का ध्येय भी जुड़ा है।

आपको बता दें कि सबसे अधिक कांवड़ यात्री उत्तराखंड के हरिद्वार से गंगा जल ले कर उठाते हैं। भगवान शिव की आराधना के लिए श्रावण मास श्रेष्ठ माना जाता है। इस महीने जिस प्रकार जम्मू-कश्मीर में श्री अमरनाथ धाम की यात्रा के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं, उसी प्रकार शीघ्र प्रसन्न होने वाले आशुतोष भगवान शिव शम्भू के जलाभिषेक के लिए लाखों युवा, बूढ़े और किशोर भक्तों द्वारा कांवड़ में पवित्र नदियों का जल भर कर ले जाने की परम्परा लम्बे समय से चली आ रही है।

श्रावण मास में कांवड़ उठाकर शिवालयों में गंगा जल चढ़ाने की शिव भक्तों की इस परम्परा ने आज एक मेले का रूप धारण कर लिया है। इनमें मात्र कंधे पर कांवड़ उठाकर चलने वाले भक्त ही नहीं होते, दंडवत होकर भारी कष्ट उठाते हुए सारा मार्ग लेट कर पूरा करने वाले शिव भक्त भी होते हैं। इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा पूरे उत्साह से जारी है।

अनेक स्थानों पर कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा करके उनका स्वागत किया जा रहा है तथा कांवड़ यात्रा मे शामिल झाकियां मौजूदा समय में धर्म समाज और राष्ट्र के सामने आ रही चुनौतियों के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास कर रहीं हैं। भक्तों को आकर्षित कर रही हैं हजारों झांकियां देश के बहुसंख्यक हिन्दू समाज को कायरता त्याग कर धर्म समाज की सुरक्षा रक्षा के लिए बिना जाति भाषा भेदभाव के एकजुट होकर धर्मांतरण और लवजेहाद में लगी असामाजिक चरमपंथी ताकतों के खिलाफ जागरूक करने का भी बहुत बड़ा काम कर रहीं हैं। इसी कड़ी में हिन्दू जागरण मंच श्रीगंगानगर नगर राजस्थान के स्वयंसेवी कांवड़ियों द्वारा लवजेहाद के खिलाफ एक मार्मिक झांकी हरिद्वार से श्रीगंगानगर नगर तक की कांवड यात्रा में शामिल कर समाज में जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया।

इसी तरह 'बागपत' (उत्तर प्रदेश) से लाई गई 'बुल्डोजर कांवड़' लोगों के आकर्षण का विषय बनी हुई है। इसमें बुल्डोजर पर भगवान शिव की भव्य प्रतिमा को भगवा ध्वज के साथ स्थापित किया गया है।एक कांवड़ यात्रा 'आप्रेशन सिंदूर' के थीम पर भी निकाली गई है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सेना का चित्र लगाया गया है और शहीद जवानों के फोटो लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई है।

'मेरठ' के 4 किसान भाई अपने माता-पिता को कंधे पर बिठा कर कांवड़ यात्रा पर निकले हैं और प्रतिदिन लगभग 15 किलोमीटर की यात्रा करते हैं। इससे पूर्व इन चारों भाइयों ने अपने दादा-दादी को भी इसी प्रकार 2 बार कांवड़ यात्रा करवाई थी इसी प्रकार 'मुजफ्फरनगर' की रहने वाली एक महिला अपने दिव्यांग पति को पीठ पर बिठाकर उसके स्वास्थ्य की कामना के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर 2 बच्चों के साथ कांवड़ लेकर निकली है।

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में कांवड़ सेवा शिविर में पहुंची 'कैराना' की सांसद 'इकरा हसन' ने अपने हाथों से भोजन परोस कर साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की और शिव भक्तों की सेवा कर सबका दिल जीत लिया। 'पटना' जिले के 'मारूफगंज' स्थित 'विशाल शिवधारी संघ' के 500 से अधिक शिवभक्तों ने 'सुल्तानगंज' से गंगाजल भर कर 54 फुट लम्बी विशाल कांवड़ के साथ देवघर के लिए यात्रा शुरू की है। इस कांवड़ पर चांदी का मंदिर, चांदी की छतरी और 6 बड़े घड़े लगे हैं जिनमें कुल 50 लीटर गंगा जल भरा गया है।

हरिद्वार' से निकाली गई एक अन्य कांवड़ यात्रा में गऊमाता की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग की गई है।

# लोकतंत्र की मंडी: यहाँ सब बिकता है!



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

रामपुरवा, एक नाम जो कभी गाँव की चौपालों पर ईमानदारी और सादगी का पर्याय हुआ करता था। जहाँ सूरज की पहली किरण के साथ ही खेतों में हल चलते थे और शाम को चौपाल पर बैठकर गाँव के बड़े-बुजुर्ग आपसी मसले सुलझाते थे। वहाँ के पहले पंचायत चुनाव का किस्सा आज भी बबुआ काका की आँखों में चमक ले आता है। वे बताते हैं, ₹अरे बेटा, वो दिन थे! उम्मीदवार घर-घर जाकर हाथ जोड़ते थे, अपनी 'सेवा' का वादा करते थे, और उनके पास देने को सिर्फ़ अपनी 'पसीने की कमाई' और 'ईमानदारी' होती थी।₹ तब 'जनता' मालिक थी और 'नेता' सेवक। सदन? वो तो मानो एक 'मंदिर' था, जहाँ हर बात पर 'विचार' होता था, 'विवाद' नहीं। लोग चरित्र देखते थे, न कि चरित्र प्रमाण पत्र में लिखी 'संपत्ति' का ब्यौरा। तब वोट 'आशीर्वाद' था, अब 'ऑफर' हो गया। वो कहते थे, हम आपके लिए जान हाज़िर कर देंगे, और सच में करते भी थे। आज के नेता कहते हैं, ₹हम आपकी जान हाज़िर कर देंगे , और सच में कर भी देते हैं। तब नेता 'सेवक' थे, अब 'सेविंग अकाउंट' हैं। उस दौर में, जब कोई चुनाव हारता था, तो गाँव वाले उसे दिलासा देते थे, ₹कोई बात नहीं, अगली बार फिर सेवा करना।₹ आज कोई हारता है, तो लोग कहते हैं, ₹कोई बात नहीं, अगली बार और 'खर्चा' करना।₹ वो दौर था, जब राजनीति 'धर्म' थी, और नेता 'धर्मात्मा'। अब राजनीति 'धंधा' है, और नेता 'धंधेबाज'। लेकिन, कहते हैं न, 'पतन' एक दिन में नहीं होता, वो धीरे-धीरे, चुपचाप आता है, जैसे दीमक लकड़ी को खा जाती है। रामपुरवा में भी बदलाव की पहली आहट तब सुनाई दी, जब 'चाय-पानी' के साथ 'मिठाई का डिब्बा' आने लगा। पहले यह 'प्रेम' का प्रतीक था, फिर 'प्रभाव' का और अंततः 'प्रलोभन' का।

वो नेता, जो कभी गाँव की कच्ची पगडंडियों पर नंगे पाँव चलते थे, अब 'एसयूवी' में बैठकर धूल उड़ाने लगे। उनकी 'साइकिल' की जगह 'स्कॉर्पियो' ने ले ली और 'सादे कुर्ते' की जगह 'रंगीन शॉल' ने। 'जन-सेवा' कब 'धन-सेवा' में बदल गई, किसी को पता ही नहीं चला। पहले 'विकास' का मतलब गाँव की सड़क, स्कूल या अस्पताल होता था, अब इसका मतलब नेताजी की 'कोठी' और 'बैंक बैलेंस' हो गया। जब पहला नेता चुनाव जीतने के बाद 'मिठाई' की जगह 'दारू' की बोतलें बंटवाने लगा, तो बबुआ काका ने सिर पकड़ लिया था। ₹ये क्या हो रहा है?₹ उन्होंने फुसफुसाया था, ₹ये तो 'लोकतंत्र' नहीं, 'लोकतन्त्र' है, जहाँ जनता को 'तंत्र' में उलझाकर 'लोका' जाता है।₹ पहले वोट 'आशीर्वाद' था, अब 'आफर' हो गया। वो दौर था जब नेता 'त्याग' की बात करते थे, अब 'त्यागपत्र' की धमकी देते हैं, अगर उनकी 'मांगें' पूरी न हों।

फिर आया 'लंगड़ा लखन' का दौर। लखन, जो गाँव में अपनी 'दबंगई' के लिए मशहूर था, जिसने कभी स्कूल का मुँह नहीं देखा था, अब 'पंचायत' का 'मुखिया' बनने चला था। उसके पास भाषण नहीं थे, सिर्फ़ 'लाठी' और 'लाल आँखें' थीं।









# सर्वार्थ सिद्धि योग में मनेगी हरियाली अमावस्या





**पूजा-पाठ के साथ ही किसी मंदिर में लगाएं पौधे, पितरों के लिए करें धूप-ध्यान**

इस साल हरियाली अमावस्या गुरुवार, 24 जुलाई को है। खास बात यह है कि इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है, जिससे इस तिथि का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया है। सावन माह की अमावस्या होने के कारण ये दिन भगवान शिव की आराधना, पितरों के तर्पण और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

**प्रकृति पूजन और पितृ तर्पण का पर्व**

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, अमावस्या तिथि के स्वामी पितृ देव हैं। इस दिन पूर्वजों की शांति के लिए श्राद्ध कर्म, तर्पण, पिंडदान और दान-पुण्य करना अत्यंत फलदायक है। दोपहर में पितरों के लिए धूप-ध्यान, तर्पण आदि शुभ करें।

हरियाली अमावस्या पर कर सकते हैं ये शुभ काम

तीर्थ स्नानः हरिद्वार, नासिक, गया, उज्जैन जैसी पवित्र नदियों में स्नान करें और नदी किनारे पितरों के लिए पिंडदान, जलदान और तर्पण कर सकते हैं।

**दान-पुण्यः** जरूरतमंदों को अनाज, वस्त्र, छाता, जूते, भोजन आदि का दान करें।

**सूर्य पूजाः** सुबह स्नान के बाद तांबे के लोटे से सूर्य को जल अर्पित करें और ॐ सूर्याय नमः मंत्र का जप करें।

**शिव पूजनः** भगवान शिव का रुद्राभिषेक करें। यदि अभिषेक करना संभव न हो तो शिवलिंग पर जल-दूध चढ़ाएं, बिल्वपत्र, धतूरा, चंदन, गुलाल व फूल अर्पित करें और ॐ नमः शिवाय का जप करें।

वृक्षारोपणः इस दिन किसी मंदिर या पार्क में पीपल, नीम, शमी, बरगद, आम जैसे छायादार पौधे लगाएं और उनकी देखभाल का संकल्प लें।

**विष्णु-लक्ष्मी पूजनः** दक्षिणावर्ती शंख में केसर मिश्रित दूध भरकर भगवान विष्णु का अभिषेक करें, भगवान को लाल-पीले चमकीले वस्त्र अर्पित करें और ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें।

**हनुमान पूजाः** हनुमान जी को दीपक जलाकर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करें।

श्रीकृष्ण का पूजनः बाल गोपाल और गौमाता की मूर्ति का अभिषेक करें, माखन-मिश्री का भोग लगाएं और कृं कृष्णाय नमः मंत्र का जप करें।

सावन मास की अमावस्या, खासकर गुरुवार को हो तो अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस बार इसका संयोग सर्वार्थ सिद्धि योग से होने के कारण यह दिन मनोकामना पूर्ति, पितृ पूजा और धार्मिक लाभ के लिए बहुत खास है।

# हरियाली अमावस्या पर क्यों करते हैं नान्दीमुख श्राद्ध





सावन मास की अमावस्या को हरियाली अमावस्या कहते हैं। इस बार यह अमावस्या 24 जुलाई 2025, दिन गुरुवार को मनाई जाएगी। इसी दिन गुरु पुष्य नक्षत्र का योग भी बन रहा है। इसी दिन पौधारोपण करने का भी महत्व है और इसी दिन नान्दीमुख श्राद्ध भी किया जाता है। श्राद्ध मुख्यतः 5 प्रकार के हैं- नित्य, नैमित्तिक, काम्य, वृद्धि और पार्वण। इसमें से नान्दीमुख श्राद्ध को ही वृद्धि श्राद्ध अथवा आभ्युदयिक श्राद्ध भी कहते हैं।

**क्यों करते हैं नान्दीमुख श्राद्ध?**

**1. पहला कारणः** जब भी घर परिवार में कोई विवाह, गृह प्रवेश, अन्य मांगलिक कार्य किए जाते हैं तो कार्य में किसी भी प्रकार के पितरों की ओर से कोई विघ्न न हो और उनका आशीर्वाद प्राप्त हो, इसलिए मांगलिक कार्य के पूर्व नान्दीमुख श्राद्ध करने का विधान है। यह श्राद्ध किसी भी अमावस्या को या शुभ अवसरों पर कर सकते हैं। वर्तमान में देव सो गए हैं इसलिए मांगलिक कार्य बंद है। उससे पूर्व ही यह श्राद्ध करते हैं। नंदी का अर्थ है सुख या आनंद और मुख का अर्थ है मुख या आरंभ। यानी सुखद या शुभ कार्यों के प्रारंभ से पहले पितरों का स्मरण और तर्पण करना। नान्दीमुख श्राद्ध यह 'प्रेत श्राद्ध' नहीं होता, बल्कि यह शुभता के लिए किया जाने वाला श्राद्ध होता है।

**2. दूसरा कारणः** यदि किसी के भी घर परिवार में किसी भी परिजन का देहांत हो गया है और उसका अभी तक श्राद्ध नहीं किया है। यानी पहली बार श्राद्ध किया जा रहा है तो फिर विधिवत रूप से नान्दीमुख श्राद्ध करते हैं। यानि किसी भी पितर का पहली बार श्राद्ध किया जा रहा है तो उसका नांदी श्राद्ध करते हैं। इससे पितरों को मुक्ति मिलती है और वे अपनी संतानों को इस कार्य के लिए भरपूर आशीर्वाद देते हैं। हरियाली अमावस्या से पितरों को मुक्ति देने के लिए एक बहुत ही शुभ और शक्तिशाली दिन माना जाता है। इसमें पितरों की शांति के लिए किए जाने वाले कर्म तर्पण, सपिंडक, पिंडदान आदि कर्म करने का एक विधान भी है।

**नांदी श्राद्ध कैसे करते हैं?**

नंदी श्राद्ध की विधि शिव पुराण में विस्तार से बताई गई है। पंडितों के माध्यम से इस श्राद्ध को कराया जाता है। इस श्राद्ध को करने में प्रारंभ से लेकर कई तरह के कर्मकांड किए जाते हैं। षोडशमातृका पूजन, सप्त घृत मातृका, वसोर्धारा के अंतर्गत पवित्रिकरण, पवित्रीधारण, आचमन, आसन शुद्धि, शिखा बंधन, प्राणायाम, पंचगव्य निर्माण, संकल्प, आवाहन, तर्पण, पिंडदान, ब्राह्मण भोजन, आशीर्वाद ग्रहण आदि अनेक कर्म



करते हैं। इसमें सबसे पहले मातृका पूजन और वसोर्धारा का कर्मकांड करते हैं। इसके बाद सपिण्ड, पिंड रहित, आमान्न और हेम श्राद्ध करते हैं।

**नांदीमुख श्राद्ध करने का लाभ क्या है?**

इस श्राद्ध को करने से सभी तरह के मांगलिक कार्य निर्विघ्न सम्पन्न होते हैं।

इस श्राद्ध को करने से सभी तरह के पितृदोष, देव दोष, सर्प दोष आदि दूर हो जाते हैं।

इससे का भरपूर आशीर्वाद मिलता है जिसके चलते जीवन में चली आ रही समस्याओं का निदान होता है।

इस श्राद्ध को करने से पितरों को शांति मिलती हैं और वे सद्गति को प्राप्त होते हैं। यह श्राद्ध जातक के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि को लाता है।

# क्यों हर सुबह सूरज को जल चढ़ाना लाता है सेहत



**सूर्य अर्घ्य का धार्मिक महत्व**

सूर्य को हिन्दू धर्म में देवता का दर्जा दिया गया है। उन्हें साक्षात भगवान विष्णु और ब्रह्मा का स्वरूप माना गया है। वे ही ऐसे देव हैं जो प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देते हैं और हमें जीवन, प्रकाश और ऊर्जा देते हैं। यही कारण है कि उन्हें दिन की शुरुआत में नमस्कार और अर्घ्य देकर सम्मान दिया जाता है। कई धार्मिक ग्रंथों में सूर्य देव को अर्घ्य देने से पापों का नाश और पुण्य की प्राप्ति का उल्लेख मिलता है।

**वैज्ञानिक नजरिए से क्यों फायदेमंद है**

जब हम सुबह खुले आसमान के नीचे खड़े होकर सूर्य की ओर मुख करके जल अर्पित करते हैं, तो हमारे शरीर को प्राकृतिक विटामिन D मिलती है। यह हड्डियों को मजबूत करती है और इम्युनिटी को बढ़ाती है। साथ ही सूर्य की पहली किरण आंखों और दिमाग पर भी सकारात्मक असर डालती है। जब हम तांबे के लोटे से जल अर्पित करते हैं, तो यह धातु शरीर के भीतर संतुलन बनाने में मदद करती है।

सूर्य अर्घ्य देने का सही तरीका

सुबह जल्दी उठकर स्नान कर लें और साफ कपड़े पहनें। पूर्व दिशा की ओर मुख करके, एक तांबे के लोटे में साफ जल लें। उसमें थोड़ा सा लाल चंदन, अक्षत (चावल) और एक फूल डाल सकते हैं। फिर सूर्य की पहली किरण पर नजर रखते हुए दोनों हाथों से धीरे-धीरे जल अर्पित करें। जल गिरते समय हाथ जोड़कर "ॐ सूर्याय नमः" या "ॐ आदित्याय नमः" मंत्र बोलें।

कौन-कौन से लाभ मिलते हैं सूर्य को जल चढ़ाने से

मानसिक तनाव और बेचैनी कम होती है।

सेहत बेहतर रहती है, खासकर त्वचा और हड्डियों से जुड़ी समस्याएं नहीं होतीं।

आत्मविश्वास और निर्णय लेने की शक्ति बढ़ती है।

सूर्य ग्रह की स्थिति मज़बूत होती है, जिससे नौकरी, करियर और धन से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं।

घर में पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है।

संतान सुख की प्राप्ति के लिए भी ये उपाय फायदेमंद होता है।

सूरज की पूजा करने से आलस दूर होता है और दिन भर एक्टिव रहने में मदद मिलती है।

**सूर्य अर्घ्य का ज्योतिषीय महत्व**

ज्योतिष में सूर्य को आत्मा, सम्मान, पिता और सरकारी सेवा का कारक माना गया है। जिन लोगों की कुंडली में सूर्य कमजोर होता है, उन्हें बार-बार फेलियर, आत्मविश्वास की कमी और मानसिक भ्रम जैसी समस्याएं आती हैं। ऐसे लोगों को रोज सूरज को जल चढ़ाने की सलाह दी जाती है। यह उपाय उनकी कुंडली में सूर्य को मज़बूत करता है और जीवन में स्थिरता लाता है।

**किन्हें नियमित रूप से अर्घ्य देना चाहिए**

जिन लोगों को नौकरी में प्रमोशन नहीं मिल रहा हो। जिनका आत्मविश्वास बार-बार डगमगाता हो। जो सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हों। जिनके घर में बार-बार क्लेश या आर्थिक समस्या रहती हो। जिनकी सेहत बार-बार बिगड़ती हो।

सूर्य को अर्घ्य देना एक ऐसा सरल लेकिन असरदार उपाय है जो हर उम्र, हर परिस्थिति और हर जाति-धर्म के व्यक्ति के लिए फायदेमंद है। इसे अपनाकर आप न सिर्फ आध्यात्मिक लाभ पा सकते हैं, बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से भी मज़बूत बन सकते हैं। रोज़ सुबह बस 5 मिनट का यह छोटा-सा नियम आपके पूरे दिन को सकारात्मक और ऊर्जावान बना सकता है।

**सूर्य अर्घ्य देने का सही तरीका**

सुबह जल्दी उठकर स्नान कर लें और साफ कपड़े पहनें। पूर्व दिशा की ओर मुख करके, एक तांबे के लोटे में साफ जल लें। उसमें थोड़ा सा लाल चंदन, अक्षत (चावल) और एक फूल डाल सकते हैं। फिर सूर्य की पहली किरण पर नजर रखते हुए दोनों हाथों से धीरे-धीरे जल अर्पित करें। जल गिरते समय हाथ जोड़कर "ॐ सूर्याय नमः" या "ॐ आदित्याय नमः" मंत्र बोलें।

कौन-कौन से लाभ मिलते हैं सूर्य को जल चढ़ाने से

मानसिक तनाव और बेचैनी कम होती है।

सेहत बेहतर रहती है, खासकर त्वचा और हड्डियों से जुड़ी समस्याएं नहीं होतीं।

आत्मविश्वास और निर्णय लेने की शक्ति बढ़ती है।

सूर्य ग्रह की स्थिति मज़बूत होती है, जिससे नौकरी, करियर और धन से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं।

घर में पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है।

संतान सुख की प्राप्ति के लिए भी ये उपाय फायदेमंद होता है।

सूरज की पूजा करने से आलस दूर होता है और दिन भर एक्टिव रहने में मदद मिलती है।

**सूर्य अर्घ्य का ज्योतिषीय महत्व**

ज्योतिष में सूर्य को आत्मा, सम्मान, पिता और सरकारी सेवा का कारक माना गया है। जिन लोगों की कुंडली में सूर्य कमजोर होता है, उन्हें बार-बार फेलियर, आत्मविश्वास की कमी और मानसिक भ्रम जैसी समस्याएं आती हैं। ऐसे लोगों को रोज सूरज को जल चढ़ाने की सलाह दी जाती है। यह उपाय उनकी कुंडली में सूर्य को मज़बूत करता है और जीवन में स्थिरता लाता है।

# यूपी के परिखरा गांव में सर्पदंश से नहीं गई किसी की जान

जब भी भारत में चमत्कारों की बात होती है, तो कई रहस्यमयी कहानियां सामने आती हैं। ऐसी ही एक हैरान कर देने वाली सच्ची कहानी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से है। यहां एक ऐसा गांव है, जहां आज तक किसी भी इंसान की मौत सांप के काटने से नहीं हुई है। ये बात सुनने में भले ही अविश्वसनीय लगे, लेकिन इस गांव के लोग इसे पूरी आस्था और विश्वास के साथ मानते हैं।

इस मान्यता के पीछे एक ऐतिहासिक घटना और एक महिला का वरदान जुड़ा है, जिसे आज तक यहां के लोग पूरी श्रद्धा से मानते आ रहे हैं। आइए जाते हैं इस चमत्कार की पूरी कहानी।

**नाग माता का चमत्कारी वरदान**

बलिया जनपद के परिखरा गांव में चंदेल वंशज जयप्रकाश नारायण सिंह बताते हैं कि उनके परिवार की एक बेटी रामवती देवी, जिन्हें लोग नाग माता के नाम से जानते हैं, की मृत्यु सांप के काटने से हुई थी। वो मिट्टी के बने घर में अनाज निकालने गई थीं, तभी उन्हें सांप ने डस लिया था।

मान्यता है कि मरने से पहले नाग माता ने कहा था — "आज के बाद इस गांव में किसी की भी मौत सांप के काटने से नहीं होगी।" इसके बाद गांव में एक अनोखी परंपरा शुरू हुई। यहां अगर किसी को सांप दिखता है, तो लोग नाग माता का नाम लेकर एक रुपये के सिक्के से उसके चारों ओर घेरा बना देते हैं। हैरानी की बात है कि सांप उस घेरे से बाहर नहीं निकलता। बाद में उसे डंडे या लकड़ी से पकड़कर बाहर छोड़ दिया जाता है। कोई भी उसे मारता नहीं है।

**सर्पदंश से नहीं हुई कोई मौत**

गांव के बुजुर्गों और इतिहासकारों का दावा है कि अब तक इस गांव में सर्पदंश से किसी की भी मौत नहीं हुई है। पहले नाग माता की पूजा केवल चंदेल वंश के लोग करते थे, लेकिन अब पूरा गांव श्रद्धा से उनकी पूजा करता है। पहले उनकी पूजा घर में होती थी, लेकिन अब गांव के शिवाला स्थान पर उनका मंदिर बना दिया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि जो लोग गांव से बाहर भी रहते हैं, वे भी शादी-विवाह या किसी शुभ काम के बाद नाग माता की पूजा करने जरूर आते हैं। अगर ऐसा न किया जाए तो चंदेल वंश के लोगों का मानना है कि नाग माता पीले रंग के लगभग एक हाथ लंबे सांप के रूप में दिखाई देती हैं और तब तक दिखती रहती हैं जब तक पूजा न कर ली जाए।

**चश्मदीदों की जुबानी गांव की महिमा**

गांव के 65 वर्षीय बुजुर्ग दयानंद मिश्रा बताते हैं कि उन्होंने अपने जीवन में कभी भी गांव में किसी की मौत सांप के डसने से नहीं देखी। गांव का क्षेत्रफल लगभग 1600 बीघा है, और पूरा इलाका इस मान्यता को पूरी तरह मानता है।

वहीं, स्थानीय निवासी नवनीत मिश्रा कहते हैं कि नाग माता की कृपा से आज तक किसी पर भी सांप के जहर का असर नहीं होता। उनका मानना है कि यह कोई लोककथा नहीं, बल्कि एक जीवित परंपरा है जिसे आज भी गांव वाले अपने अनुभवों से महसूस करते हैं।

इतिहासकार ने भी माना मान्यता का महत्व बलिया के प्रख्यात इतिहासकार डॉ। शिवकुमार सिंह कौशिकेय का कहना है कि यह परंपरा चंदेल वंश की बेटी नाग माता से जुड़ी हुई है। उनकी मृत्यु सांप के काटने से हुई थी, लेकिन मरते वक्त उन्होंने गांव



को वरदान दिया कि अब किसी को सर्पदंश से नुकसान नहीं होगा।


इतिहासकार यह भी मानते हैं कि यह गांव केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि जैव विविधता यानी प्राकृतिक संतुलन का अनोखा उदाहरण भी है। उनका कहना है कि जो भी व्यक्ति नाग माता का नाम लेकर उनसे सहायता मांगता है, वह चाहे जहां भी हो, बच जाता है। इसी वजह से लोग इस जगह को चमत्कारी मानते हैं।

# 80 टन का है बृहदेश्वर मंदिर का शिखर

## दो मंजिल जितना बड़ा शिवलिंग, 1 हजार साल से भी है पुराना

**80 टन का अखंड शिखर**

भगवान शिव को समर्पित बृहदेश्वर मंदिर, जिसे 'पेरुवुदैयार कोविल' भी कहते हैं, द्रविड़ वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसका 200 फीट ऊंचा विमान (शिखर) दुनिया के सबसे ऊंचे मंदिर शिखरों में से एक है। इस पर 80 टन का अखंड ग्रेनाइट गुंबद स्थापित है, जिसे ऊंचाई पर ले जाने के लिए चोल इंजीनियरों ने एक विशेष झुकाव वाला पुल बनाया था। आश्चर्य की बात यह है कि तंजावुर में ग्रेनाइट खदानें नहीं थीं, फिर भी पूरा मंदिर ग्रेनाइट ब्लॉकों से बना है।



**3000 हाथियों की मदद से लाए ग्रेनाइट पत्थर**

इतिहासकारों के अनुसार, 3000 हाथियों और सैकड़ों बैलों की मदद से ग्रेनाइट को दूर की खदानों से नदियों और नहरों के रास्ते लाया गया। मंदिर की दीवारें चोल काल के भित्तिचित्रों और शिलालेखों से सजी हैं, जो उस समय के दैनिक जीवन, शाही समारोहों, धार्मिक अनुष्ठानों और भरतनाट्यम को दिखाती हैं। शिलालेख चोल राजवंश, उनके प्रशासन और विजयों की ऐतिहासिक जानकारी देते हैं।

चोल शासक राजराज प्रथम, जो भगवान शिव के भक्त थे, उन्होंने 1004 ईस्वी में इस मंदिर की नींव रखी थी। शिलालेखों के अनुसार, 1010 ईस्वी में मंदिर के विमान पर सोने का कलश स्थापित किया गया, यानी यह भव्य मंदिर सिर्फ छह साल में बनकर तैयार हुआ। चोल राज में बृहदेश्वर मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक केंद्र भी था। शाम को लोग यहां संगीतकारों और देवदासियों के नृत्य का आनंद लेने जुटते थे।

**160 दीपक और मशालों से रोशन होता था मंदिर**

मंदिर को रोशन करने के लिए 160 दीपक और मशालें जलाई जाती थीं, जिनके लिए 2832 गायों, 1644 भेड़ों और 30 भैंसों से घी की आपूर्ति होती थी। चरवाहों को इसके लिए जमीनें दी गई थीं।

**विशिष्ट द्रविड़ शैली का मंदिर है बृहदेश्वर**

मंदिर का गर्भगृह, अर्धमंडप, महामंडप, मुखमंडप और नंदी मंदिर पूर्व-पश्चिम अक्ष पर बने हैं। परिसर में गणेश, सुब्रह्मण्यम, बृहन्नायकी, चंडिकेश्वर और नटराज के मंदिर भी हैं। विशाल द्वारपाल मूर्तियां चोल कला की विशेषता दिखाती हैं। एक दोहरी दीवार वाले प्रांगण के भीतर स्थित, बृहदेश्वर एक विशिष्ट द्रविड़ शैली का मंदिर है, जिसमें प्रवेश करने के लिए पूर्व में बड़े प्रवेश द्वार हैं, जिन्हें गोपुरम कहा जाता है। इस मंदिर में विशेष रूप से दो गोपुरम हैं। प्रवेश द्वार की रखवाली करने वाले, पत्थर के एक-एक खंड से बने दो द्वारपाल हैं। इस गोपुरम में भगवान शिव के जीवन के दृश्यों की नक्काशी भी है।

**दो मंजिला है गर्भगृह, दो मंजिल जितना बड़ा शिवलिंग**

नंदी मंडप के अंदर मुखमंडप और महामंडप भी हैं। इसके आगे अर्धमंडप है जो गर्भगृह से जुड़ा हुआ है। दो मंजिला गर्भगृह है, जिसके केंद्र में एक विशाल लिंग स्थित है। दो मंजिलों जितना बड़ा, यह शिवलिंग उस समय के सबसे विशाल लिंगों में से एक माना जाता है। गर्भगृह एक ऊंचे चबूतरे पर स्थित है और इसकी योजना वर्गाकार है। इसके चारों ओर एक गलियारा है जो परिक्रमा पथ है।

# एक्टिंग छोड़ देंगे पवन कल्याण? बताया अपना फ्यूचर प्लान, बोले- प्रशासन मेरी प्राथमिकता

पावर स्टार के नाम से मशहूर साउथ अभिनेता पवन कल्याण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'हरि हर वीरमल्लु' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। ये फिल्म आज यानी 24 जुलाई को ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लेकिन हैरानी की बात ये है कि पवन कल्याण फिल्म के प्रमोशन में सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। फिल्म के मेकर्स तो इसका प्रमोशन कर रहे हैं, लेकिन पवन कल्याण प्रमोशन से गायब हैं। अब एक्टर ने अपने आगे के करियर को लेकर एक बड़ा बयान दिया है और अपनी योजना बता दी है।

**पवन कल्याण ने बताया फ्यूचर प्लान**

आंध्र प्रदेश का उपमुख्यमंत्री बनने के बाद से पवन कल्याण अपनी पहले की साइन की हुई फिल्मों की शूटिंग पूरी कर रहे हैं। हालांकि, वो फिल्मों पर अब उतना ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, जिसके चलते उन्हें राजनीति और सिनेमा के बीच संतुलन बनाने को लेकर आलोचनाओं का भी शिकार होना पड़ रहा है। अब इन सब बातों पर जवाब देते हुए अभिनेता ने कहा कि 'हरि हर वीरमल्लु', 'दे कॉल हिम ओजी' और 'उस्ताद भगत सिंह' जैसी फिल्मों के बाद वो अभिनय छोड़ने की योजना बना रहे हैं।



**सरकार में आने के बाद भी की फिल्मों की शूटिंग**

राजनीति में आने के बाद भी फिल्में जारी रखने पर विपक्ष की आलोचनाओं पर जवाब देते हुए पवन कल्याण ने कहा कि जब मैंने ये तीनों फिल्में साइन की थीं, तो मैंने इन्हें चुनाव से पहले पूरा करने की योजना बनाई थी। हालांकि, कुछ राजनीतिक घटनाओं के कारण चुनाव से पहले का समय चला गया। मैंने तीनों फिल्मों के निर्माताओं से माफी मांगी क्योंकि मुझे फिल्में पूरी करने के लिए कुछ और दिन चाहिए थे। सत्ता में आने के बाद भी मैंने फिल्मों की शूटिंग के लिए समय निकाला और दिन में सिर्फ दो घंटे ही शूटिंग की।

**नहीं साइन की कोई नई फिल्म**

अपने पेंडिंग प्रोजेक्ट्स के बारे में अभिनेता ने बताया कि उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट साइन नहीं किया है। मैंने 'ओजी' की शूटिंग पूरी कर ली है और 'उस्ताद भगत सिंह' को पूरा करने के लिए मेरे पास लगभग पांच दिन बचे हैं। आने वाले वक्त में अगर राजनीति और फिल्मों के टकराव की बात आती है तो मैं एक्टिंग नहीं करूंगा। मैं फिल्में छोड़ दूंगा क्योंकि मेरी प्राथमिकता प्रशासन और जनसेना पार्टी है।

हालांकि, मुझे अपनी आर्थिक जरूरतों के लिए सिनेमा की जरूरत है। इसलिए मैं आने वाले समय में फिल्मों के निर्माण पर ध्यान दूंगा। अगर मैं एक्टिंग करूंगा भी तो दिन में सिर्फ दो घंटे ही करूंगा। लेकिन फिलहाल अभी मैंने कोई और फिल्म साइन नहीं की है।

**रिलीज होगी 'हरि हर वीरमल्लु'**

कृष और ज्योति कृष्णा द्वारा निर्देशित 'हरि हर वीरमल्लु' पिछले पांच साल से बन रही है। अब फिल्म आज रिलीज होगी। फिल्म में पवन कल्याण के साथ बॉबी देओल और निधि अग्रवाल मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म एक ऐसे डाकू की कहानी है जो कोहिनूर की खोज में औरंगजेब से भिड़ जाता है।

## बिना जिम किए बोनी कपूर ने घटा लिया 26 किलो वजन, फैंस रह गए दंग



बॉलीवुड निर्माता बोनी कपूर इन दिनों अपने ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर सुर्खियों में हैं। जहां पहले बोनी का वजन काफी ज्यादा था, वहीं अब वो एकदम स्लिम लुक में नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनकी हालिया तस्वीरें देखकर लोग भी हैरान रह गए हैं कि आखिरकार बोनी ने इतना वजन घटाया कैसे।

**26 किलो वजन किया कम**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बिना किसी जिम ट्रेनिंग के, बिना डंबल उठाए, बोनी कपूर ने 26 किलो वजन घटा लिया है। खास बात ये है कि जहां आमतौर पर सेलेब्स फिटनेस के लिए पर्सनल ट्रेनर और कड़े वर्कआउट का सहारा लेते हैं, वहीं बोनी ने अपनी खाने-पीने की आदतों में बदलाव किया।

रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने रात का खाना पूरी तरह छोड़ दिया और डिनर की जगह सिर्फ सूप लेना शुरू किया। वहीं सुबह का नाश्ता सीमित रखते हुए उन्होंने सिर्फ जूस और ज्वार की रोटी को ही अपनाया। कोई खास एक्सरसाइज या योग दिनचर्या उन्होंने नहीं किया। यानी उन्होंने वजन सिर्फ डाइट को कंट्रोल में रखकर घटाया।

बोनी कपूर ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपने इस जर्नी के बारे में बात करते हुए एक इंटरव्यू में बताया था कि बदलाव का ये सिलसिला तब शुरू हुआ, जब उन्हें अपनी दिवंगत पत्नी श्रीदेवी की कही एक बात याद आई। श्रीदेवी चाहती थीं कि बोनी सबसे पहले वजन घटाएं और फिर हेयर ट्रांसप्लांट कराएं। हालांकि इससे पहले बोनी ये सब कर पाते उससे पहले ही श्रीदेवी दुनिया के अलविदा कह गईं।

इसी बीच प्रोड्यूसर ने अपनी दिवंगत पत्नी को एक बार फिर याद किया है। उन्होंने श्रीदेवी की एक फोटो शेयर करते हुए लिखा- 'वो मुझे देख रही हैं और मुस्कुरा रही हैं। ये हमारी शादी के पहले की तस्वीर है।' बता दें बोनी अक्सर अपनी और श्रीदेवी की पुरानी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करके उन्हें याद करते रहते हैं।

## 'बिग बॉस 19' के लिए भाईजान ले रहे तगड़ी रकम, 3 महीने में छापने वाले हैं 150 करोड



सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 19' अगले महीने यानी 30 अगस्त को प्रीमियर होने वाला है। इसको लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। लंबे समय से इसके कंफर्म कंटेस्टेंट्स की टेंटेटिव लिस्ट भी सामने आ रही है लेकिन अभी कुछ पुष्टि नहीं हुई है। इस बार ये तीन महीने टेलीकास्ट होगा, जो सीजन का सबसे लंबा शो होगा। अब सलमान खान की फीस के बारे में भी बड़ा अपडेट सामने आया है। बताया गया है कि वह इन तीन महनों में कितना चार्ज करेंगे।

'बिग बॉस 19' में सलमान खान की फीस को लेकर बताया है कि एक्टर की फीस करीब 120 से 150 करोड़ रुपये के बीच है। वह 15 हफ्ते इस शो को होस्ट करेंगे। और हर हफ्ते वह करीब 8 से 10 करोड़ रुपये की कमाई करेंगे। सोर्सेस के हवाले से बताया गया है कि ये शो OTT पर भी स्ट्रीम होगा और टीवी पर दोबारा टेलीकास्ट किया जाएगा। इसलिए इसे ओटीटी वर्जन ही माना जा रहा है। साथ ही ये भी बताया है कि इस बार का सीजन पिछले सीजन की तुलना में कम बजट वाला है।

**सलमान खान की 'बिग बॉस 19' में फीस**

सलमान खान ने 'बिग बॉस ओटीटी 2' को होस्ट करने के लिए करीब 96 करोड़ रुपये लिए थे। और 'बिग बॉस 18' के लिए उनकी फीस कथित तौर पर 250 करोड़ रुपये थी। जबकि एक्टर ने 'बिग बॉस 17' के लिए 200 करोड़ रुपये चार्ज किए थे। कुल मिलाकर एक्टर की फीस हर सीजन में बढ़ती देखी गई है। और इस बार भी वह मोटा अमाउंट ले रहे हैं। बताया गया था कि 21 जुलाई को वह शो का प्रोमो शूट करेंगे, जो राजनीति की थीम पर आधारित होगा।

**'बिग बॉस 19' के कंटेस्टेंट्स**

'बिग बॉस 19' को लेकर बीच में खबर आई थी कि 5 महीने चलने वाले इस शो को पहले तीन महीने सलमान खान और बाकी के दो महीने दूसरे गेस्ट होस्ट करेंगे। इसमें फराह खान, करण जौहर और अनिल कपूर का नाम सामने आ रहा है। जियो हॉटस्टार पर आ रहे इस धमाकेदार सीजन के कंटेस्टेंट्स के लिए तमाम सेलेब्स के नाम सामने आए हैं, जिसमें गौतमी कपूर, धीरज धूपर, अलीशा पंवार, खुशी दुबे, गौरव तनेजा, मिस्टर फैसु, अपूर्व मुखीजा, पूरव झा, गौरव खन्ना, धनश्री वर्मा, श्रीराम चंद्रा, अर्शिफा खान, मिकी मेकओवर शामिल हैं।

## 'तुम कहां हो अल्लू अर्जुन', 'पुष्पा' फेम एक्टर को याद करते हुए पूजा हेगड़े ने क्यों शेयर की पोस्ट



पूजा हेगड़े ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में एक फोटो पोस्ट की है, जिसमें वह कुछ लोगों के साथ नजर आ रही हैं। इसी फोटो पर पूजा हेगड़े ने लिखा, 'तुम कहां हो अल्लू अर्जुन।' बाद में इसी पोस्ट को अल्लू अर्जुन ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाया और एक खास मैसेज पूजा हेगड़े के नाम लिखा। आखिर पूजा हेगड़े और अल्लू अर्जुन किस बात को लेकर इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर कर रहे हैं।

**पूजा हेगड़े ने क्यों की अल्लू अर्जुन से शिकायत**

पूजा हेगड़े ने अल्लू अर्जुन के साथ एक साउथ फिल्म कुछ साल पहले की थी, इसका नाम 'डीजे' था। इस फिल्म से जुड़ी रीयूनियन पार्टी में पूजा हेगड़े शामिल हुईं। इस गेट-टूगेदर में 'डीजे' फिल्म के डायरेक्टर हरीश शंकर, म्यूजिशियन देवी श्रीप्रसाद और सिनेमेटोग्राफर अयनक बोस नजर आए। पूजा हेगड़े के साथ सबके एक फोटो क्लिक करवाई और इसे एक्ट्रेस ने पोस्ट किया। इस फोटो में अल्लू अर्जुन नहीं थे क्योंकि वह 'डीजे' फिल्म की रीयूनियन में नहीं आ सके। इस कारण ही पूजा हेगड़े अल्लू अर्जुन को याद कर रही हैं।

**अल्लू अर्जुन ने किया ये वादा**

पूजा हेगड़े की इस पोस्ट को अल्लू अर्जुन ने भी इंस्टाग्राम पर री-पोस्ट किया और लिखा- 'अगली बार जरूर।' वह 'डीजे' की रीयूनियन में अगली बार शामिल होने का वादा पूजा हेगड़े से करते हैं। इन दिनों अल्लू अर्जुन अपनी फैमिली के साथ अमेरिका में वेकेशन पर हैं।

**पूजा हेगड़े की आने वाली फिल्में**

इन दिनों पूजा हेगड़े रजनीकांत की फिल्म 'कुली' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह एक अहम किरदार निभाने वाली हैं। इसके अलावा वह एक हिंदी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में नजर आएंगी।

## तनुश्री दत्ता के घर पहुंची मुंबई पुलिस कल रोते हुए शेयर किया था वीडियो


बीती रात तनुश्री दत्ता ने अपने सोशल मीडिया पर अपना रोते हुए एक वीडियो शेयर किया था। इसमें उन्होंने बताया कि उन्हें अपने ही घर पर शोषण का सामना करना पड़ रहा है। जिससे तंग आकर अभिनेत्री ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है। अब ओशिवारा पुलिस की एक टीम सुबह उनके घर समर्थ आंगन पहुंची।

**40 मिनट तक बिल्डिंग में रही पुलिस**

पुलिस लगभग 40 मिनट तक बिल्डिंग में रही और तनुश्री से बातचीत की। इसके बाद इतना कहा कि सब ठीक है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने तनुश्री को थाने आकर अपना बयान दर्ज कराने को कहा है।

**तनुश्री ने अपने ही घर में शोषण किए जाने के लगाए आरोप**

अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने बीती रात सोशल मीडिया पर एक चौंकाने वाला वीडियो शेयर किया था। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में अभिनेत्री बिलख-बिलख कर रोती दिख रही हैं। वीडियो में वो कहती हैं कि पिछले कई वर्षों से उन्हें अपने ही घर में शोषण का सामना करना पड़ रहा है। अब





पुलिस वहां से लौट गई। मीडिया से बातचीत में पुलिस ने ज्यादा जानकारी नहीं दी, बस इस सबसे तंग आकर उन्होंने कल पुलिस बुलाई थी और शिकायत की थी।

### अहान की तारीफ में रूमर्ड गर्लफ्रेंड ने लिखा इमोशनल नोट

## सैयारा देख बोलीं- मैं तुमसे प्यार करती हूं, ये स्टेज तुम्हारा है अहान पांडे



अहान पांडे और अनीत पड्डा स्टारर फिल्म 'सैयारा' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। दोनों डेब्यूटेंट की एक्टिंग की हर ओर तारीफ हो रही है। ऐसे में अहान पांडे की रूमर्ड गर्लफ्रेंड श्रुति चौहान ने फिल्म देखने के बाद एक्ट्रेस के लिए एक इमोशनल नोट शेयर किया। नोट में वो अहान की तारीफ करते हुए, इसे उनके जीवन भर का सपना सच होने जैसा बताया।

श्रुति अहान को इंस्टाग्राम स्टोरी में टैग करके लिखती हैं- 'उस लड़की के लिए जिसने जीवन भर इसका सपना देखा, उस लड़की के लिए जिसने इसमें तब विश्वास किया जब किसी और ने नहीं किया, उस लड़की के लिए जिसने इस पल के लिए अपना सब कुछ दे दिया। जो इससे भी अधिक इसका हकदार है। ये स्टेज तुम्हारा है अहान पांडे। मैं तुमसे प्यार करती हूं। मुझे तुम पर गर्व है। मैं रो रही हूं, मैं चीख रही हूं और बस यही कामना और प्रार्थना कर रही हूं कि तुम्हें और भी बहुत कुछ मिले। आखिरकार दुनिया तुम्हें और तुम क्या कर सकते हैं, यह जान जाएगी।'

श्रुति स्टोरी में डायरेक्टर मोहित सूरी, कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा और फिल्म की हीरोइन अनीत के लिए लिखती हैं- 'सिनेमा में मोहित सूरी का जादू फिर से देखने को मिल रहा है और इससे बढ़कर और कुछ नहीं। अनीत,आप वाकई अद्भुत और शानदार हैं। शानू शर्मा, आपकी कड़ी मेहनत और विश्वास के लिए धन्यवाद। पूरी टीम को बधाई।'

**श्रुति पेशे से मॉडल और एक्ट्रेस हैं।**

बता दें कि कुछ समय पहले ही श्रुति और अहान की डेटिंग की खबरें आई थीं। लेकिन दोनों की तरफ से इस पर कोई रिएक्शन नहीं आया था। श्रुति का नाम शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के साथ भी जुड़ चुका है। श्रुति की वर्कफ्रंट करें तो वो पेशे से एक मॉडल और एक्ट्रेस हैं। वो जोया अख्तर की फिल्म 'गली बॉय' में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में श्रुति जुबिन नौटियाल की म्यूजिक वीडियो 'हद से

## 'करुप्पु' में एक्शन करते दिखेंगे अभिनेता सूर्या



तमिल सिनेमा के सुपरस्टार सूर्या के फैंस को उनके 50वें जन्मदिन पर एक खास तोहफा मिला है। एक्टर की मच अवेटेड फिल्म 'करुप्पु' का टीजर बुधवार को जारी किया गया, जो रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा। फिल्म में सूर्या एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं।

**दमदार डबल लुक में नजर आए सूर्या**

टीजर की शुरुआत एक भारी-भरकम वॉयसओवर से होती है, जिसमें एक स्थानीय देवता की बात की जाती है, जिसे लाल मिर्च से पूजा जाता है। इस सांस्कृतिक बैकड्रॉप के साथ सूर्या का डबल रोल सामने आता है – एक तरफ कोर्ट में वकील की पोशाक पहने उनका सीरियस लुक और दूसरी ओर गांव का देसी लुक, जिसमें वो हाथ में दरांती लिए नजर आते हैं। इन दोनों किरदारों में एक दिलचस्प रहस्य भी छुपा हुआ है, जो फिल्म की कहानी को और भी रोचक बना सकता है।

**'गजनी' वाला सीन फिर से पर्दे पर**

साल 2005 में रिलीज हुई 'गजनी' के मशहूर तरबूज खाने वाले सीन को इस टीजर में एक बार फिर दिखाया गया है। ये सीन सूर्या के लिए काफी खास है। करुप्पु का ये टीजर साफ संकेत देता है कि फिल्म में सिर्फ एक्शन ही नहीं, बल्कि इमोशंस और पावरफुल डायलॉग्स की भी भरमार होगी।

**टीजर में नजर आया दमदार एक्शन**

टीजर में दिखाए गए एक्शन सीन्स भी काफी पावरफुल नजर आ रहे हैं। पारंपरिक तमिल सेटअप, लोकेशंस और लोकधार्मिक तत्व फिल्म की कहानी को और दिलचस्प बना रहे हैं। इस टीजर से अब फैंस ये उम्मीद लगा रहे हैं कि उन्हें 'पुष्पा' या 'कंचना' जैसी ब्लॉकबस्टर परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी।

**फिल्म की स्टारकास्ट**

फिल्म 'करुप्पु' का निर्देशन आरजे बालाजी ने किया है और इसकी कहानी अश्विन रविचंद्रन, राहुल राज, टीएस गोपी कृष्णन और करण अरविंद कुमार ने मिलकर लिखी है। फिल्म का निर्माण ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स के बैनर तले हुआ है। सूर्या के साथ इस फिल्म में तृषा, योगी बाबू, स्वसिका, इंद्रन्स, शिवदा, नट्टी सुब्रमण्यम और सुप्रीत रेड्डी जैसे कलाकार नजर आएंगे।

## गोबर के उपले बनाना सीखा, नित्या मेनन ने सुनाया 'इडली कडाही' से जुड़ा किस्सा

साउथ सुपरस्टार धनुष की आगामी फिल्म 'इडल कढ़ाई' की काफी चर्चाएं चल रही हैं। फिल्म में अभिनेत्री नित्या मेनन मुख्य भूमिका में हैं। अब एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म के दौरान उन्होंने ऐसे काम किया, जो उनके लिए यादगार बन गया। अभिनेत्री ने फिल्म के दौरान के अनुभवों का साझा किया है। चलिए जानते हैं नित्या मेनन के बताए अनुभवों के बारे में।

**गोबर के उपले बनाना सीखा**

हाल ही में अभिनेत्री नित्या मेनन एक इंटरव्यू अपनी आगामी फिल्म 'इडली कढ़ाई' के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा, 'इडली कढ़ाई फिल्म के लिए मैंने गोबर के उपले बनाना सीखा। फिल्म मेकर्स ने मुझसे पूछा कि क्या मैं यह करने को तैयार हूं और मैंने हां कह दिया। इस तरह जिंदगी में पहली बार मैंने अपने हाथों से उपले बनाना और गोल करना सीखा।'



**नाखून में गोबर लगा था**

आगे बातचीत में नित्या मेनन ने बताया कि जब उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार लेने दिल्ली जाना था, उसके एक दिन पहले वह फिल्म के लिए गोबर वाला सीन शूट कर रही थी। फिर उन्होंने कहा, 'यह बहुत आश्चर्यजनक है कि जब मैं अपना राष्ट्रीय पुरस्कार लेने गई तो मेरे नाखूनों में गोबर लगा हुआ था। यह बहुत सुंदर है, है ना? यही तो जिंदगी है। मुझे इस फिल्म से मिले अनुभव शानदार रहे, क्योंकि मुझे ऐसा करने का मौका नहीं मिलता।'

फिल्म के बारे में

'इडली कढ़ाई' फिल्म का निर्दशन, लेखन और सह निर्माण का काम धनुष ने किया है। इस फिल्म में धनुष और नित्या मेनन मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में इन दोनों के अलावा अरुण विजय, शालिनी पांडे, सत्यराज, पार्थिबन, पी समुथिरकानी और राजकिरण भी नजर आएंगे। यह फिल्म 1 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगा।





# हर दिन फाउंडेशन लगाने से स्किन को होते हैं बड़े नुकसान

सही से मेकअप करने से न सिर्फ चेहरा खूबसूरत बनता है बल्कि इस कारण आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसी वजह से आज के समय में न सिर्फ महिलाएं बल्कि पुरुष भी प्रतिदिन मेकअप का इस्तेमाल करते हैं। इससे चेहरे की कमियां छिप जाती हैं और चेहरा खिल जाता है।मेकअप के अहम प्रोडक्ट्स की बात करें तो फाउंडेशन को सबसे खास माना





है। इसे लोग अपनी-अपनी स्किन टोन के हिसाब से खरीदते हैं। ये चेहरे पर अच्छा बेस तैयार करता है। पर, क्या आप जानते हैं कि यही फाउंडेशन आपके चेहरे को काफी हद तक नुकसान पहुंचा सकता है।

जी हां, फाउंडेशन मेकअप का जरूरी हिस्सा है, लेकिन इसे लंबे समय तक और रोज़ाना इस्तेमाल करने से त्वचा को कुछ नुकसान हो सकता है। खासकर अगर आप गलत प्रोडक्ट या बिना स्किन केयर के इस्तेमाल करें। आइए आपको भी इस बारे में जानकारी देते हैं।

### पोर्स होंगे ब्लॉक

अगर आप प्रतिदिन चेहरे पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करते हैं तो इससे स्किन के पोर्स धीरे-धीरे बंद होने लगते हैं। जिसकी वजह से स्किन पर पिंपल्स और ब्लैकहेड्स हो सकते हैं। कई बार तो इसकी वजह मुंहासों की समस्या काफी ज्यादा बढ़ भी जाती है, जो काफी दिक्कत देती है।

### एलर्जी और रैशेज

यदि आप सस्ते और लोकल फाउंडेशन का इस्तेमाल हर दिन अपने चेहरे पर कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि कुछ फाउंडेशन में मौजूद केमिकल्स से एलर्जी, खुजली या रैश हो सकते हैं। ये दिक्कत सबसे ज्यादा उन लोगों को होती है, जिनकी त्वचा संवेदनशील त्वचा वालों को होता है।

### स्किन का संतुलन बिगड़ेगा

सस्ता फाउंडेशन हर दिन इस्तेमाल कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि इसकी वजह से स्किन की नमी कम हो सकती है। कई मामलों में देखा गया है कि ज्यादा फाउंडेशन के इस्तेमाल से स्किन पर अतिरिक्त तेल भी जमने लगता है, जो आगे जाकर मुंहासों का कारण बनता है।

### त्वचा की प्राकृतिक चमक कम होना

हर दिन भारी मात्रा में फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से चेहरे की चमक धीरे-धीरे कम होने लगती है। खासतौर पर अगर आप नियमित रूप से चेहरे पर किसी सस्ते से फाउंडेशन का इस्तेमाल करते हैं, तो इसकी वजह से आपका चेहरा डल होने लगता है।

### कम उम्र में एजिंग की शुरुआत

फाउंडेशन को सही से न हटाने की वजह से भी आपको एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, अगर फाउंडेशन को सही से साफ नहीं किया गया, तो यह स्किन को सांस लेने से रोकता है, जिससे समय से पहले झुर्रियां आ सकती हैं।

# बारिश के मौसम में फंगल इन्फेक्शन से बचने के लिए बरतें ये सावधानियां

गर्मी से राहत दिलाता बारिश का मौसम जितना सुहावना होता है, उतनी ही अपने साथ कुछ स्वास्थ्य चुनौतियां भी लेकर आता है। इस मौसम में हवा में नमी बढ़ जाती है और कपड़ों व त्वचा पर नमी बनी रहती है, ऐसे में फंगल इन्फेक्शन बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। फंगल इन्फेक्शन, जैसे दाद, खुजली और एथलीट फुट, बहुत आम हो जाते हैं और ये न केवल परेशान करते हैं, बल्कि अगर इसका सही समय पर इलाज न किया जाए तो ये गंभीर भी हो सकते हैं।

मानसून में फंगल इन्फेक्शन से बचना मुश्किल लग सकता है, लेकिन कुछ आसान सावधानियां बरतकर आप खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। आइए जानते हैं बारिश के मौसम में फंगल इन्फेक्शन से बचने के लिए किन बातों का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए।

### त्वचा को हमेशा सूखा रखें और सही कपड़े पहनें

बारिश के मौसम में फंगल इन्फेक्शन से बचने का सबसे पहला और महत्वपूर्ण नियम है अपनी त्वचा को हर समय सूखा रखना। जब भी आप बारिश में भीगते हैं या नहाते हैं, तो शरीर को अच्छी तरह से सुखाएं, खासकर त्वचा की परतों वाली जगहों पर जैसे कांख (अंडरआर्म्स), जांघों के बीच और पैरों की उंगलियों के बीच।

इसके लिए एक साफ और सूखे तौलिए का इस्तेमाल करें। कपड़ों की बात करें तो ढीले-ढाले और सूती कपड़े पहनें, क्योंकि ये



हवादार होते हैं और नमी को आसानी से सोख लेते हैं। सिंथेटिक और कसकर पहने जाने वाले कपड़ों से बचें, क्योंकि ये नमी को रोकते हैं। अगर कपड़े भीग जाएं, तो उन्हें तुरंत बदल लें।

### साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें



मानसून में व्यक्तिगत साफ-सफाई, जिसे पर्सनल हाइजीन भी कहते हैं, उसपर विशेष ध्यान देना बहुत जरूरी होता है। रोजाना कम से कम एक बार नहाएं, और अगर बहुत ज्यादा पसीना आता है या भीग गए हैं, तो दो बार भी नहा सकते हैं। नहाने के लिए एंटी-फंगल गुणों वाले साबुन का उपयोग कर सकते हैं।

साथ ही पर्सनल हाइजीन मेंटेन रखने के लिए अपने तौलिए, कंघी और कपड़े जैसी निजी वस्तुओं को भी साफ-सुथरा रखें और किसी के साथ साझा न करें, क्योंकि फंगस आसानी से फैल सकता है। गीली जगहों पर जैसे सार्वजनिक बाथरूम या स्विमिंग पूल के आसपास नंगे पैर चलने से बचें। अपने नाखूनों को हमेशा छोटा और साफ रखें, क्योंकि फंगस नाखूनों के नीचे पनप सकता है।

### अपने वातावरण को सूखा और हवादार रखें

आपके घर का वातावरण भी फंगल इन्फेक्शन के जोखिम को प्रभावित करता है। ध्यान रखें कि आपके घर में पर्याप्त हवा का संचार हो। जब बारिश न हो रही हो तो खिड़कियां खोल दें ताकि ताजी हवा अंदर आ सके और नमी बाहर निकल सके। बाथरूम और रसोई जैसे नमी वाले क्षेत्रों को नियमित रूप से साफ करें और उन्हें सूखा रखने की कोशिश करें।

फंगल इन्फेक्शन से बचने के लिए घर में गीले कपड़े या नम तौलिए इधर-उधर न छोड़ें। जितना संभव हो सके धूप में कपड़े सुखाएं, क्योंकि सूरज की रोशनी फंगस को मारने में मदद करती है। नमी का संतुलन बनाए रखने के लिए घर में डीह्यूमिडिफायर का उपयोग भी किया जा सकता है।

### आहार पर ध्यान दें और शुरुआती लक्षणों को पहचानें

अपने आहार में इम्यूनिटी बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ शामिल करें, जैसे विटामिन सी और जिंक से भरपूर फल और सब्जियां। शरीर का मजबूत इम्यून सिस्टम शरीर को इन्फेक्शन से लड़ने में मदद करता है। इसके साथ ही, फंगल इन्फेक्शन के शुरुआती लक्षणों को पहचानना महत्वपूर्ण है।

इनमें त्वचा पर लालिमा, खुजली, पपड़ी जमना या त्वचा की परतों (जैसे उंगलियों के बीच, कमर या बगल में) में लाल चकत्ते शामिल हो सकते हैं। यदि आपको ऐसे कोई लक्षण दिखाई देते हैं, तो तुरंत किसी त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें। सही समय पर डॉक्टर से निदान और उपचार लेने से इन्फेक्शन को फैलने या गंभीर होने से रोका जा सकता है।

# एक ऐसा कीड़ा जो आपके ब्रेन में बना सकता है घर! बरसात में अक्सर दिखने लगते हैं लक्षण

बारिश एक तरह जहां गर्मी से राहत देने का काम करती है, वहीं दूसरी तरफ कई बीमारियों की भी वजह बनती है. बरसात में एक कीड़ा ऐसा ही, जो अगर आपके शरीर के अंदर प्रवेश कर जाए तो वह आपके दिमाग पर हमला कर सकता है और कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है. आइए जानते हैं इस कीड़े के बारे में.

### गर्मी से राहत लेकिन मुश्किलें भी सामने


बीते महीनों में भारत के कई हिस्सों में तेज धूप व गर्मी के कारण लोगों की हिम्मत नहीं होती थी कि वह घर से बाहर निकलें. मानसून शुरू होने से काफी राहत मिली है. लेकिन मानसून अपने साथ सिर्फ पानी नहीं लाता, बल्कि कई बीमारियां भी लाता है, जिसके कारण कई लोग बीमार पड़ जाते हैं और कई लोगों की तो मौत तक हो जाती है.

### घर के आसपास घूमता है यह कीड़ा

बारिश के मौसम में घरों के आसपास घूमने वाला एक कीड़ा आपके दिमाग पर हमला कर सकता है और आपको दिमागी बीमारी जैसे मिर्गी आदि का शिकार बना सकता है. इस का नाम 'टेपवर्म' है, जो भारत में मिर्गी का सबसे बड़ा कारण है.

### मिर्गी का बढ़ता खतरा

भारत में लगभग 1 करोड़ से ज्यादा लोग मिर्गी का शिकार है, वहीं विश्व स्तर पर यह आंकड़ा



और बढ़ जाता है. इस बीमारी का मुख्य कारण दिमाग में चोट लगना, संक्रमण और जेनेटिकल प्रॉब्लम्स होते हैं, लेकिन भारत में मिर्गी का सबसे बड़ा कारण टेपवर्म है.

### कैसे होते हैं ये कीड़े

एक्सपर्ट्स बताते हैं कि भारत में मिर्गी का सबसे बड़ा कारण टेपवर्म है. यह कीड़े छोटे होते हैं, जो बारिश के मौसम में ज्यादा एक्टिव होते हैं. ज्यादातर ये कीड़े भारत के ग्रामीण इलाकों में होते हैं और पत्ता गोभी, फूलगोभी और पत्तेदार सब्जियों में मिलते हैं. इसलिए बारिश के मौसम में इन सब्जियों से दूरी बनाने के लिए कहा जाता है.

### कितना खतरनाक है ये कीड़े?

टेपवर्म ऐसे कीड़े होते हैं, जो खाने-पीने के जरिए शरीर के अंदर पहुंचते हैं. ये कीड़े न सिर्फ दिमागी बीमारी, बल्कि कई अन्य बीमारियों का भी कारण बनते हैं.

### शरीर के कई अंगों पर करते हमला

टेपवर्म अगर शरीर के अंदर पहुंच जाएं, तो यह आपकी सेहत पर बुरा प्रभाव डालेंगे. इनमें आंतों की बीमारी, लिवर की बीमारी, पेट दर्द और शरीर के दूसरे अंगों का विफल होना भी शामिल है.

### विटामिन्स और मिनरल्स की कमी होने लगती है

टेपवर्म आंतों में जाकर भोजन से पोषक तत्व जैसे विटामिन्स और मिनरल्स सोख लेता है, जिससे शरीर को जरूरी पोषण नहीं मिल पाता. इसका असर कमजोरी, थकान और इम्यून सिस्टम की कमजोरी के रूप में दिखता है.

### इन कीड़ों से कैसे बचें?

टेपवर्म से बचने के लिए आप पहले तो मानसून में हरी पत्तेदार सब्जियों से दूरी बनाए और अगर आप मांस खाते हैं, तो उसको सबसे पहले गर्म पानी से अच्छे से धो लें और सही से पकाकर खाएं.

### टेपवर्म से बचने के लिए सफाई भी जरूरी

टॉयेलट इस्तेमाल करने के बाद हाथों को साफ से अच्छे से धोएं और अगर घर में पालतू जानवर भी है, तो सफाई का ध्यान रखें और उन पेट्स का भी हाइजीन का ख्याल रखें.

### शरीर में टेपवर्म का होना बताते हैं ये लक्षण

शरीर में जब टेपवर्म प्रवेश कर जाते हैं, तो कई लक्षण दिखने लगते हैं. इनमें वजन का काम होना, भूख ज्यादा लगना, पेट में तेज दर्द या मरोड़ होना और साथ ही कमजोरी महसूस करना भी शामिल है.

# सोने से पहले 1 गिलास गुनगुना पानी पीने से होते हैं बड़े फायदे



दिनभर की भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में आजकल कई लोग ठीक से नहीं सो पाते हैं। ऐसे में दिनभर की थकान को दूर करने के लिए रात में एक गिलास गुनगुना पानी पीना फायदेमंद हो सकता है। इससे न केवल थकान दूर होती है, बल्कि पाचन भी बेहतर होता है। यह आपकी नींद की गुणवत्ता को भी सुधारता है।



### पाचन तंत्र होता है बेहतर

गुनगुना पानी पीने से पाचन तंत्र बेहतर बना रहता है। रात को खाना खाने के बाद गुनगुना पानी भोजन को पचाने में मदद करता है। इससे गैस, अपच और कब्ज जैसी समस्याएं नहीं होती हैं। सुबह पेट भी आसानी से और जल्दी साफ हो जाता है।

### टॉक्सिन्स को करता है बाहर

आजकल कई लोग बाहर की अनहेल्दी चीजें खा लेते हैं। ऐसे में रात को सोने से पहले एक गिलास गुनगुना पानी पीना शरीर को अंदर से डिटॉक्स करने में मदद करता है। इससे शरीर में मौजूद विषैले तत्व आसानी से बाहर निकल जाते हैं।

### नींद को करता है बेहतर

रात को गर्म पानी पीने से मांसपेशियां रिलैक्स हो जाती हैं। इसके सेवन से दिमाग शांत होता है, जिससे नींद बेहतर आती है। जिन्हें अनिद्रा या नींद न आने की समस्या है, उन्हें सोने से पहले गर्म पानी जरूर पीना चाहिए।

### वजन को करता है कंट्रोल

वजन कम करने वालों के लिए गर्म पानी एक अच्छा विकल्प है। यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे शरीर अधिक कैलोरी बर्न करता है। रात को गुनगुना पानी पीने से फैट ब्रेकडाउन की प्रक्रिया भी तेज होती है।

### त्वचा को रखता है हेल्दी और ग्लोइंग

रात को गुनगुना पानी पीने से रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे ऑक्सीजन और पोषक तत्व त्वचा तक आसानी से पहुंचते हैं। इससे त्वचा की गहराई से सफाई होती है। यह पिंपल्स और झुर्रियों को भी कम करता है।


# नहाते समय पेशाब आना आदत है या बीमारी? इससे कौन सी बीमारियों का बढ़ सकता है खतरा

नहाने से पहले यूरिन डिस्चार्ज करना एक नॉर्मल हैबिट है जो ज्यादातर लोगों में होती है। अक्सर लोग नहाने से पहले पेशाब करते हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे है जो नहाने से पहले पेशाब करते हैं लेकिन फिर भी उन्हें नहाते समय पेशाब आता है। बॉडी पर पानी पड़ते ही उन्हें यूरिन डिस्चार्ज की समस्या होने लगती है। नहाते समय पेशाब करने की समस्या को लोग बिल्कुल नजरअंदाज करते हैं वो इसे परेशानी नहीं मानते बल्कि इस पर बात तक करना नहीं चाहते।

जिन्हें यूरीन से जुड़ी परेशानी रहती है। पेल्विक फ्लोर डिसफंक्शन वाले लोग नहाते समय पेशाब नहीं करें। पानी की आवाज से पेशाब का कनेक्शन होता है ऐसे में आप कहीं भी पानी की आवाज सुनेंगे तो आपको यूरिन डिस्चार्ज की समस्या हो सकती है। इस तरह आपको यूरिन लीकेज हो सकता है।

### पेल्विक मसल्स हो सकती हैं कमजोर

नहाते समय अगर आप पेशाब करते हैं खासतौर पर महिलाएं तो उनकी पेल्विक मसल्स कमजोर





हो सकती हैं। महिलाओं के लिए बैठकर पेशाब करना ठीक होता है अगर महिलाएं पेशाब खड़े होकर या गलत पॉश्चर में करती हैं तो उन्हें परेशानी हो सकती है। पुरुष अगर खड़े होकर पेशाब करते हैं तो उन्हें कोई समस्या नहीं होगी क्योंकि पुरुषों को स्पोर्ट देने के लिए प्रोस्टेट होता है जो उन्हें सहारा देता है।

नहाते समय पेशाब करना ठीक नहीं है। इससे पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को अधूरा आराम मिलता है, जिसकी वजह से मूत्राशय ठीक से खाली नहीं होता और यूरिन से जुड़ी कई तरह की बीमारियों जैसे यूरिन इंफेक्शन,ब्लैडर स्टोन और किडनी से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ने लगता है।

### यूरिन लीक होने की बढ़ सकती है परेशानी

नियमित रूप से शॉवर लेते समय पेशाब करने से मूत्राशय की हेल्थ के लिए कोई खास जोखिम नहीं होता है, लेकिन यह व्यावहारिक कंडीशनिंग में योगदान कर सकता है। बहते पानी की आवाज़ और पेशाब करने की इच्छा के बीच एक मनोवैज्ञानिक संबंध है, जिससे शॉवर के बाहर पानी की आवाज सुनकर आपको ब्लैडर संकुचन हो सकता है।

अगर आप नहाते समय पेशाब करते हैं तो अपनी इस आदत को बदल लीजिए खासकर वो लोग

### हाइजीन से जुड़ी परेशानी हो सकती है

नहाते समय अगर आप पेशाब करते हैं तो हाइजीन से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं। शॉवर लेने की जगह पर अगर आप पेशाब करते हैं तो पेशाब में मौजूद बैक्टीरिया और अमोनिया के कारण इंफेक्शन का खतरा बढ़ सकता है।

स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ने के साथ ही बाथरूम में दुर्गंध हो सकती है और आपका बाथरूम हानिकारक सूक्ष्मजीवों का घर बन सकता है। डॉक्टर का मानना है कि अगर आपको पहले से यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन है तो आप बाथरूम में पेशाब करने की आदत को तुरंत बदल लें।

# विटामिन बी12 की कमी को कहें अलविदा रोजाना पीना शुरू कर दें ये जूस

आज के समय में हम में से कई लोग कई तरह की परेशानियों से जूझ रहे हैं, जिनमें से एक है विटामिन बी12. ये सुनने में नॉर्मल लग सकता है, लेकिन शरीर में कई बड़ी बीमारियों का कारण बन सकता है. दरअसल में विटामिन बी12 एक जरूरी विटामिन है जिसकी शरीर को कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए जरूरत होती है.

यह विटामिन डीएनए सिंथेसिस और लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में मदद करता है. साथ ही साथ ये नर्व सेल को भी स्वस्थ रखता है. ऐसे में शरीर में विटामिन बी12 की सही मात्रा होना जरूरी है. आज के समय में बहुत से लोगों में इस महत्वपूर्ण विटामिन की कमी होती है, क्योंकि यह शरीर द्वारा खुद निर्मित नहीं होता है. ऐसे में आपको विटामिन बी12 से भरपूर चीजें खानी चाहिए. विटामिन बी12 ज़्यादातर एनिमल प्रोडक्ट जैसे दूध, मांस, अंडे आदि में पाया



जाता है. ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताएंगे जो शरीर में विटामिन बी12 की कमी को तेजी से बढ़ाती हैं.

### प्लांट मिल्क

प्लांट मिल्क विटामिन बी12 का अच्छा स्त्रोत है. ऐसे में आपको बाजार में आसानी से प्लांट मिल्क मिल जाएंगे जैसे बादाम का दूध, सोया मिल्क और ओट मिल्क आदि. इनके सेवन से शरीर को भरपूर मात्रा में विटामिन बी12 मिल सकता है. ये दूध न केवल आपको जरूरी पोषक तत्व देता है, बल्कि ये विटामिन बी12 की कमी को भी पूरा करता है.

### संतरे का जूस

संतरे के जूस को विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट का भंडार माना जाता है. संतरे का जूस विटामिन बी12 का एक अच्छा स्रोत माना जाता, जब इसे समृद्ध किया जाता है. ऐसे में अगर आप विटामिन बी12 की कमी से जूझ रहे हैं तो इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं.

### लस्सी

शायद ही कोई हो, जिसे लस्सी पसंद न हो. इसे दही से बनाया जाता है, जो विटामिन बी12 का एक प्राकृतिक स्रोत है. दही को सेहत के लिहाज से भी अच्छा माना जाता है, ये आपके पेट के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है जिससे विटामिन के अवशोषण में मदद मिलती है. अगर आपके शरीर में विटामिन बी12 की कमी है तो लस्सी पीना शुरू कर दें.

### गाजर का जूस

गाजर का जूस विटामिन ए और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर माना जाता है. वैसे तो ये सीधे तौर पर विटामिन बी12 प्रदान नहीं करता है, लेकिन गाजर के रस को विटामिन बी12 सप्लीमेंट या फोर्टिफाइड वाली चीजों के साथ मिलाकर पीने से विटामिन बी12 के स्तर में सुधार हो सकता है.

### अनार का जूस

अनार के जूस को हेल्थ के लिए अच्छा माना जाता है. ये हाई एंटीऑक्सीडेंट और आयरन तत्वों से भरपूर होता है. अनार का जूस ब्लड सर्कुलेशन और हीमोग्लोबिन के स्तर में सुधार करके विटामिन बी12 को बढ़ावा दे सकता है. ऐसे में अगर आप भी विटामिन बी12 की कमी से पीड़ित हैं तो इसका सेवन शुरू कर दें.




# सेंसेक्स 540 अंक चढ़कर 82,727 पर बंद

## निफ्टी में 159 अंक की तेजी रही, एनएसई के मेटल-ऑटो शेयर्स चढ़े, रियल्टी 3% टूटा

मुंबई, 23 जुलाई (एजेंसियां)। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार (23 जुलाई) को सेंसेक्स 540 अंक चढ़कर 82,727 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 159 अंक की तेजी रही, ये 25,220 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में तेजी और 8 में गिरावट रही। टाटा मोटर्स, एयरटेल और बजाज फाइनेंस के शेयर 2.55% तक चढ़े। एचयूएल, इंफोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर्स गिरकर बंद हुए। निफ्टी के 50 शेयरों में से 39 में तेजी और 11 में गिरावट है। एनएसई का निफ्टी मेटल, ऑटो, बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और फार्मा इंडेक्स चढ़कर बंद हुए। रियल्टी इंडेक्स करीब 3% नीचे आ गया।

# सोना 1,00,502 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल-टाइम हाई पर

## चांदी की कीमत 1,007 रुपये बढ़कर 1,15,500 रुपये प्रति किलो



नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम आज यानी 23 जुलाई को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 994 रुपये बढ़कर 1,00,502 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 99,508 रुपये पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,007 रुपये बढ़कर 1,15,500 रुपये प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,493 पर थी।

**भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,480 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,950 रुपये

**मुंबई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रुपये

**कोलकाता :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रुपये

**चेन्नई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रुपये

**भोपाल :** 24 कैरेट सोने की कीमत 102,380 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,850 रुपये

**इस साल 1 लाख 4 हजार रुपये तक जा सकता है सोना**

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 4 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

भारत का यूरोपियन यूनियन को जवाब

# हम वही करेंगे जो हमारे 140 करोड़ लोगों के लिए सही-ईयू ने रूसी तेल पर पाबंदिया लगाई

नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को सबसे ऊपर रखता है और रूसी तेल खरीदने के मामले में वह अपने हितों की रक्षा करेगा। ये बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा से ठीक पहले आया है। पश्चिमी देश भारत पर रूसी तेल आयात को लेकर दबाव बना रहे हैं। विक्रम मिस्री ने कहा, ऊर्जा सुरक्षा भारत सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हम वही करेंगे जो हमारे 1.4 अरब लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी है। उन्होंने ये भी कहा कि मामले में दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए।

**ईयू ने रूसी तेल पर पाबंदियां लगाई**

यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने 18 जुलाई 2025 को यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस पर नए सैक्शन्स का ऐलान किया है। इस में रूसी तेल के प्राइस कैप को $60 प्रति बैरल से घटाकर $47.6 प्रति बैरल कर दिया गया है। साथ ही, रूस के तेल से बने पेट्रोल-डीजल जैसे रिफाइंड ईंधन के आयात पर भी रोक लगा दी गई है। इसका असर भारत, तुर्की और यूएई जैसे देशों पर पड़ने की उम्मीद है। ये देश रूसी क्रूड ऑयल को रिफाइन करके डीजल, पेट्रोल और जेट फ्यूल जैसे ईंधन यूरोप को निर्यात करते हैं। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव के मुताबिक, भारत के यूरोपियन यूनियन को 5 अरब डॉलर के पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है। भारत का ईयू को पेट्रोलियम निर्यात पहले से ही 27.1% घट चुका है। एफवाई24 में $19.2 अरब से घटकर एफवाई25 में $15 अरब हो गया है। ईयू के प्रतिबंधों का सबसे ज्यादा असर नायरा एनर्जी और रिलायंस पर पड़ सकता है, जो भारत के सबसे बड़े ईंधन निर्यातक हैं। नायरा एनर्जी की गुजरात के वडिनार रिफाइनरी में रूसी कंपनी रोसनेफ्ट की 49.13% हिस्सेदारी है। इसलिए नायरा को बैंकिंग सपोर्ट में भी दिक्कतें आ सकती हैं।



**कानूनी रास्ते तलाश रही नायरा एनर्जी**

नायरा एनर्जी ने भी इन प्रतिबंधों को अनुचित बताते हुए कहा कि वे कानूनी रास्ते तलाश रही है ताकि इसके परिचालन, कर्मचारियों और हितधारकों के हितों की रक्षा हो सके। कंपनी ने बयान में कहा, हमारी रिफाइनरी भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाती है। ये प्रतिबंध भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं और 1.4 अरब भारतीयों की जरूरतों को प्रभावित कर सकते हैं।

**युद्ध के बाद से ज्यादा तेल खरीद रहा भारत**

2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से भारत ने रूस से तेल आयात में भारी बढ़ोतरी की है। पहले जहां रूस से भारत का तेल आयात 1% से भी कम था, वहीं अब ये 40-44% तक पहुंच गया है।

फिस्कल 2025 में भारत ने रूस से $50.3 अरब का क्रूड ऑयल आयात किया, जो उसके कुल $143.1 अरब के तेल आयात का एक-तिहाई से ज्यादा है।

# भारत अगले डेढ़ दशक में हासिल कर लेगा 7-8 फीसदी की वृद्धि दर

नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। हाल के वर्षों में कई वैश्विक संकटों से सफलतापूर्वक उबर चुका भारत अगले डेढ़ दशक में 7 से 8 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर हासिल कर सकता है। डेलॉय की दक्षिण एशिया इकाई के सीईओ रोमल शेट्टी ने कहा, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। इसका मुख्य कारण सेवाओं में मजबूत प्रदर्शन, बढ़ता बाजार निवेश व कृषि उत्पादकता में सुधार है। रोमल ने कहा, कोविड महामारी, कई देशों में तनाव और अन्य उथल-पुथल जैसे बड़े झटकों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था जुझारू बनी हुई है और ठोस वृद्धि के लिए तैयार है। भारत की मुख्य रूप से सेवा आधारित अर्थव्यवस्था वैश्विक व्यापार चुनौतियों से काफी हद तक अप्रभावित रहती है। इसलिए, अगले 10-15 वर्षों में यह आसानी से सात-आठ फीसदी की रफ्तार से बढ़ सकती है। उन्होंने कहा, भारत में दुनिया के 50 फीसदी से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हैं, जबकि फॉर्च्यून-2000 कंपनियों में से करीब 67 फीसदी की अभी देश में मौजूदगी नहीं है। भारत में अभी 1,800 वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनकी संख्या सही नीतिगत परिवेश, समर्थन और समन्वित कार्रवाई के साथ अगले कुछ वर्षों में 3,400-5,000 तक बढ़ सकती है।

# भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा : मॉर्गन स्टेनली

नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। दिग्गज इन्वेस्टमेंट कंपनी मॉर्गन स्टेनली की ओर से बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। साथ ही, 2035 तक अर्थव्यवस्था का आकार 10.6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में बताया गया कि यह अनुमान इस संभावना पर आधारित है कि 2030 और 2035 के बीच तीन से पांच राज्य (महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक) की अर्थव्यवस्था लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर की होगी और ये शीर्ष 20 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में रैंकिंग में अच्छा सुधार दिखाने वाले राज्य छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश हैं। मॉर्गन स्टेनली के मुताबिक, दुनिया की कुल जीडीपी वृद्धि में भारत की हिस्सेदारी आने वाले दशक में करीब 20 प्रतिशत रहेगी। ऐसे में कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों की आय वृद्धि के लिए देश काफी अहम बाजार है।

मॉर्गन स्टेनली के अर्थशास्त्रियों ने कहा, इस परिणाम को सुनिश्चित करने के लिए, अन्य चीजों के अलावा, भारत के 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। राज्य न केवल राजकोषीय प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि उपयुक्त नीतियां बनाकर और प्रोत्साहन देकर व्यावसायिक परिस्थितियों को आसान बनाते हैं। साथ ही, निवेश के लिए प्रतिस्पर्धा भी करते हैं। उनके पास अलग-अलग जनादेशों वाले स्वतंत्र राजनीतिक चक्र होते हैं जो विकास को सकारात्मक या नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

# आयकर दिवस का बहिष्कार करेंगे

## लंबित मुद्दों को लेकर विभागीय कर्मचारी करेंगे विरोध प्रदर्शन



नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। देश भर के आयकर कर्मचारी 24 जुलाई को आधिकारिक आयकर दिवस समारोह का बहिष्कार करेंगे। कर्मचारी कंद्रीय प्रत्यक्ष बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा अपनी समस्याओं को नजरअंदाज किए जाने से नाराज हैं।

जेसीए ने सीबीडीटी को लिखा पत्र

आयकर कर्मचारी महासंघ (आईटीईएफ) और आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ (आईटीजीओए)का प्रतिनिधित्व करने वाली संयुकत कार्य परिषद (जेसीए) ने बताया कि आने वाले हफ्तों में विरोध और तेज किया जाएगा। इससे देश भर में कर प्रशासन के कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। जेसीए ने 21 जुलाई 2025 को सीबीडीटी अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि हमारे गंभीर मुद्दे के प्रति प्रशासन की उदासीनता ने हमें यह विरोध प्रदर्शन शुरू करने के लिए मजबूर किया है।

**कब-कब होगा विरोध प्रदर्शन**

कर्मचारी 23 जुलाई से देशभर के 18 क्षेत्रों में स्थित प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर, चीफ कमिश्नर और प्रिंसिपल कमिश्नर कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन करेंगे। यह आंदोलन उनके लंबित मुद्दों को लेकर शुरू किया जा रहा है। 29 जुलाई को, देशभर के प्रमुख कर कार्यालयों में आधा दिन धरना और प्रदर्शन किया जाएगा। इस दिन संसद प्रश्नों और अदालती आदेशों से जुड़ी रिपोर्टों को छोड़कर सभी रिपोर्टों को स्थगित किया जाएगा। कर्मचारी आउटरीच कार्यक्रमों का बहिष्कार करेंगे और किसी भी आधिकारिक बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे। अगर सीबीडीटी के सदस्य क्षेत्रीय कार्यालयों का दौरा करते हैं, तो काले झंडे दिखाकर विरोध किया जाएगा। जेसीए के अनुसार, 5 से 7 अगस्त तक प्रतिदिन धरना दिया जाएगा और इस दौरान सर्च और सर्वे ऑपरेशनों पर पूरी तरह रोक रहेगी। इसमें टीडीएस सर्वे भी शामिल हैं। इसके बाद 8 अगस्त को कर्मचारी पूरे दिन कामकाज से वाकआउट करेंगे।

**97 प्रतिशत आयकर कर्मचारियों के मुद्दे हैं अनसुलझे**

जेसीए ने विभाग के 97 प्रतिशत कर्मचारियों के कई अनसुलझे मुद्दों पर जोर दिया। उन्होंने 16 जुलाई को जारी किए गए हालिया वार्षिक सामान्य स्थानांतरण (एजीटी) आदेशों को लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि वास्तविक मानवीय आधार वाले मामलों की अनदेखी कर दिए जाने से असंतोष और बढ़ गया है। इसके साथ ही, कूलिंग-ऑफ अवधि के बाद अधिकारियों को गृह क्षेत्रों में स्थानांतरित करने की पुरानी प्रक्रिया को अचानक बंद कर दिया गया है।

# मुकेश अंबानी की रिलायंस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार



नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़े एक मामले की सुनवाई के लिए सहमति दे दी है। यह मामला रिलायंस इंडस्ट्रीज की एक सहायक कंपनी रिलायंस कमर्शियल डीलर्स लिमिटेड से जुड़ा है। टैक्स विभाग की मांग है कि इस कंपनी द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली चार्टर फ्लाइट सर्विसेज पर ज्यादा टैक्स लगाया जाए। यह कंपनी रिलायंस के अधिकारियों और कर्मचारियों को चार्टर फ्लाइट सर्विसेज देती है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को दो हफ्ते के अंदर लिखित में अपनी बात रखने को कहा है।

टैक्स विभाग का कहना है कि रिलायंस कमर्शियल डीलर्स लिमिटेड असल में रिलायंस को विमान किराए पर दे रही है। इसलिए, इस पर ज्यादा टैक्स लगना चाहिए। वहीं, रिलायंस कमर्शियल डीलर्स लिमिटेड का कहना है कि वह सिर्फ यात्रियों को चार्टर फ्लाइट से ले जा रही है। इसलिए, उस पर सामान्य हवाई परिवहन सेवाओं की तरह कम टैक्स लगना चाहिए। मिंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक जस्टिस मनोज मिश्रा और उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने इस मामले में रिलायंस कमर्शियल डीलर्स लिमिटेड को नोटिस जारी किया है।

जस्टिस मिश्रा ने कहा कि यह एक अहम मुद्दा है जिस पर विचार करना और फैसला करना जरूरी है। इसमें कानून की व्याख्या और वर्गीकरण से जुड़ा एक सीधा सवाल शामिल है। अगर सुप्रीम कोर्ट टैक्स विभाग के पक्ष में फैसला सुनाता है, तो कंपनियों के लिए चार्टर सर्विसेज का इस्तेमाल करना महंगा हो जाएगा।

# छह राज्यों में सालाना जीएसटी कर संग्रह एक लाख करोड़ से अधिक

**सक्रिय करदाताओं में यूपी सबसे आगे**

नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी के लागू हुए 8 साल पूरे हो गए हैं। इस दौरान सक्रिय करदाताओं की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है, लेकिन अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखने वाले बाकी बड़े राज्यों का हिस्सा काफी कम है। खास बात है कि पंजीकृत हर पांच करदाताओं में एक महिला शामिल है।

एसबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, अर्थव्यवस्था में 8.4 फीसदी योगदान देने वाले यूपी में कुल 20.08 लाख या 13.2 फीसदी सक्रिय करदाता हैं। लेकिन, बाकी बड़े राज्यों का हाल इसके उलट है। तमिलनाडु अर्थव्यवस्था में 8.9 फीसदी योगदान देता है, जबकि राज्य में सक्रिय जीएसटी करदाताओं में हिस्सेदारी 7.7 फीसदी है। कर्नाटक अर्थव्यवस्था में 8.4 फीसदी योगदान देता है, जबकि सक्रिय करदाताओं का हिस्सा 6.9 फीसदी है। वहीं, तेलंगाना में सक्रिय करदाताओं की हिस्सेदारी 3.6 फीसदी और आंध्र प्रदेश में 2.8 फीसदी के स्तर पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश, बिहार और गुजरात जैसे राज्यों की कुल जीएसटी करदाताओं में हिस्सेदारी उनकी जीडीपी की तुलना में अधिक है। इससे संकेत मिलता है कि इन राज्यों में जीएसटी करदाताओं की संख्या बढ़ने की अपार संभावनाएं है। पंजीकृत करदाताओं में से 14 फीसदी जो करदाता हैं, उन सभी में महिला सदस्य है। खासकर लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) और निजी लिमिटेड कंपनियों में काफी अधिक संख्या में महिलाएं हैं। प्रोपराइटर कंपनियों में 16.7 फीसदी में एक महिला सदस्य या सभी सदस्य महिला हैं।

# विदेशी निवेशकों में फिर बढ़ने लगा भारतीय बॉन्ड का क्रेज-रेपो रेट में एक और कटौती की उम्मीद

मुंबई, 23 जुलाई (एजेंसियां)। रेपो दर के अगस्त में एक बार और घटने की उम्मीद लगाए बैठे विदेशी निवेशकों में भारतीय सरकारी बॉन्ड के प्रति आकर्षण फिर बढ़ने लगा है। विदेशी निवेशकों ने पिछले एक महीने में 129 अरब रुपये के भारतीय बॉन्ड खरीदे हैं। इससे पहले चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले ढाई महीनों में 330 अरब से ज्यादा की बिकवाली की थी। सिंगापुर स्थित स्ट्रेट्स इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट के सीईओ मनीष भार्गव ने कहा, आरबीआई ने जून में रेपो दर में कटौती करने के साथ अपने रुख को तटस्थ कर लिया। इससे विदेशी निवेशकों ने लंबे समय तक निवेश नहीं करने का फैसला किया। लेकिन, जून में खुदरा महंगाई में भारी गिरावट को देखते हुए निवेशक एक और कटौती का अनुमान लगा रहे हैं। भार्गव ने कहा, अगर महंगाई कम रही और विकास संबंधी चिंताएं बनी रहीं, तो अगस्त में रेपो दर में 0.25 फीसदी की कटौती संभव है।

**मजबूत आर्थिक बुनियाद भी मददगार**

आलियांजजीआई में उभरते बाजार कर्ज की प्रमुख पोर्टफोलियो प्रबंधक एवं लंदन स्थित गिउलिया पेलेग्रिनी ने कहा, भारत की समग्र आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है। इससे देश निवेशकों की नजरों में बना हुआ है। उच्च आवृत्ति वाले आंकड़ों के हालिया निराशाजनक प्रदर्शन और आर्थिक वृद्धि में मंदी की आशंका को देखते हुए आरबीआई से आगे अधिक समर्थन की उम्मीद है। लंदन में टीटी इंटरनेशनल एसेट मैनेजमेंट में उभरते बाजारों के ऋण प्रमुख जीन चार्ल्स सैम्बोर ने कहा, भारत की घरेलू ऋण की स्थिति विदेशी मुद्रा और दरों दोनों के मामले में बहुत आकर्षक बनी हुई है। इस साल और अगले वर्ष बॉन्ड पर मिलने वाले रिटर्न में गिरावट आ सकती है। निवेशकों का कहना है कि भारत और अमेरिका में ब्याज दरों के बीच बढ़ता अंतर भारतीय ऋण के आकर्षण को बढ़ाएगा। सिंगापुर स्थित फर्स्ट सेंटियर इन्वेस्टर्स के एशियन फिक्स्ड इनकम प्रमुख निगेल फू ने कहा, फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती भारतीय बॉन्ड के लिए सकारात्मक उत्प्रेरक का काम कर सकती है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य दक्षिणायन ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
सूर्योदय 05-54
सूर्यास्त 18-49
कलियुग संवत् -5126 वर्ष
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

**ग्रह स्थिति**

| | |
|---|---|
| सूर्य | कर्क |
| चंद्र | मिथुन |
| मंगल | सिंह |
| बुध | कर्क |
| गुरु | मिथुन |
| शुक्र | वृष |
| शनि | मीन |
| राहु | कुंभ |
| केतु | सिंह |

**लग्नारंभ समय**

| | |
|---|---|
| कर्क... | 05-25 बजे |
| सिंह--- | 07-36 बजे |
| कन्या... | 09-34 बजे |
| तुला---- | 11-48 बजे |
| वृश्चिक... | 13-59 बजे |
| धनु...... | 16-11 बजे |
| मकर... | 18-18 बजे |
| कुंभ.... | 20-09 बजे |
| मीन.... | 21-47 बजे |
| मेष..... | 23-23 बजे |
| वृष.... | 01-07 बजे |
| मिथुन.. | 03-08 बजे |

दिशाशूल - दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- अमावस्या 00-41 तक उपरान्त प्रतिपदा
मास - श्रावण कृष्ण , गुरुवार 24 July
नक्षत्र - पुनर्वसु 16-43 तक उपरान्त पुष्य
योग - हर्षण 09-50 तक उप सिद्धी
करण- चतुष्पाद 13-31 तक उप नाग
विशेष- देवपितृकार्ये हरियाली अमावस्या
व्रत त्योहार - गुरु पुष्य योग 16-44 से

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 13-59 से 15-37 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05-54 - 07-31 | शुभ | अमृत | 18-49 - 20-14 | शुभ |
| रोग | 07-31 - 09-08 | अशुभ | चंचल | 20-14 - 21-37 | शुभ |
| उत्पात | 09-08 - 10-45 | अशुभ | रोग | 21-37 - 22-59 | अशुभ |
| चंचल | 10-45 - 12-23 | शुभ | काल | 22-59 - 00-23 | अशुभ |
| लाभ | 12-23 - 13-59 | शुभ | लाभ | 00-23 - 01-46 | शुभ |
| अमृत | 13-59 - 15-37 | शुभ | उत्पात | 01-46 - 03-09 | अशुभ |
| काल | 15-37 - 17-14 | अशुभ | शुभ. | 03-09 - 04-32 | शुभ |
| शुभ | 17-14 - 18-49 | शुभ | अमृत | 04-32 - 05-54 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,) — आपने किसी परियोजना में अपना काफी समय और प्रयास लगाये हैं और आपको अब इसका फल मिलना शुरू हो जाएगा । दूरदृष्टि के साथ साथ आपके दृढ संकल्प और प्रयास भी रंग लाये हैं । आप कुछ नए बदलाव करना चाह रहे हैं ,लेकिन वित्तीय बाधाएं हैं । आज आप सीमित साधनों से ही इन कामों को पूरा करने के सृजनात्मक तरीके खोज लेंगे ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) — आपको दोस्तों का प्यार पाने के लिए थोडा नम्र बनना पड़ेगा । आप यह नही जानते लेकिन आपको घमंडी समझा जाता है इसीलिए यह सबसे अच्छा समय है कि आप दूसरों की आलोचना करने के स्थान पर अपनी भूतकाल की गतिविधियों का विश्लेष्ण करें । यह आपके लिए अपने अंतर्मन में झाँकने का बहुत अच्छा समय है और आपको इसका उपयोग अपनी कमियां दूर करने के लिए इसका उपयोग जरुर करना चाहिए ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) — काफी समय से जिन्दगी एक ही ढर्रे पर चल रही है,कुछ मजेदार भी नही हो रहा । अपनी नीरस जिंदगी में कुछ साहसिक गतिविधि शामिल करें । अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल पर जा सकते हैं या कहीं भी बाहर घूम आयें । महत्वपूर्ण कामों को पूरा करने के लिए कुछ समय तक खुद को कुछ सामाजिक और निजी गतिविधियों से दूर कर लें ताकि एकाग्रता से काम कर पायें ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) — आज आपकी किस्मत आपके साथ है । आप अपने समस्या को सुलझा लेने की कुशलता से सबको अचरज में डाल देंगे । सहकर्मी आपसे प्रभावित होंगे । आपका आत्मविश्वास देकने लायक होगा और आपको एक नया काम मिलेगा । खुश रहें और अपनों के साथ ख़ुशी बाँटें । आज कोई दोस्त मिल सकता है । दिन कुल मिलाकर मजेदार रहेगा ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) — अपने प्रति ईमानदार रहें क्योंकि इसी से आप हरेक स्थिति में खुश रह पायेंगे । केवल दूसरों की परवाह करने के लिए अपनी इच्छाओं का बलिदान न करें ,जो आपको भी अच्छा लगे,वही करें । आपको यह सोचने में कुछ समस्या हो सकती है कि कहां से शुरू करूं,इसलिए सारे पहलू देखकर अपनी प्राथमिकताएं तय कर लें ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आपके आसपास आपका ध्यान और समय बांटने वाली बहुत सी गतिविधियाँ चल रही है|छोटी-मोटी बातों पर समय व्यर्थ ना करें । एकाग्र रहें,तभी आपको मुक्त ऊर्जा का प्रवाह अनुभव हो पायेगा । अगर आपको यह मिल गया तो आपकी जिन्दगी बन जायेगी । घबराएं नहीं,ध्यान से समझकर समय रहते अवसर का लाभ उठायें । सफलता प्राथमिकताएं तय करने से मिलेगी।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) — आज का दिन सृजनात्मक प्रवृति के लोगों के लिए बहुत अच्छा साबित होगा । आपके हुनर और कार्यों दोनों की ही प्रशंसा होगी । अपने कार्य के लिए धन प्राप्ति भी संभव है । अगर आप विद्यार्थी हैं तो आपके लिए समय अच्छा है और परीक्षा से डरने के स्थान पर उसका सामना करना बेहतर होगा ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) — किसी भी काम को तुरंत तैयार होकर शुरू करने से पहले गंभीरता से तर्क की कसौटी पर परख लेना ही ठीक होगा । आपके लिए कल्पनात्मक सा समय है । इसीलिए रोमांस का आनंद लें । रोमांस में कल्पना लाने से आपके लिए अच्छा होगा लेकिन अगर आप ऑफिस में भी यही करने की कोशिश करेंगे तो परिणाम अच्छे नही होंगे ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) — आज का दिन परिवार के साथ बिताने के लिए विशेष रूप से अच्छा है । अपने माता –पिता,बहन- भाइयो या फिर जीवनसाथी के साथ शांति से कुछ वक़्त बिताएं । अपने बच्चों के साथ किसी मनोरंजक क्रियाकलाप में भाग लें । अगर काम का दबाव अधिक भी है तो भी आज उसे एक तरफ रख दें और एक साथ होने का आनंद लें ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) — आपकी प्रकृति उत्सुक और अदमनीय है और आप किसी भी प्रकार का नियंत्रण पसंद ना करते । आपको ऐसा करने की जरूरत भी नही है ,इसके स्तान पर ख़ुशी और प्यार दें और आपको भी बदले में खूब ख़ुशी और प्यार मिलेगा । अपनी काम की मारामारी वाली जिन्दगी में अपने सहकर्मियों के साथ किसी छोटी सी यात्रा पर जाकर रंग भर सकते हैं ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) — आप ऊर्जा से भरे हैं और बहुत अच्छे मूड में भी हैं । दोस्तों को पार्टी दे सकते हैं । अपनी ख़ुशी में खोकर आपका ध्यान भविष्य के खतरों से हट सकता है । घबराए नही,किसी आदमी से कोई नुक्सान होने की आशंका नही है ,केवल आपका पेट अपच वाला अधिक भोजन करने के कारण खराब हो सकता है,जिससे आपकी सेहत पर असर पड़ सकता है ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) — आज अप्रत्याशित रूप से काफी खर्च हो सकता है । आप कोई ऐसी चीज खरीद सकते हैं जिसकी आपको जरुरत नही है लेकिन आपको अच्छी लगती है,इससे आपकी वित्तीय स्थिति काफी प्रभावित भी होगी। अपनी इस खर्च करने की प्रवृति पर नियंत्रण रखें तो दिन शांति से गुजर जाएगा । आपको आज कुछ नयी वित्तीय योजनायें भी पता चलेंगी ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# पुत्र मोह में धृतराष्ट बने बैठे हैं

## भूपेश बघेल पर जमकर बरसे डेप्युटी सीएम जनता ने आर्थिक नाकेबंदी को नकारा



रायपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी की। कांग्रेस के आंदोलन पर बीजेपी ने पलटवार किया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आने के बाद कांग्रेस में भी भूपेश बघेल की स्वीकार्यता खत्म हो रही है। आखिर कब तक भूपेश बघेल, अपनी सरकार में हुए भ्रष्टाचारों पर पर्दा डालने के लिए ऐसे काम करेंगे? उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने पहले धन मोह में अपनी साख गंवा दी, अब पुत्र मोह में धृतराष्ट बने बैठे हैं।

अरुण साव ने कहा पहली बार देखा जा रहा है कि भ्रष्टाचारियों के पक्ष में आर्थिक नाकाबंदी करके निर्दोष आम जनता को सजा देने का षड्यंत्र किया गया था। जनता का धन्यवाद कि इसे विफल कर दिया। भूपेश बघेल कह रहे है कि श्रीराम को गाली देने वाले उनके पिता जीवित होते तो आरोपी के जेल जाने पर गर्व महसूस करते। साव ने कहा यह आश्चर्यजनक है कि भूपेश बघेल अपने बेटे की गिरफ्तारी पर कह रहे हैं कि अगर उसके दादा आज जीवित होते तो खुश होते। अनेक बार अन्याय का विरोध करते हुए वे जेल गए थे।

हम सभी जानते हैं कि हिंदुत्व का विरोध कर और श्रीराम पर टिप्पणी करके नंदकुमार बघेल जेल जाते रहे हैं। भूपेश बघेल को क्या अब हिंदुत्व और श्रीराम आदि अन्याय लग रहे अब? मुखौटा उतर गया है। पहले कहते थे कि उनके पिताजी से वे सहमत नहीं हैं। अब नंद कुमार बघेल से सहमत हो गए? भूपेश बघेल तो इस बात पर भी गर्वित और आत्ममुग्ध हैं कि इस गिरफ्तारी के बाद उनके बेटे को पूरा देश जान गया है। एक बाप को अपने बेटे पर गर्व होता है जब वो डॉक्टर बने, इंजीनियर बने, उच्च अधिकारी बने, सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए प्रसिद्धि पाए मगर किसी आर्थिक अपराध में नाम शामिल होने में कोई बाप गर्व करे तो इसे आप क्या कहेंगे? साव ने कहा प्रवर्तन निदेशालय ने प्रेस रिलीज में भी यह आईने की तरह साफ है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और अनुसूचित अपराधों से अर्जित 2500 करोड़ रुपये से अधिक की आपराधिक आय (पीओसी) लाभार्थियों की जेबों में भर गई। ईडी की प्रेस रिलीज से यह पता चला है कि चैतन्य बघेल को 16.70 करोड़ रुपये की पीओसी प्राप्त हुई थी। चैतन्य ने उक्त पीओसी को मिलाने के लिए अपनी रियल एस्टेट फर्मों का इस्तेमाल किया था।

## 31 जुलाई और 1 अगस्त को झारखंड में रहेंगी राष्ट्रपति



रांची, 23 जुलाई (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई और 1 अगस्त को दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगी। दौरे के पहले दिन वे देवघर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस) के पहले दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वहीं दूसरे दिन 1 अगस्त को धनबाद में आयोजित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-आईएसएम) के 44वें दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। इस दौरान वे रांची स्थित राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर देवघर, धनबाद और रांची में सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं।

# अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से कई लोगों की मौत

## 10 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका

धनबाद, 23 जुलाई (एजेंसियां)। झारखंड में धनबाद जिले के बाघमारा इलाके में एक दुखद घटना हुई। यहां अवैध खनन के दौरान एक चाल धंस गई। आशंका है कि 10 से ज्यादा लोग अंदर फंसे हुए हैं। हादसा केसरगढ़ इलाके में हुआ, जो बीसीसीएल ब्लॉक दो के अंतर्गत आता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शिव मंदिर के पास अवैध खनन चल रहा था, तभी यह हादसा हुआ। प्रशासनिक अधिकारी अभी तक फंसे हुए लोगों की संख्या की पुष्टि नहीं कर पाए हैं। जबकि एक मजदूर के शव को कोयला चोर निकाल कर ले जाने में सफल रहे हैं।

चाल धंसने की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। बताया गया है कि अवैध खनन करने वाले सिंडिकेट ने फंसे हुए मजदूरों के परिवारों को घटनास्थल से दूर रखने की कोशिश की। इससे ग्रामीणों में गुस्सा बढ़ गया है।

विधायक जयराम महतो ने कहा कि अवैध खनन की चाल धंसने से 15 मजदूरों की मौत की सूचना है। जबकि अंदर 30 लोगों के दबे होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि अवैध मुहाने को जल्दबाजी में बंद कर दिया गया है, लाश को छिपाया जा रहा है। जिला प्रशासन बंद किए गए मुहाने को खोलकर लाश को निकाले और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। विधायक सरयू राय ने भी इस घटना पर दुख जताया. उन्होंने कहा कि बाघमारा के जमुनिया नामक स्थान पर अवैध खनन की चाल धंसने से 9 मजदूरों की मौत हो गई है। उन्होंने कहा- 'अवैध खनन माफिया मृतकों का शव निपटाने में लगे हैं. इसकी सूचना मैंने एसएसपी धनबाद को दे दी है। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार चुनचुन नामक खनन माफिया प्रभावशाली संरक्षण में अवैध खनन करा रहा था।' घटना के बाद मौके पर अफरा- तफरी मच गई। हादसे की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस और सीआइएसएफ की टीम मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है।

साथ ही मलबा हटाकर राहत और बचाव का काम शुरू कर दिया है। अभी तक किसी के शव के मिलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन राहत बचाव कार्य के दौरान एक शव निकलने की खबर सामने आ रही है। यह केवल अफवाह है या सत्य इसकी सटीक जानकारी किसी के पास नहीं है। पुलिस तो इस हादसे से ही इनकार कर रही है।

# मंत्री केदार के भतीजे की एक्सीडेंट में मौत

## डिवाइडर से टकराई स्पोर्ट्स-बाइक, 40 फीट दूर फेंकाया, पूर्व सांसद का बेटा था निखिल



रायपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे की एक्सीडेंट में मौत हो गई है। हादसा नवा रायपुर में हुआ है। निखिल कश्यप (22) की तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक से वह नीचे गिरा और सिर फटने से उसकी मौके पर मौत हो गई। मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का हैं। पुलिस के मुताबिक, घटना बुधवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे की है। जानकारी मिलते ही एसएसपी लाल उमेद सिंह मौके पर पहुंचे उनके साथ मंत्री केदार कश्यप भी मौजूद थे। दोनों ने घटनास्थल का जायजा लिया। बता दें कि निखिल बस्तर सीट से पूर्व सांसद दिनेश कश्यप का बेटा था। उसकी मां वेदवती कश्यप वर्तमान में बस्तर जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। सीएम साय ने सोशल मीडिया साइट X पर पोस्ट कर हादसे पर दुख जताया है। मंदिर हसौद पुलिस के मुताबिक, तीन बाइक पर चार युवक सवार थे। निखिल कश्यप के साथ उसका एक दोस्त स्पोर्ट्स बाइक पर पीछे बैठा था। सभी रायपुर से सत्य साईं अस्पताल की ओर जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर से निखिल करीब 40 फीट दूर फेंका गया। उसके सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर ही खून बहने से निखिल की मौत हो गई। वहीं बाइक के पीछे में सवार दोस्त भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। वहां मौजूद अन्य दोस्तों ने 112 को सूचना दी।

मौके पर पहुंची 112 ने निखिल के घायल दोस्त को पास के ही एक निजी अस्पताल पहुंचाया है। जहां युवक का इलाज जारी है। दूसरे युवक के भी सिर और शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। वहीं पुलिस ने निखिल की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था।

पूर्व सांसद दिनेश कश्यप के बेटे निखिल कश्यप की सड़क हादसे में मौत की खबर के बाद डिप्टी सीएम अरूण साव और विजय शर्मा ने सोशल मीडिया साइड X पर पोस्ट कर दुख जताया है।

## 3 लेयर में फ्रॉड 11 राज्यों में करोड़ों का ट्रांजेक्शन

रायपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायपुर में हाईटेक चोरी के केस में अंतरराज्यीय गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सब्जी बाजार में लोगों के मोबाइल चोरी करते थे, फिर टेक्निकल एक्सपर्ट की मदद से पासवर्ड क्रैक करते। इसके बाद यूपीआई से अपने खातों में रुपए ट्रांसफर कर लेते थे।

आरोपी 3 लेयर में वारदात को अंजाम देते थे। आरोपियों के पास से करोड़ों के लेनदेन की जानकारी मिली है। पुलिस को देश के 11 राज्यों में फ्रॉड की आशंका है। मामले की जांच जारी है। गिरफ्तार आरोपियों में 4 झारखंड और 2 पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। दरअसल, रायपुर के सब्जी बाजार से लोगों के मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया। गुढ़ियारी स्थित पहाड़ी चौक सब्जी बाजार में सब्जी खरीदने गए युवक के शर्ट में रखा मोबाइल किसी ने चुरा लिया।

# संघ पदाधिकारी बोलकर महिला ने भाजपा नेता से 41 लाख ठगे

## संतोष कटारिया बोले- खनिज निगम का चेयरमैन बनाने 3 करोड़ मांगे, किस्तों में दी रकम

कोंडागांव, 23 जुलाई (एजेंसियां)। कोंडागांव जिले में एक भाजपा नेता से 41 लाख की ठगी हुई है। पेट्रोल पंप संचालक संतोष कटारिया (64 साल) छत्तीसगढ़ बीजेपी कोर ग्रुप के भी सदस्य हैं। काजल जोशी नाम की महिला ने खुद को दिल्ली में आरएसएस का पदाधिकारी बताकर संतोष से संपर्क किया था और खनिज निगम का चेयरमैन बनाने 3 करोड़ मांगे थे।

मामला केशकाल थाना क्षेत्र का है। संतोष ने लालच में आकर 3 महीने के अंदर अलग-अलग किश्तों में कुल 41.30 लाख दे डाले। जब निगम मंडल की सूची में उनका नाम नहीं आया तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ। जिसके बाद वे थाने पहुंचे। ठगों में 2 लोग शामिल है।

मामला 12 अगस्त 2024 का है। पीड़ित संतोष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है जिसके मुताबिक, रायपुर के रहने वाले



राजीव सोनी से चर्चा के दौरान उन्होंने काजल जोशी का नाम सुना था। जिसके बाद राजीव ने काजल से मुलाकात करवाई थी।

काजल खुद को महाराष्ट्र की रहने वाली और दिल्ली में रहना होता है ऐसा बताया करती थी। उसने केंद्रीय मंत्रियों और छत्तीसगढ़ सरकार से पहचान होना बताकर खनिज निगम में चेयरमैन बनाने 3 करोड़ मांगे थे।

तब पीड़ित संतोष ने इतनी बड़ी रकम तुरंत नहीं हो पाएगा कहकर कुछ रुपए देने पर राजी हुए। जिसके बाद 20 अगस्त 2024 को दिल्ली में संतोष ने काजल को 20 लाख पेमेंट दिए थे। फिर 26 सितंबर 2024 को केशकाल से वॉट्सएप के जरिए क्यूआर कोड स्कैन कर 1 लाख 30 हजार ट्रांसफर किए थे।

उसके बाद अक्टूबर 2024 में रायपुर के होटल क्लार्क में राजीव सोनी और काजल जोशी दोनों को बुलाकर 20 लाख कैश दिया था। संतोष ने 3 महीने के अंदर अलग-अलग किश्तों में कुल 41.30 लाख दे डाले थे।

जब छत्तीसगढ़ निगम मंडलों की नियुक्ति आदेश में पीड़ित का नाम नहीं आया तो दोनों से संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन दोनों ने फोन उठाना बंद कर दिया। ठगी का अहसास होने के बाद भाजपा नेताओं से संपर्क करने पर पता चला कि काजल जोशी नाम की कोई महिला बीजेपी कार्यकर्ता है ही नहीं।

जांच करने पर पता चला है कि काजल जोशी का नाम कोमल मुंजारे है। पीड़ित ने दोनों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है और उचित कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि संतोष अविभाजित मध्यप्रदेश के उत्तर बस्तर में जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे लंबे समय से राजनीति से जुड़े हैं। केशकाल थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के मुताबिक, दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी और विश्वासघात का केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। दोनों आरोपी फरार हैं।

# हाथी के हमले से 3 की मौत

रायगढ़, 23 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में हाथी के हमले से 3 लोगों की जान चली गई। 22 जुलाई की रात ग्राम गोसाईडीह और मोहनपुर में हथिनी और उसके शावक ने जमकर उत्पात मचाया।

मामला लैलूंगा रेंज का है। इस दौरान गोसाईडीह में 3 साल के बच्चे को पटक-पटककर हाथी ने मार डाला। इसके बाद मोहनपुर में एक महिला को खेत में पटका। साथ ही हाथी ने घर की दीवार को ढहा दिया। जिसमें दबने से एक ग्रामीण की मौत हो गई।

इसके अलावा हाथी ने कई घरों में तोड़फोड़ भी किया है। मामले की जानकारी लगते ही वन विभाग की टीम सुबह मौके पर पहुंची। मृतकों में बच्चा अंगेकेला का रहने वाला था और महिला-पुरुष दोनों मोहनपुर के रहने वाले थे।

स्थानीय लोगों के मुताबिक हथिनी मंगलवार रात अपने शावक के साथ बगुडेगा पहुंची थी। जब इसकी जानकारी वन अमले को लगी तो करीब दस किमी तक मुनादी कराई गई। ताकि कोई नुकसान न हो, लेकिन हाथी वहां से चलते हुए गमेकेला तक आ गए। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी लगी, तो वे घर से बाहर आ गए। तब यहां हाथी ने 2 घरों को तोड़ दिया। इसी दौरान 3 साल का बच्चा रोने लगा। जिसकी आवाज सुनकर हाथी ने उसे अपने सूंड से पटककर मार डाला। इससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद ग्रामीण और वनकर्मियों ने उसे खदेड़ा।

ऐसे में हाथी वहां से आगे बढ़कर मोहनपुर गांव पहुंच गया। यहां उसने संतरा बाई (43 साल) पर हमला कर दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना को अंजाम देकर हाथी मोहनपुर जंगल किनारे बने एक घर के पास पहुंचा और कच्चे घर को ढहा दिया। जहां मलबे में दबकर पुरुषोत्तम खड़िया (50) की मौत हो गई।

# कार की डिक्की में मिला 100 पैकेट गांजा, 2 गिरफ्तार

## जशपुर में पकड़ाया 36 लाख का माल, ओडिशा से एमपी ले जा रहे थे

जशपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तसीगढ़ की जशपुर पुलिस ने सोमवार को 2 इंटरस्टेट तस्करों को गिरफ्तार किया है और कार की डिक्की से 100 पैकेट में रखा 1 क्विंटल 21 किलो 850 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 36 लाख रुपए का है। यह पूरा मामला तपकरा थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, 21 जुलाई की शाम को पुलिस ने सूचना के आधार पर लावाकेरा बैरियर पर चेकिंग शुरू की। इस दौरान पुलिस ने छत्तीसगढ़ पासिंग कार को रोका। तलाशी लेने पर कार की डिक्की से डिक्की से प्लास्टिक टेप में लिपटे 100 पैकेट गांजा मिला।

इसके बाद पुलिस ने फौरन अशोक कुमार यादव (23) और निलेश कुमार यादव (22) को धर दबोचा। दोनों मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वो गांजा की खेप ओडिशा के



संबलपुर जिले से लेकर अनूपपुर जा रहे थे।

फिलहाल, पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(B) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले में एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि ऑपरेशन आघात के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। 1 क्विंटल से अधिक गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं।

ऑपरेशन के तहत जिलेभर में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम के लिए काम किया जा रहा है। हाल ही में पुलिस ने पत्थलगांव, कुनकुरी और बगीचा थाना क्षेत्रों में भी बड़ी मात्रा में गांजा तस्करी के मामलों में कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी ने कहा कि कुछ सप्ताह पहले बगीचा थाना क्षेत्र में भी दो अलग-अलग मामलों में 80 किलो और 55 किलो गांजा जब्त किया गया था। इस साल अब तक कुल 16 मामलों में लगभग 705 किलो गांजा जब्त किया गया है, जिसकी कीमत 2 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन आघात लगातार जारी रहेगा और नशे के कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# प्रेमिका के घर गया प्रेमी खिड़की से लटकी मिली लाश

## लड़की के परिजनों पर हत्या का आरोप कई बार गांव में हो चुकी थी पंचायत

गिरिडीह, 23 जुलाई (एजेंसियां)। गिरिडीह में बुधवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। शव उसकी ही प्रेमिका के घर की खिड़की से लटका था। घटना देवरी थाना क्षेत्र के मनकडीहा गांव की है।

मृतक के परिजनों ने लड़की के परिजनों पर युवक की हत्या का आरोप लगाया है। इधर, आरोपी पक्ष घर से फरार है। मृतक की पहचान देवरी थाना क्षेत्र के मनकडीहा निवासी वार्ड सदस्य मकबूल अंसारी के पुत्र सोहेल अंसारी उर्फ शाहिल (30) के रूप में की गई है। वहीं, घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा मामले की जांच में जुट गई है। मृतक के पिता मकबूल के मुताबिक जिस घर की खिड़की में युवक का शव फंदे से झूलता पाया गया है, उस घर की एक युवती से उसका एक साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सोहेल के प्रेम-प्रसंग को लेकर गांव में लड़की के परिजनों के साथ कई बार पंचायती हो चुकी थी। शव घर के बाहर के हिस्से से खिड़की के ग्रिल से फंदे के सहारे लटका मिला। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, देवरी थाना के सब इंस्पेक्टर गणेश कुमार यादव, एएसआई बुद्धदेव उरांव व अन्य पुलिस जवानों के साथ सदलबल घटनास्थल पर पहुंचे ओर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गए।

# 57 लोगों से 14 लाख की ठगी



दुर्ग, 23 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में दुर्घटना बीमा के नाम पर 57 लोगों से 14 लाख की ठगी हुई है। ठग चिटफंड कंपनी के नाम से लोगों से पैसे लेते थे। जांच में पता चला है कि इसका नेटवर्क देश भर में फैला है। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है।

आरोपी ने पीड़ितों को स्कीम के तहत बताया था कि 3500 रूपए जमा करने पर 3 साल मे 35 लाख रूपए सहित अन्य सुविधाएं मिलेगी। लालच में आकर निवेशकों ने पैसे दे डाले, जिसके बाद वह भाग गया था। साल 2016 में पीड़ितों ने थाने में शिकायत की थी। वारदात के मास्टरमाइंड प्रकाश चंद जैन को पुलिस ने 9 साल बाद भोपाल से पकड़ा है। आरोपी की कंपनी टुलिप ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मध्यप्रदेश, गुजरात, बिहार और राजस्थान में भी मामले दर्ज हैं। जांच के दौरान पता चला कि टुलिप ग्लोबल चिटफंड कम्पनी का नाम टुलिप ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड जयपुर में 2008 के नाम से शुरू किया गया था, जिसका डायरेक्टर प्रकाश चंद था जिसने इसका नेटवर्क देश भर में फैलाया था। जिसके बाद राजस्थान सरकार ने इसे बैन कर दिया था। इसके तहत अजमेर, दुर्ग, इंदौर, हरियाणा, भोपाल, जयपुर और अन्य जगहों बड़ी संख्या में निवेशकों से निवेश करवाने की शिकायत मिली है। देशभर में इस कंपनी में ठगी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। अब तक आरोपी प्रकाश चंद जैन (मास्टर माइंड), प्रभुदयाल उजाला (49 साल), दुर्ग मनोज सोनी (45 साल), भिलाई निवासी सुरेश सोनी ( 45 साल) गिरफ्तार किये गये। दुर्ग पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि, पुलिस पिछले 9 सालों से आरोपी की तलाश में जुटी थी। काफी जांच पड़ताल के बाद जानकारी मिली कि आरोपी प्रकाश चंद जैन वर्तमान में थाना एसटीएफ के अपराध मे भोपाल जेल में बंद है। जिसे दुर्ग न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट जारी करा के 22 जुलाई को न्यायालय में पेश किया। पूछताछ के लिए पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया है। सभी आरोपियों के चल अचल संपत्ति को कुर्क करने की भी तैयारी की जा रही है। मामले में छावनी थाना में अपराध कायम कर ईनामी चिटफंड और धन परिचालन स्कीम अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की गई है।

# मौलाना ने प्रेग्नेंट पत्नी को पीटा फिर पिलाया टॉयलेट क्लीनर

बिलासपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 5 महीने की गर्भवती की संदिग्ध मौत हुई है। आरोप है कि उसके मौलाना पति ने प्रेग्नेंट महिला को पहले गर्म प्रेस से जलाया। पेट पर लात मारी, फिर टॉयलेट क्लीनर पिला दिया। इससे महिला की हालत गंभीर हो गई। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

इसके बाद मौलाना ने बिना पोस्टमॉर्टम करवाए शव को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर ले जाकर दफना दिया। मोहल्लेवासियों ने इसकी शिकायत एसएसपी से की। परिजन ने भी हत्या का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। जिसके बाद मिर्जापुर एसडीएम-पुलिस को कब्र खोदकर शव को निकलवाने और पोस्टमॉर्टम कराने के लिए पत्र लिखा गया है।

पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। तालापारा स्थित मस्जिद फैजाने गरीब नवाज के पास रहने वाला मौलाना कारी बशीर तैयबा 3 भाइयों के साथ मिलकर होटल चलाता है। मोहल्ले वासियों ने एसएसपी को बताया कि मौलाना का किसी दूसरी महिला को लेकर पत्नी सलमा से 11 जुलाई को विवाद हुआ था।

रात में कारी बशीर ने भाइयों के साथ मिलकर गर्भवती पत्नी को बेहरमी से पीटा। कपड़ा प्रेस करने वाले गर्म आयरन से उसे जलाया। पेट में लात मारी। 12 जुलाई को उसे जबरदस्ती हार्पिक पिलाया और छोड़ कर चला गया।

महिला बेहोश हुई तो उसकी 10 वर्षीय बेटी ने मोहल्लेवालों को इसकी जानकारी दी। पड़ोसी जब घर पहुंचे तो देखा कि फर्श पर हार्पिक फैला था और चादर खून से सनी हुई थी।

मोहल्लेवालों ने कारी बशीर को फोन किया तब उसने पत्नी को यूनिटी अस्पताल में भर्ती कराया। मोहल्लेवालों ने बताया कि 12 जुलाई की रात 10.45 बजे पत्नी की मौत हो गई। मर्ग की सूचना देने की बात कहने पर उसने अस्पताल प्रबंधन से सांठ-गांठ कर फर्जी लामा बनवाया।

इसके बाद पत्नी के शव को निजी एंबुलेंस से सीधे उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर ले गया। मिर्जापुर मौलाना का पैतृक निवास है। 13 जुलाई को उसने मिर्जापुर में पत्नी का अंतिम संस्कार कर दिया।

महिला के परिवार वालों ने मौलाना कारी बशीर अहमद पर सलमा से मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की है। इस घटना के 12 दिन बाद भाई रागीब खान मिर्जापुर से आया और बिलासपुर एसएसपी से मुलाकात की। उसने बताया कि बहन सलमा का विवाह 14 साल पहले बशीर अहमद से हुआ था।

# श्याम मंदिर से नकदी और लाखों के आभूषणों की चोरी

रायगढ़, 23 जुलाई (एजेंसियां)। रायगढ़ जिला मुख्यालय में 13-14 जुलाई की रात श्याम मंदिर से नगदी रकम के अलावा लाखों के आभूषणों की चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी सहित उसके साथियों को रायगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पड़ोसी राज्य ओडिसा समेत सारंगढ़ जिले से कुल 06 आरोपियों को पकड़ा है। जिनसे चोरी गए संपत्ति बरामद कर लिया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बीते दिनों 13-14 जुलाई की रात अज्ञात आरोपी ने मंदिर के मुख्य द्वार और गर्भगृह का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और श्याम बाबा का सोने का मुकुट, कुण्डल, चार नग छत्तर, गलपटिया समेत करीब 25 लाख रुपये के धार्मिक आभूषण और दानपेटी से दो लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गया था। घटना की रिपोर्ट श्री श्याम मंदिर मंडल अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल द्वारा थाना कोतवाली में दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने पांच थाना प्रभारियों की विशेष टीम गठित की गई, जिन्हें सीसीटीवी फुटेज की निगरानी, पुराने अपराधियों से पूछताछ, डिजिटल साक्ष्य का विश्लेषण और राज्य व बाहरी जिलों में ऐसी चोरी के मामलों की तफ्तीश में लगाया गया। पुलिस महानिरीक्षक के डॉ. संजीव शुक्ला भी रायगढ़ पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किये और विशेष टीम की मीटिंग लेकर उन्हें महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र पर नस्लभेदी हमला

## गालियां दीं, बेहोश होने तक पीटा, पत्नी के साथ घूमने निकला था

कैनबरा, 23 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में एक भारतीय छात्र पर शनिवार को बेरहमी से हमला किया गया। 'द ऑस्ट्रेलिया टुडे' के रिपोर्ट के मुताबिक चरणप्रीत सिंह अपनी पत्नी के साथ कार से शहर के लाइट शो देखने निकला था। इसी दौरान किंटोर एवेन्यू के पास रात 9 बजे कार पार्किंग को लेकर उसकी स्थानीय लोगों से बहस हो गई।

लड़कों ने चरणप्रीत को नस्लीय गालियां दी और उनपर हिंसक हमला किया। चरणप्रीत ने मीडिया को बताया- उन्होंने मुझे कहा, इंडियन भाग जा और फिर मुझे लात- घूंसों से मारना शुरू कर दिया। मैंने जवाब देने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने मुझे तब तक मारा जब तक मैं बेहोश नहीं हो गया।

इस हमले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पांच लोग चरणप्रीत के चेहरे और पेट पर पर



मुक्के और लातों से हमला करते हुए दिख रहे हैं, जबकि उनकी पत्नी उन्हें रोकने की कोशिश कर रही थी।

हमलावरों के हाथ में नुकीली चीजें भी थीं। हमला करने के बाद आरोपी अपनी कार में बैठकर चले गए और चरणप्रीत को बेहोश हालत में छोड़ दिया। चरणप्रीत को सिर में गंभीर चोटें आईं हैं। उन्हें रॉयल एडिलेड अस्पताल ले जाया, जहां रात भर उनका इलाज हुआ।

पुलिस ने बताया कि एक 20 साल के व्यक्ति को एनफील्ड से गिरफ्तार किया गया है और उस पर हमले का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए जनता से मदद मांगी है।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने 'द इंडियन सन' को बताया- जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो पीड़ित जमीन पर बेहोश पड़ा था। उसे अस्पताल ले जाया गया। मामले में सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

इस हमले से एडिलेड के भारतीय समुदाय में गुस्सा है और अंतरराष्ट्रीय छात्रों और आप्रवासियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। चरणप्रीत के समर्थन में कई लोग ऑनलाइन सामने आए हैं और नस्लीय हिंसा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के प्रीमियर पीटर मालिनौस्कस ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा- नस्लीय हमले पूरी तरह अस्वीकार्य है और यह हमारे समुदाय के खिलाफ है। ऐसा नहीं होना चाहिए।

## चीनी पर्यटकों को 5 साल बाद फिर वीजा देगा भारत

### 24 जुलाई से आवेदन शुरू, गलवान संघर्ष के बाद से बंद थी सर्विस

नई दिल्ली/बीजिंग, 23 जुलाई (एजेंसियां)। भारत सरकार अब चीनी पर्यटकों को फिर से वीजा देने जा रही है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पांच साल बाद ये सेवा फिर से शुरू करेगा। कोरोना काल के बाद यह सर्विस बंद हो गई थी। इसके बाद जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष ने दोनों देशों के रिश्तों को और खराब कर दिया था। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास ने बताया कि यह प्रक्रिया 24 जुलाई 2025 से शुरू होगी। इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो पर इस संबंध में जानकारी साझा की है।

भारतीय दूतावास ने कहा है कि चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरना होगा।

# जापानी ट्रम्प के नाम से चर्चित सोहेई कामिया

## विदेशियों के खिलाफ भाषणों के लिए मशहूर, कोरोना में यू-ट्यूब पर पार्टी लॉन्च की, अब 14 सीटें जीतीं

टोक्यो, 23 जुलाई (एजेंसियां)। जापान में 20 जुलाई को ऊपरी सदन के चुनाव हुए। इसमें सत्ताधारी पार्टी शिगेरु इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) का प्रदर्शन बहुत बुरा रहा। निचले सदन में पहले से अल्पमत में चल रही एलडीपी ने उच्च सदन में भी बहुमत खो दिया।

एलडीपी की स्थापना 1955 में हुई थी और यह पहला मौका है जब वह दोनों सदनों में अल्पमत में है। पार्टी के खराब प्रदर्शन का जिम्मेदार दक्षिणपंथी सैनसेतो पार्टी को माना जा रहा है। जापान फर्स्ट एजेंडे को लेकर प्रचार करने वाली सैनसेतो ने चुनाव में 14 सीटें हासिल की हैं।

इससे पहले सैनसेतो के पास 248 सीटों वाली संसद के उच्च सदन में सिर्फ 1 सीट थी। इसे जापान की राजनीति में एक बड़े बदलाव का संकेत माना जा रहा है। इसका श्रेय सैनसेतो पार्टी की शुरुआत करने वाले सोहेई कामिया को दिया जा रहा है।



कामिया को जापान का 'ट्रम्प' कहा जाता है। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान यूट्यूब पर पार्टी की शुरुआत की थी। तब कामिया ने वैक्सीनेशन के खिलाफ साजिश की बातें फैलाकर काफी चर्चा हासिल की। सिर्फ 6 साल में उनकी पार्टी सैनसेतो जापान की सबसे लोकप्रिय पार्टियों में से एक बन गई है।

सैनसेतो पार्टी कोरोना के खतरों के बीच अप्रैल 2020 में यू-ट्यूब पर लॉन्च हुई थी। यह ऐसा वक्त था जब दुनिया कोरोना के खतरे से जूझ रही थी। सोशल डिस्टेंसिंग और लोगों का मास्क पहनना जरूरी था। ऐसे में सैनसेतो ने मास्क का विरोध किया।

पार्टी का कहना था कि यह एक अंतरराष्ट्रीय साजिश है। इसने वैक्सीन का भी विरोध किया। शुरू में इसे एक षड्यंत्र फैलाने वाली पार्टी माना गया जिस वजह से लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि बाद में सैनसेतो ने अपना एजेंडा बदला और खुद को राष्ट्रवादी और लोकलुभावन पार्टी के तौर पर पेश किया।

चुनाव प्रचार में पार्टी ने टैक्स घटाने और बच्चों के भत्तों को बढ़ाने जैसे वादे किए, लेकिन असली पहचान इसे राष्ट्रवादी विचारों के कारण मिली है। युवाओं में खासतौर पर इस पार्टी की लोकप्रियता ऑनलाइन खूब बढ़ी है।

इसका असर जापान की मुख्य सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) पर पड़ा है, जो कि दक्षिणपंथी मतदाताओं की पहली पसंद हुआ करती थी। एक्सपर्ट मानते हैं कि एलडीपी के कई रूढ़िवादी समर्थक इशिबा को उतना मजबूत नेता नहीं मानते जितने कभी शिंजो आबे को मानते थे। उदाहरण के लिए, एलडीपी के नेतृत्व में एलजीबीटीक्यू अधिकारों को लेकर कानून पास किया गया, जो पारंपरिक रूढ़िवादियों को पसंद नहीं आया।

### ट्रम्प से सीख राजनीति में सफल हुए कामिया

कामिया खुद ये मानते हैं कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बहुत कुछ सीखा है। खासकर भाषण देने की शैली। वह खुद को ट्रम्प जैसा बताते हैं। वे ट्रम्प की तरह जापान को विदेशी लोगों, वैश्विक ताकतों और भ्रष्ट नेताओं से बचाना चाहते हैं। वे भी जापान को 'जापानियों के लिए' बनाना चाहते हैं और कहते हैं कि विदेशी कंपनियां और बाहरी ताकतें देश की नीतियों का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए कर रही हैं।

उनका मानना है कि जापान को वैश्विक पूंजी से आजाद होना चाहिए, क्योंकि विदेशी कंपनियां देश की नीतियों को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा चलता रहा तो जापान एक 'उपनिवेश' बन जाएगा।

## इमरान खान के बेटों से मिले ट्रम्प के स्पेशल प्रतिनिधि

### पूर्व पाक पीएम की रिहाई की मांग की

वाशिंगटन, 23 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि रिचर्ड ग्रेनेल ने मंगलवार को कैलिफोर्निया में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटों, सुलैमान ईसा और कासिम खान से मुलाकात की। ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को राजनीतिक उत्पीड़न करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग दोहराई।

ग्रेनेल ने X पर लिखा- कैलिफोर्निया (सुलैमान और कासिम) में आपका स्वागत है, मेरे दोस्तों। आज आपके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा। सुलैमान और कासिम, आपको मजबूत रहना होगा।

दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं। यह पहली बार नहीं है जब ग्रेनेल ने इमरान खान का समर्थन किया है।

# ट्रम्प फिर बोले- भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 5 फाइटर जेट्स गिरे

## दोनों देशों के बीच सीजफायर कराया, 73 दिन में 25 बार क्रेडिट लिया

वॉशिंगटन, 23 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से भारत-पाकिस्तान के बीच जंग में 5 फाइटर जेट्स के गिरने का दावा किया है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि संघर्ष के बीच उन्होंने हस्तक्षेप किया और इसे रोकने में कामयाब हुए। ट्रम्प ने कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच संघर्ष गंभीर हो गया था, 5 फाइटर जेट्स गिराए जा चुके थे। किसी भी वक्त परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता था। गौरतलब है भारत-पाकिस्तान के बीच 10 जून को सीजफायर हुआ था। तब पहली बार ट्रम्प ने सीजफायर कराने का दावा किया था। बीते 73 दिनों में वे 25 बार जंग खत्म करने का दावा कर चुके हैं।



### दूसरी बार कहा- भारत-पाक संघर्ष में 5 विमान गिरे

ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं को फोन किया और चेतावनी दी कि अगर लड़ाई नहीं रुकी तो अमेरिका व्यापार रोक देगा। वे दोनों देश परमाणु हथियार रखते हैं। कौन जानता है कि इसका अंजाम क्या होता, लेकिन उन्होंने इसे रोक दिया। ट्रम्प ने यह भी बताया कि यह बातचीत एक बार नहीं, बल्कि कई बार हुई।

यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने इस तरह का दावा किया है। इससे पहले भी उन्होंने शुक्रवार को कहा था कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया था।

इसी महीने, व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन नेताओं के साथ एक निजी डिनर के दौरान ट्रम्प ने फिर दोहराया था कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे और चार या पांच विमान हवा में ही गिरा दिए गए थे। उन्होंने कहा, "विमानों को हवा में ही मार गिराया जा रहा था- 5, 4 या 5, लेकिन मुझे लगता है कि असल में 5 विमान मार गिराए गए थे।" सरकारी सूत्रों के हवाले से दावा किया था की ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स के हमले में पाकिस्तान के 6 फाइटर जेट, 3 एयरक्राफ्ट और 10 से ज्यादा ड्रोन और क्रूज मिसाइलें तबाह हुई थीं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 6 से 10 मई के बीच भारत ने पाकिस्तान के पंजाब और पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भी जवाब देने की कोशिश की, लेकिन भारतीय वायुसेना ने न केवल जवाब दिया, बल्कि पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया। ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स के रडार और एयर डिफेंस सिस्टम्स ने पाकिस्तान के फाइटर जेट्स को हवा में ही निशाना बनाया। सुदर्शन मिसाइल सिस्टम के जरिए लगभग 300 किलोमीटर दूर उड़ रहे एक हाई-वैल्यू एयरक्राफ्ट को भी मार गिराया गया था। ये एयरक्राफ्ट या तो इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम से लैस था या एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग कंट्रोल सिस्टम। इसके अलावा, राफेल और सुखोई-30 ने पाकिस्तानी सेफ सेंटर (हैंगर) को निशाना बनाया, जिसमें मेड इन चीन विंग लूंग ड्रोन तबाह हुए।

# चीन ने तोड़ डाला अमेरिकी नौसेना का वर्चस्व

## एयरक्राफ्ट कैरियर पर तैनात किया जे-35 पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान, एफ-35 से सीधा मुकाबला

बीजिंग, 23 जुलाई (एजेंसियां)। चीन ने अमेरिकन नेवी के वर्चस्व को तोड़ दिया है। सालों से अमेरिका दुनिया का इकलौता देश था, जिसके पास पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान एफ-35 मौजूद था। लेकिन अब चीन दुनिया की दूसरी ऐसी शक्ति बन गया है, जिसके एयरक्राफ्ट कैरियर पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों से लैस होंगे। चीन ने अब अपनी पहली नेवल स्टील्थ फाइटर जे-35 की तैनाती के साथ अमेरिका के एफ-35 को सीधी चुनौती दे दी है। चीन का ये कदम चीन की नौसेना की विशालकाय ताकत और मार करने की क्षमता का प्रदर्शन है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलएएन) को दो जे-35 स्टील्थ फाइटर सौंप दिए गये हैं। इन दोनों लड़ाकू विमानों को खास तौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर पर ही तैनाती के लिए डिजाइन किया गया है। चीन के एक्सपर्ट्स दावा करते हैं कि जे-35, अमेरिका के फिफ्थ जेनरेशन फाइटर जेट एफ-35सी लाइटनिंग II के समान ही क्षमताओं से लैस है। हालांकि चीनी एक्सपर्ट्स के दावे पूरी तरह से सही नहीं है।

बता दें कि जे-35 स्टील्थ फाइटर जेट के दो वैरिएंट हैं। टेल नंबर 0011 और 0012। इन दोनों की तस्वीरें चीनी सोशल मीडिया वाईबो पर काफी वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में ये लड़ाकू विमान उड़ान भरते और जे-15बी जैसे मौजूदा चीनी फाइटर जेट के साथ दिखाई दे रहे हैं। उनकी पूंछ पर 'शार्क माउथ' जैसी पेंटिंग है, जो दर्शाता है कि ये चीन की नौसेना के सक्रिय बेड़े में इन्हें शामिल किया जा चुका है। अमेरिकी नौसेना के पास फिलहाल दुनिया में सबसे ज्यादा 11 परमाणु ऊर्जा से चलने वाले एयरक्राफ्ट कैरियर हैं। जबकि चीन के पास फिलहाल दो एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग और शांदोंग ही एक्टिव सर्विस में शामिल हैं। इसके अलावा चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान फिलहाल समुद्री परीक्षणों से गुजर रहा है। उसके अलावा चीन कम से कम 3 एयरक्राफ्ट कैरियर और बना रहा है। चीन के चौथे एयरक्राफ्ट कैरियर का कोडनेम टाइप 004 है। चीन के पास फिलहाल मौजूद तीनों एयरक्राफ्ट कैरियर पारंपरिक हैं, लेकिन टाइप 004 परमाणु ऊर्जा से चलने वाला एयरक्राफ्ट कैरियर होगा। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने शेनबेई न्यू डिस्ट्रिक्ट में 270,000 वर्ग मीटर का एक विशाल संयंत्र बनाया है। जहां शेनयांग एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन जे-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों का उत्पादन करेगा।

# तुर्की ने दुनिया के सामने पहली बार पेश किया लेजर टैंक

## हवा में ही ड्रोन को कर देगा फ्राई, पाकिस्तान को भी देगा अल्का-कप्लान?

अंकारा, 23 जुलाई (एजेंसियां)। तुर्की ने हथियारों की दुनिया में एक नया 'आविष्कार' किया है। तुर्की ने पहली बार लेजर किरणों से ड्रोन का शिकार करने वाले टैंक का अनावरण किया है। ये दुनिया का पहला लेजर किरणों से हमला करने वाला टैंक है, जो तेजी से बदलते युद्ध क्षमता की भयावह झलक दिखाता है। तुर्की के इस टैंक का नाम अल्का-कप्लान है, जिसको लेकर उसने दावा किया है कि ये हवा में उड़ते दुश्मन ड्रोन को सेकंड्स में भून सकता है। यह हाई-टेक टैंक तुर्की की हथियार क्षमता का एक और प्रदर्शन है। तुर्की ने पहले ही अत्याधुनिक ड्रोन बनाने में महारत हासिल कर रखी है और अब तुर्की ने लेजर किरणों से हमला करने वाले टैंक का प्रदर्शन कर कई देशों को चौंका दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस टैंक में



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक जैमिंग और शक्तिशाली लेजर टेक्नोलॉजी है। कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि अभी दुश्मनों के ड्रोन को मारने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम इस्तेमाल किए जा रहे हैं, लेकिन तुर्की का लेजर टैंक सेकंड्स में ड्रोन को खत्म कर ड्रोन युद्ध को बेअसर कर सकता है।

तुर्की ने इस अल्का-कप्लान ड्रोन को अन्य टैंकों और पैदल सेना के साथ मिलकर काम करते हुए, खतरनाक उड़ते ड्रोनों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया है। ये टैंक सैनिकों को हवाई खतरों से बचाने के साथ-साथ, सड़क किनारे लगे बमों और अन्य विस्फोटक उपकरणों से भी निपटने में मदद कर सकता है। दरअसल रूस यूक्रेन युद्ध हो या इजरायल-ईरान युद्ध या फिर भारत पाकिस्तान संघर्ष, हकीकत ये है कि ड्रोन युद्ध लगातार खतरनाक स्तर पर पहुंचता जा रहा है। ड्रोन को मारने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम को महंगी मिसाइलों का इस्तेमाल करना पड़ता है, जिनकी कीमत काफी ज्यादा होती है, लेकिन अगर ये काम लेजर टैंक करे तो दुश्मनों के ड्रोन को खत्म करने का खर्च कई गुना कम हो जाएगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक तुर्की का ये टैंक सिर्फ ड्रोन ही नहीं, बल्कि हेलिकॉप्टर और जमीन पर रखे विस्फोटकों को भी पहचानकर उन्हें नष्ट करने की क्षमता रखता है। दावा किया गया है कि अगर इस टैंक की लेजर किरणों की चपेट में हेलीकॉप्टर भी आते हैं तो वो भी ध्वस्त हो सकते हैं। तुर्की से जारी नये वीडियो फुटेज में इस हाई-टेक टैंक को एक ड्रोन को निशाना बनाते हुए और उसे तेजी से आसमान में खत्म करते हुए दिखाया गया है।

दावा है कि यह टैंक दुश्मन के ड्रोन को नष्ट करने के लिए अपने जैमर का इस्तेमाल करेगा और फिर उसे निष्क्रिय करने के लिए एक तेज लेजर धमाका करेगा। डिफेंस एक्सपर्ट्स का मानना है कि तुर्की का टैंक शहरी लड़ाई के दौरान युद्ध को पूरी तरह से बदल सकता है।

इसके अलावा इसे सैनिकों के काफिले को सुरक्षित रखने, हाई वैल्यू टारगेट्स की सुरक्षा के लिए तैनात किया जा सकता है।

## ट्रंप पर टिप्पणी मामले में जर्मन कॉमेडियन बरी

### जज बोलीं- यह एक व्यंग्य था न कि हिंसा के लिए उकसावा

बर्लिन, 23 जुलाई (एजेंसियां)। जर्मनी की एक अदालत ने बुधवार को एक लोकप्रिय व्यंग्यकार सेबेस्टियन होट्ज को बरी कर दिया, जिन पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले को लेकर सोशल मीडिया पर समर्थन जताने का आरोप था।

29 वर्षीय सेबेस्टियन होट्ज, जो सोशल मीडिया पर 'एल होट्जो' नाम से जाने जाते हैं, ने जुलाई 2023 में एक्स पर एक पोस्ट किया था। उस समय अमेरिका में चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रंप पर पेंसिल्वेनिया के बटलर में गोलीबारी हुई थी, जिसमें ट्रंप के कान पर गोली छू गई थी और एक समर्थक की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद होट्ज ने ट्रंप की तुलना 'आखिरी बस' से करते हुए लिखा, 'अफसोस, बस छूट गई।'

# इजरायली हवाई हमलों में गाजा में 21 फलस्तीनियों की मौत

## नाकेबंदी से भुखमरी की स्थिति

दीर अल-बलाह, 23 जुलाई (एजेंसियां)। गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह इलाके में मंगलवार देर रात और बुधवार को इजरायली हवाई हमलों में 21 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मरने वालों में आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। फलस्तीन के इस इलाके में हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। करीब 20 लाख की आबादी वाले गाजा में इजरायल की नाकेबंदी और लंबे समय से जारी सैन्य कार्रवाई के कारण भुखमरी की स्थिति बन चुकी है। कानून-व्यवस्था खत्म हो चुकी है और लूटपाट आम हो गई है। राहत सामग्री के वितरण के दौरान भी हिंसा बढ़ गई है।

संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि मई से अब तक 1,000 से ज्यादा फलस्तीनी नागरिकों की उस समय मौत हो चुकी है, जब वे गाजा में खाना हासिल करने की कोशिश कर रहे थे। अधिकतर मौतें अमेरिकी समर्थित राहत वितरण केंद्रों के पास हुई हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस युद्ध में अब तक 59,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। मंत्रालय का कहना है कि इनमें से भी आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। यह मंत्रालय हमास के प्रशासन का हिस्सा है, लेकिन इसमें काम करने वाले कर्मचारी पेशेवर डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां इसके मौत के आंकड़ों को सबसे भरोसेमंद मानती हैं। मंगलवार रात पहला हमला गाजा सिटी के उत्तर-पश्चिम इलाके में एक घर पर हुआ। शिफा अस्पताल के मुताबिक, इसमें 12 लोगों की मौत हुई, जिनमें छह बच्चे और दो महिलाएं शामिल थीं। दूसरा हमला उत्तरी गाजा के तल अल-हवा इलाके में एक अपार्टमेंट पर हुआ, जिसमें छह लोगों की मौत हुई। मृतकों में तीन बच्चे और दो महिलाएं थीं, जिनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल थी।

इस हमले में आठ लोग घायल भी हुए। तीसरा हमला गाजा सिटी के नासेर इलाके में एक तंबू पर हुआ, जिसमें तीन बच्चों की जान चली गई। इस्राइली सेना ने इन हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। आमतौर पर इजरायली सेना का कहना होता है कि हमास आबादी वाले इलाकों से हमला करता है, जिससे आम लोगों की मौतें होती हैं।

## बलूच नेता का दावा- बुरी तरह नाकाम हुआ पाकिस्तानी सेना का शाहीन-3 मिसाइल परीक्षण

इस्लामाबाद, 23 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तानी सेना ने हाल ही में अपनी शाहीन-3 मिसाइल का परीक्षण किया। लेकिन यह परीक्षण में बुरी तरह नाकाम रहा। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। मिसाइल बलोचिस्तान के डेरा गाजी खान इलाके से छोड़ी गई थी, जो नागरिक इलाकों के पास जाकर गिरी। बलूच नेता मीर यार बलोच ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

बलूच विद्रोही बलूचिस्तान को पाकिस्तान का हिस्सा नहीं मानते हैं और इस पर पाकिस्तान के कब्जे का विरोध करते हैं। बलूच नेता मीर यार बलोच ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, बलूच गणराज्य पाकिस्तान के बार-बार नाकाम मिसाइल परीक्षणों की कड़ी निंदा करता है। पाकिस्तान लगातार बलूचिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन कर रहा है और आम नागरिकों की जान खतरे में डाल रहा है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान की कब्जा करने वाली सेना ने 22 जुलाई को बलूचिस्तान गणराज्य में एक नाकाम मिसाइल परीक्षण किया।


स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मिसाइल बलूचिस्तान के डेरा गाजी खान इलाके से छोड़ी गई, जो नागरिक इलाकों के पास लूप सहरानी लेवी स्टेशन से केवल 500 मीटर उत्तर की ओर गिरी। अगर यह मिसाइल थोड़ी भी दिशा से भटक जाती, तो भारी जनहानि और संपत्ति को बड़ा नुकसान हो सकता था।

# मेरे पति एमआरआई मशीन से 1 घंटे चिपके रहे

## गले में पहनी चेन बनी मौत की वजह, पत्नी ने बताया क्या-क्या हुआ था

न्यूयॉर्क, 23 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका के न्यूयॉर्क में एमआरआई मशीन में खिंचने से एक व्यक्ति की मौत ने दुनिया का ध्यान खींचा है। 61 वर्षीय कीथ मैकएलिस्टर मेटल की भारी भरकम चेन पहन कर मशीन के पास चला गया था। चुंबकीय शक्ति की वजह से मशीन ने उस व्यक्ति को खींच लिया। 20 पाउंड (करीब 9 किलोग्राम) की जंजीर के साथ एमआरआई मशीन के पास जाने के बाद वह एक घंटे तक मशीन से चिपका रहा। कीथ मैकएलिस्टर की मौत के बाद उनकी पत्नी ने हादसे के दौरान की डराने वाली कहानी बयां की है।

अमेरिका के कीथ की पत्नी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बीते हफ्ते बुधवार को वह अपना



स्कैन करवाने एमआरआई रूम गई थीं। स्कैन के बाद उन्होंने अपने पति को अंदर बुलाया। जैसे ही वह कमरे में दाखिल हुए तो गले में पहनी धातु की चेन मशीन ने उन्हें जोर से खींच लिया गया। इस अजीबोगरीब दुर्घटना में कीथ को घातक चोटें आईं।

### कई बार पड़ा दिल का दौरा

कीथ की पत्नी ने कहा कि तकनीशियन उनके पति को यह यह बताना भूल गया कि वह अपने गले में बंधी चेन उतार दें। अचानक मशीन ने उनको खींचा तो मैंने और तकनीशियन ने उन्हें छुड़ाने की कोशिश की। मशीन से चेन निकालने से पहले उन्हें करीब एक घंटे तक मशीन से चिपकाए रखा गया। इस घटना के बाद कीथ को कई बार दिल का दौरा पड़ा। उनको अस्पताल ले जाया गाया लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

कीथ की पत्नी ने बताया कि उनके पति करीब 9 किलोग्राम वज़न वाली एक भारी चेन पहने हुए थे। इस घटना के बाद अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) ने कहा है कि एमआरआई मशीनों में ऐसे चुंबकीय क्षेत्र होते हैं। ये किसी भी आकार की धातु की वस्तुओं को आकर्षित कर सकते हैं।

इनमें चाबियां, मोबाइल फोन और ऑक्सीजन टैंक भी शामिल हैं।

# भारत न होता तो हमारी इकोनॉमी बर्बाद हो जाती

## मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति नशीद बोले- पीएम मोदी की यात्रा से देश में भारतीय टूरिस्ट बढ़ेंगे

माले, 23 जुलाई (एजेंसियां)। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा है कि अगर भारत नहीं होता तो हमारी इकोनॉमी बर्बाद हो जाती। नशीद ने बताया कि उनके देश की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि अगर भारत ने समय पर मदद न की होती, तो मालदीव दिवालिया (डिफॉल्ट) हो गया होता। उन्होंने बताया कि जब मालदीव पर भारी कर्ज था और भुगतान मुश्किल हो गया था, तब भारत ने तुरंत मदद भेजी। इससे देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने में बहुत मदद मिली। नशीद ने कहा, मालदीव में भारत की मदद और साझेदारी हमारे लिए बहुत अहम रही है। ये सिर्फ आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि भरोसे और क्षेत्रीय एकता पर आधारित रिश्ता है। एएनआई से बात करते हुए नशीद ने कहा कि मालदीव की विदेश नीति हमेशा इंडिया फर्स्ट की रही है। नशीद ने माना कि चुनावों के चलते मालदीव की नीति चीन की ओर झुक जाती है, लेकिन अब ऐसा नहीं है। नशीद कहा कि मालदीव की पूरी राजनीति इंडिया फर्स्ट पॉलिसी पर आ गई है। उनके मुताबिक भारत भी मालदीव को महत्व देता है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा इस बात का सबूत है।



# नई टाउनशिप पॉलिसी से बदलेगी शहरों की तस्वीर

## हर वर्ग को मिलेगा आधुनिक और सुलभ आवास



जयपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ने प्रदेश के शहरी विकास को गति देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नई टाउनशिप पॉलिसी-2024 को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल बैठक में इस नीति को स्वीकृति दी गई, जो राज्य को विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य की दिशा में निर्णायक गति देगी।

यह नीति ना केवल रहवासियों को बेहतर जीवनशैली देने की दिशा में बनाई गई है, बल्कि इसके माध्यम से निवेश को आकर्षित करने, औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित करने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने की भी व्यापक योजना है। नीति में हरित विकास, ऊर्जा संरक्षण, जल प्रबंधन, सामाजिक न्याय और आधारभूत सुविधाओं का समावेश सुनिश्चित किया गया है।

हरित व सुविधायुक्त आवासीय योजनाओं को मिलेगा बढ़ावा

नई टाउनशिप नीति के तहत सभी योजनाओं में 7 प्रतिशत भूमि पार्क व खेल मैदान के लिए और 8 प्रतिशत भूमि सुविधा क्षेत्र (जैसे स्कूल, हॉस्पिटल, सामुदायिक केंद्र आदि) के लिए आरक्षित की जाएगी। यह प्रावधान रहवासियों को एक बेहतर, स्वस्थ और सुव्यवस्थित जीवनशैली उपलब्ध कराएगा। साथ ही वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट जल प्रबंधन जैसी स्थायी सुविधाएं भी अनिवार्य की गई हैं।

**कमजोर वर्गों के लिए सुनिश्चित होगा आवास**

नीति में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न आय वर्ग के लिए भूखंड आरक्षित किए गए हैं, जिनका आवंटन स्थानीय निकायों द्वारा पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। इसके अलावा, औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए कम से कम 5 प्रतिशत क्षेत्रफल में आवास निर्माण का प्रावधान है, जिससे उन्हें कार्यस्थल के पास ही आवास मिल सकेगा और उनकी कार्यकुशलता में वृद्धि हो।

**उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा**

नीति में यह प्रावधान किया गया है कि किसी भी टाउनशिप योजना के पूर्ण होने के बाद 5 वर्षों तक विकासकर्ता को विकास कार्यों के रख-रखाव की जिम्मेदारी लेनी होगी, या फिर RWA (रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन) को जिम्मेदारी सौंपने तक 2.5 प्रतिशत भूखंड सरकार के पास गिरवी रहेंगे। इससे उपभोक्ताओं को बेहतर और जवाबदेह सेवाएं मिलेंगी।

**लम्बवत विकास व आधुनिक शहरी योजना को मिलेगा बल**

भूमि की सीमित उपलबधता को देखते हुए नई नीति बहुमंजिला (लम्बवत) इमारतों को बढ़ावा देती है। साथ ही फ्लैट, समूह आवास, मिश्रित भू-उपयोग, कमर्शियल स्पेस जैसे सब-सिटी सेंटर, डिस्ट्रिक्ट सेंटर व कम्यूनिटी सेंटर के लिए योजनाएं तैयार की जाएंगी, जिससे स्मार्ट और कार्यक्षम शहरों का विकास होगा।

**अधोसंरचना व पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता**

सेक्टर रोड्स के निर्माण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे नगरीय आवागमन को सुगम बनाया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, नीति में नदियों, झीलों, नालों व अन्य जलस्रोतों के आसपास न्यूनतम बफर जोन निर्धारित किए गए हैं ताकि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही, सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों को स्थापित करने में तकनीकी बाधाओं को हटाया गया है जिससे हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

# हाईकोर्ट को मिले 7 नए जज

## पहली बार 43 न्यायाधीश, संदीप तनेजा स्थायी जज नियुक्त

जयपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट में सात नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई, जिनमें संदीप तनेजा को स्थाई न्यायाधीश और छह अन्य को अतिरिक्त न्यायाधीश बनाया गया है।

मुख्य न्यायाधीश श्रीराम कल्पाती राजेन्द्रन बुधवार सुबह नौ बजे जोधपुर स्थित प्रधान पीठ में नवनियुक्त न्यायाधीशों को शपथ दिलाएंगे। इसके बाद यहां न्यायाधीशों की संख्या 43 हो जाएगी, जो राजस्थान हाईकोर्ट में अब तक की सबसे अधिक संख्या है।

**संदीप तनेजा स्थायी न्यायाधीश नियुक्त**

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से न्यायाधीशों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी गई।

इसके अनुसार राष्ट्रपति ने वर्तमान में अतिरिक्त महाधिवक्ता संदीप तनेजा को राजस्थान हाईकोर्ट का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया है, जबकि बलजिंदर सिंह संधू, बिपिन गुप्ता, संजीत



पुरोहित, रवि चिरानिया, अनुरूप सिंघी और संगीता शर्मा को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया है।

**संगीता शर्मा जिला जज कैडर की अधिकारी**

इनमें से 6 अधिवक्ता कोटे से हैं, जबकि संगीता शर्मा जिला जज कैडर की अधिकारी हैं। संगीता शर्मा स्वतंत्रता सैनानी रामकरण जोशी की नवासी हैं। अधिवक्ता कोटे से न्यायाधीश बनने वालों में से चार जयपुर तथा दो प्रधान पीठ-जोधपुर में वकालत कर रहे हैं।

इस साल अब तक राजस्थान हाईकोर्ट में कुल पंद्रह न्यायाधीश की नियुक्ति हुई है।

शपथ ग्रहण के बाद हाईकोर्ट में कार्यरत न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 43 हो जाएगी, जबकि स्वीकृत पदों की संख्या 50 है। पहली बार हाईकोर्ट में चालीस से ज्यादा न्यायाधीश होंगे।

# वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला

## पेट्रोल डालकर महिला रेंजर को जिंदा जलाने की कोशिश; मामला दर्ज

बीकानेर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। बीकानेर में अवैध वन उपज परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। इस दौरान कुछ लोगों ने पेट्रोल डालकर महिला रेंजर को जिंदा जलाने की कोशिश की। बीकानेर में उपवन संरक्षक के निर्देशन में अवैध वन उपज परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ग्राम खोडाला क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला कर दिया गया और पेट्रोल डालकर महिला रेंजर को जिंदा जलाने की कोशिश की गई। इस घटना को लेकर शेखसर निवासी कृष्ण गोदारा, भीमगर, गोपीगर और देवासर निवासी विनोदपुरी के खिलाफ राजस्थान वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। वन विभाग की टीम की कार्रवाई के दौरान हालात उस वक्त बेकाबू हो गए जब आरोपी कृष्ण गोदारा ने रेंजर मोहिनी चौधरी पर पेट्रोल डालकर उन्हें जिंदा जलाने की कोशिश की। साथ ही विभागीय स्टाफ के साथ भी जमकर मारपीट की गई। इस सनसनीखेज घटना ने प्रशासनिक हलके में हड़कंप मचा दिया है। इसके बाद वन विभाग की सूचना पर पुलिस थाना कालू में भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया। वहीं, घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# दिसंबर में एक साथ हो सकते हैं पंचायतीराज और शहरी निकाय चुनाव, रिपोर्ट अंतिम चरण में

जयपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। राज्य सरकार इस वर्ष दिसंबर में पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुनाव एक साथ कराने की तैयारी में है। इसके लिए मंत्रिमंडलीय उपसमिति द्वारा इन संस्थाओं के पुनर्गठन पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

बता दें कि मंत्रिमंडलीय उपसमिति द्वारा पुनर्गठन पर तैयार रिपोर्ट आगामी 15-20 दिनों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सौंपा जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने उपसमिति की बैठक के बाद यह जानकारी दी।

**आपत्तियों और सुझावों पर हुई चर्चा**

उन्होंने बताया कि पंचायतों और जिला परिषदों के पुनर्गठन को लेकर जिलों से मिले प्रस्तावों, आपत्तियों और सुझावों पर बैठक में चर्चा हुई। वर्तमान में नई पंचायतों और पंचायत समितियों के गठन से संबंधित प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपे जाने के बाद अंतिम निर्णय उन्हीं के स्तर पर लिया जाएगा।




**कार्यकाल इस वर्ष के अंत में समाप्त हो रहा**

उल्लेखनीय है कि राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों का कार्यकाल इस वर्ष के अंत में समाप्त हो रहा है, ऐसे में सरकार दोनों चुनावों को एकसाथ कराने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

यदि यह प्रक्रिया पूरी होती है, तो इससे प्रशासनिक व्यवस्था में समन्वय के साथ चुनाव कराने में सहूलियत होगी और खर्च भी कम आएगा। सरकार की कोशिश है कि पुनर्गठन प्रक्रिया समय पर पूरी कर चुनाव आयोग को आवश्यक सूचनाएं सौंपी जा सकें, ताकि चुनाव समय पर संपन्न हो सकें।

# सरकारी-हॉस्टल के 9वीं की छात्रा ने किया सुसाइड

बाड़मेर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। स्कूल से लंच करने हॉस्टल गई 9वीं क्लास की छात्रा ने चुन्नी का फंदा बनाकर सुसाइड कर लिया। वह काफी देर तक स्कूल नहीं लौटी तो उसकी क्लासमेट उसे बुलाने रूम में गई। घुसते ही उसे पंखे से लटका देखा तो बालिका के होश उड़ गए। उसने हॉस्टल और स्कूल प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद वार्डन और स्कूल स्टाफ उसे अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया- सुबह सूचना मिली थी कि एक 14 साल की छात्रा ने सरकारी हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है। अस्पताल पहुंचे और शव को मॉर्च्युरी में रखवाया है। साथ ही परिजनों के साथ हॉस्टल जाकर मौका देखा है। फिलहाल सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। स्कूल से 50 मीटर दूर है हॉस्टलः पुलिस के अनुसार, बच्ची की स्कूल और हॉस्टल की दूरी 50 मीटर है। वह सुबह स्कूल के बाद लंच करने हॉस्टल आई थी। अन्य बच्चियां भी साथ थीं। लंच खत्म होने के बाद सभी बच्चियां स्कूल पहुंच गई, लेकिन छात्रा स्कूली नहीं पहुंची। टीचर ने बुलाकर लाने को कहाः इसके बाद टीचर ने उसकी एक क्लासमेट को बुलाकर लाने को कहा। क्लासमेट ने रूम में जाकर देखा तो वह फांसी के फंदे से लटकी हुई मिली। तब भागकर टीचर और वार्डन को बताया। आनन-फानन में वार्डन और स्टाफ बच्ची को चौहटन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दो चुन्नियों को बांध कर बनाया फंदाः दोपहर करीब 3 बजे परिजन हॉस्पिटल मॉर्च्युरी पहुंचे। परिजनों ने पुलिस के साथ हॉस्टल जाकर कमरे में हालात देखे। मासूम ने एक चुन्नी छोटी होने के कारण दो चुन्नी को बांधकर फंदा बनाया था।

# 'मानसून की झमाझम बारिश' शुरू, डबल अलर्ट के साथ आईएमडी ने कर दी अगले 7 दिन के मौसम की भविष्यवाणी

बारां, 23 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान के कई जिलों में फिर मानसून की बारिश शुरू हो गई है। कोटा, बारां समेत राज्य के कई हिस्सों में बुधवार को जोरदार बारिश हुई, जिससे दिनभर की उमस और गर्मी से राहत मिली। ठंडी हवाओं और फुहारों ने लोगों को सुकून दिया। IMD ने पहले ही येलो अलर्ट जारी कर दिया था और बिजली चमकने, बादलों की गड़गड़हाट और बारिश की चेतावनी जारी की थी।

कोटा जिले के सातलखेड़ी, सांगोद और झालावाड़ जिले के सोजपुर क्षेत्र में बारिश दर्ज की गई थी, हालांकि बुधवार सुबह उमस बनी रही। वहीं दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और झमाझम बारिश शुरू हो गई।

**पिछले 24 घंटे में मौसम का हाल**

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटे में पूर्वी और पश्चिमी



राजस्थान के कई इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। कुछ क्षेत्रों में भारी से अति भारी बारिश भी देखने को मिली। झुंझुनूं के पिलानी में सबसे ज्यादा 136.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं सबसे ज्यादा तापमान श्रीगंगानगर में 39.2 डिग्री सेल्सियस और रात का सबसे कम तापमान सिरोही में 21.1 डिग्री दर्ज किया गया।

**आने वाले 7 दिन ऐसा रहेगा मौसम**

मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार आज 23 जुलाई को बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर और कोटा संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश के आसार हैं।

24 और 25 जुलाई को बारिश की गतिविधियां कम हो जाएगी। इस बीच आईएमडी की कोई चेतावनी नहीं है।

26 बारां, बूंदी, झालावाड़, कोटा, सवाईमाधोपुर और टोंक में येलो अलर्ट जारी किया है।

वहीं 27 जुलाई को विभाग का डबल (ऑरेंज और येलो) अलर्ट है। जिससे कई जिलों में भारी से अतिभारी बारिश का अलर्ट भी है।

28 से 30 जुलाई तक मानसून की बारिश जारी रहेगी। जिसके लिए कोटा, भरतपुर, जयपुर और उदयपुर संभाग के जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट करना चाहिए कि धनखड़ ने इस्तीफा क्यों दिया है : बेनीवाल

जयपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। नागौर सांसद और राष्ट्रपति लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि धनखड़ ने राज्यसभा के सत्र के बीच में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर जो त्याग पत्र दिया है, वह दरअसल भारतीय जनता पार्टी के दबाव का परिणाम है। बेनीवाल ने कहा, अगर यह इस्तीफा वास्तव में स्वास्थ्य कारणों से होता, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें पुनर्विचार की सलाह जरूर देते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

उन्होंने यह भी कहा कि वह एनडीए के विरोध में रहते हुए भी क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में जगदीप धनखड़ के समर्थन में खड़े हुए थे और उन्हें वोट दिया था। लेकिन उपराष्ट्रपति



बनने के बाद धनखड़ ने कई मौकों पर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं उजागर कीं।

सांसद ने कहा कि उन्हें सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट करना चाहिए कि उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया है और क्या वास्तव में बीजेपी का कोई दबाव था। अगर उन्होंने छह महीने बाद स्पष्टीकरण दिया तो जनता उसे केवल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश मानेगी। हनुमान बेनीवाल के इस बयान ने राष्ट्रीय राजनीति में एक नई बहस छेड़ दी है और अब निगाहें पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की ओर हैं कि वे इस पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

# रथ यात्रा के दौरान करंट की चपेट में आए कांवड़िए, 2 की दर्दनाक मौत

## कई झुलसे; ग्रामीणों ने लगाया जाम

अलवर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। सावन महीने के तहत निकाली जा रही रथ यात्रा के दौरान बड़ा हादसा हो गया। थाना क्षेत्र के बीचगावा गांव में रथ पर सवार कांवड़िए हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। 11 केवी लाइन की चपेट में आने से दो कांवड़ियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक कांवड़िए और ग्रामीण झुलस गए।

बता दें कि हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायल लोगों को तुरंत लक्ष्मणगढ़ और गढ़ी सवाईराम के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से पांच कांवड़ियों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें जिला अस्पताल अलवर रैफर किया गया है।



**पूरे रथ में फैल गया था करंट**

जानकारी के अनुसार, रथ यात्रा के दौरान रथ ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे करंट पूरे रथ में फैल गया। हादसा इतना भीषण था कि कांवड़ियों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। मृतकों की पहचान गांव के ही युवकों के रूप में हुई है।

हादसे से नाराज ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर लक्ष्मणगढ़-गढ़ी सवाईराम मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग और प्रशासन की लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई और मुआवजे व कार्रवाई की मांग की।

पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाने की कोशिश कर रहे हैं।

# कंटेनर ने मारी भीषण टक्कर

## पहले पिता फिर बेटे की मौत

पाली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान के सोजत क्षेत्र के सोजत बिलावास मार्ग स्थित एक मंदिर के समीप एक कंटेनर चालक ने तेज रफ्तार से चलाते हुए मोपेड पर सवार होकर जा रहे पिता-पुत्र को टक्कर मार दी, जिससे दोनों उछलकर काफी दूरी पर जा गिरे।

हादसे में पिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तेरह वर्षीय पुत्र के गंभीर चोटे आने से घायल हो गया।

जिसे सोजत चिकित्सालय में उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

सोजत पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई कानाराम सीरवी ने बताया कि खुटलिया निवासी अशोक प्रजापत (35) व उसका बेटा हिमांशु (13) मोपेड लेकर गांव जा रहे थे। इसी समय सोजत बिलावास मार्ग पर एक कंटेनर चालक ने तेजी से चलाते हुए पिता-पुत्र को चपेट में ले लिया, जिससे अशोक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पुत्र हिमांशु घायल हो गया।

# पत्नी के लिए मासूम की जघन्य हत्या

## तांत्रिक के कहने पर चाचा ने दी बलि

अलवर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। अलवर जिले के खैरथल-तिजारा क्षेत्र अंतर्गत मुंडावर थाना इलाके में छह वर्षीय बच्चे लोकेश की रहस्यमयी हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। अब इस मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि यह नृशंस हत्या बच्चे के सगे चाचा ने एक तांत्रिक के कहने पर की थी। हत्या का उद्देश्य था वशीकरण की तांत्रिक क्रिया करना, जिसके लिए मासूम की बलि दी गई।

जानकारी के मुताबिक, सराय कला गांव निवासी लोकेश 19 जुलाई की शाम को अचानक लापता हो गया था। उसके पिता बिन्टु ने मुंडावर थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसी रात आठ बजे गांव के एक सुनसान मकान में तूड़े (भूसे) के ढेर में लोकेश का शव बरामद हुआ। शव मिलने के बाद इलाके में मातम पसर गया और पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

हत्या के तुरंत बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया।

पुलिस को तब शक हुआ जब लोकेश का सगा चाचा मनोज कुमार घटना के बाद परिजनों के साथ मिलकर लोकेश की तलाश करता दिखा, लेकिन उसके हाव-भाव में कुछ असामान्यता महसूस हुई। इसी आधार पर पुलिस ने 21 जुलाई को मनोज कुमार पुत्र बिल्लू उर्फ पूर्ण प्रजापत को हिरासत में लिया।

# करंट लगने से युवक की मौत

सवाई माधोपुर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। चौथ का बरवाड़ा उपखंड क्षेत्र के डिडायच गांव में कृषि कार्य करने के दौरान एक युवक के करंट लग गया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों की सहायता से गंभीर अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले को लेकर मृतक के पिता की ओर से पुलिस को रिपोर्ट दी है। बताया कि युवक खेत पर बाजरे की निदाई करने गया था। ग्रामीण एवं पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनीष बैरवा (25) पुत्र मांगीलाल बैरवा निवासी डिडायच जयपुर में होटल में काम करता था।

# 14 बिजली चोरी के मामले पकड़े

## जुर्माना लगाया, कार्रवाई से मचा हड़कंप

बारां, 23 जुलाई (एजेंसियां)। शहर में बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर डिस्कॉम विजिलेंस टीम ने झालावाड़ रोड स्थित एक कॉन्वेंट स्कूल एवं एक लाइब्रेरी इंस्टीट्यूट में बिजली चोरी पकड़ कर 3.44 लाख का जुर्माना लगाया। जयपुर डिस्कॉम जयपुर के अधीक्षण अभियंता सतर्कता बीएल शर्मा के निर्देश पर गठित टीम ने बारां शहर में अधिशाषी अभियंता सतर्कता कालूलाल मीणा के नेतृत्व में 8 परिसरों की जांच की, जांच के दौरान 6 उपभोक्ता विद्युत चोरी करते हुए पाए गए। जिन पर वीसीआर भरने की कार्रवाई करते हुए करीब 4.99 लाख का जुर्माना लगाया गया। जांच के दौरान झालावाड़ रोड आमापुरा स्थित एक कॉन्वेंट स्कूल तथा एक लाइब्रेरी इंस्टीट्यूट पर बड़ी बिजली चोरी पकड़ी गई। किशनगंज व भंवरगढ़ में भी आकस्मिक चेकिंग की तथा कुल 8 वीसीआर भरकर 5.25 लाख का जुर्माना लगाया गया। विजिलेंस टीम की इस कार्रवाई से बिजली चोरों में हडक़ंप मच गया। बिजली चोरी के खिलाफ धरपकड़ अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# साइबराबाद पुलिस ने 2 करोड़ के 827 चोरी और खोए हुए मोबाइल फ़ोन बरामद किए

## मोबाइल फ़ोन उनके मालिकों को सौंपे गए




हैदराबाद, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए, डीसीपी क्राइम ए. मुथ्यम रेड्डी के नेतृत्व में, साइबराबाद सेंट्रल क्राइम स्टेशन (सीसीएस) के पाँच ज़ोन ने रिकवरी अभियान के आठवें चरण के तहत 827 चोरी और खोए हुए मोबाइल फ़ोन सफलतापूर्वक बरामद किए हैं। पिछले 45 दिनों में, सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल का उपयोग करके लगभग 2 करोड़ मूल्य के कुल 827 मोबाइल फ़ोन बरामद किए गए। साइबराबाद पुलिस सभागार में आयोजित एक समारोह में इन उपकरणों को औपचारिक रूप से उनके असली मालिकों को सौंप दिया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, डीसीपी क्राइम ए. मुथ्यम रेड्डी ने कहा: "पिछले 45 दिनों में ही, हमने 827 मोबाइल फ़ोन बरामद किए हैं। उन्होंने खोए या चोरी हुए मोबाइल फ़ोन की तुरंत रिपोर्ट नज़दीकी पुलिस स्टेशन में या CEIR पोर्टल के माध्यम से करने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि मोबाइल फ़ोन में अक्सर संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा और भावनात्मक मूल्य होते हैं, जिससे समय पर रिकवरी ज़रूरी हो जाती है। CEIR पोर्टल दुरुपयोग को रोकने और तेज़ी से रिकवरी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।अब तक, साइबराबाद पुलिस ने मोबाइल फ़ोन रिकवरी और वितरण के आठ चरण पूरे किए हैं। कुल मिलाकर, 6,233 खोए या चोरी हुए मोबाइल फ़ोन बरामद किए गए हैं और उनके असली मालिकों को लौटा दिए गए हैं। डीसीपी मुथ्यम रेड्डी ने नागरिकों से CEIR पोर्टल का पूरा उपयोग करने का आग्रह किया, जो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध है। उन्होंने जनता को साइबर धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने और संदिग्ध या अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने की भी सलाह दी। साइबर अपराध से संबंधित समस्याओं के लिए, उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने या cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सलाह दी। बरामद किए गए फ़ोनों के कई लाभार्थियों ने आभार व्यक्त किया और अपने अनुभव साझा किए।

मैंने अपने रिश्तेदार के घर जाते समय अपना फ़ोन खो दिया था। यह मेरे बेटे की शादी का तोहफ़ा था, इसलिए इसका मेरे लिए बहुत भावनात्मक मूल्य था। मैंने बालानगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

मैं गच्चीबोवली में एक आईटी कर्मचारी के रूप में काम करता हूँ और एक सब्ज़ी मंडी में मेरा फ़ोन खो गया था। मैंने पुलिस को इसकी सूचना दी और कुछ ही देर बाद मुझे बताया गया कि मेरा फ़ोन मिल गया है और मुझे वापस कर दिया जाएगा। क्राइम ए. मुथ्यम रेड्डी ने इस ऑपरेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए क्राइम-1 एडीसीपी राम कुमार, सीसीएस एसीपी के. नागेश्वर राव, माधापुर सीसीएस इंस्पेक्टर संजीव, शमशाबाद सीसीएस इंस्पेक्टर पवन, बालानगर सीसीएस इंस्पेक्टर रविकुमार, मेडचल सीसीएस इंस्पेक्टर दलिनायडू, राजेंद्रनगर सीसीएस इंस्पेक्टर पी. राजेश, उनके एएसआई, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल और पूरी सीसीएस टीम के समर्पित प्रयासों की सराहना की।

# हैदराबाद में नशीली पदार्थों के कारोबार का भंडाफोड़

## 82 लाख रुपये मूल्य का कोकीन और नशीले पदार्थ ज़ब्त



हैदराबाद, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मादक पदार्थों की तस्करी पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, हैदराबाद नारकोटिक्स एन्फोर्समेंट विंग ने विभिन्न स्थानीय पुलिस थानों के साथ मिलकर बुधवार को शहर भर में कई संयुक्त अभियान चलाए, जिसमें कई अंतरराज्यीय और स्थानीय तस्करों, ट्रांसपोर्टरों और उपभोक्ताओं को गिरफ्तार किया गया और लाखों रुपये मूल्य के मादक पदार्थों की बड़ी मात्रा ज़ब्त की गई। यहाँ टीजीआईसीसीसी भवन में मीडियाकर्मियों के सामने मामले का विवरण देते हुए, हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने कहा कि सबसे बड़े अभियानों में से एक में, HNEW टीम ने गोलकुंडा पुलिस के साथ मिलकर मुंबई से चार अंतरराज्यीय ड्रग तस्करों, एक स्थानीय तस्कर और दो उपभोक्ताओं को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारियों में 276 ग्राम कोकीन और आठ मोबाइल फोन ज़ब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत 69 लाख रुपये है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि मुख्य आरोपियों की पहचान मुंबई निवासी इलेक्ट्रीशियन मुजफ्फर वाहिद शेख (30); मुंबई निवासी टैक्सी चालक विनोद किशनलाल श्रीवास्तव (53); मुंबई निवासी 3डी कलाकार चैतन्य विनायक वाघ (29); मुंबई निवासी डिलीवरी बॉय मुस्ताक खान (31) और हैदराबाद निवासी स्थानीय सॉफ्टवेयर कर्मचारी प्रेम (29) के रूप में हुई है। इस अभियान में एक सुव्यवस्थित ड्रग आपूर्ति श्रृंखला का पर्दाफाश हुआ, जहाँ कोकीन समुद्री मार्गों के माध्यम से विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त की जाती थी और मुंबई स्थित उप-आपूर्तिकर्ताओं को वितरित की जाती थी, जो अंततः प्रेम जैसे हैदराबाद स्थित तस्करों तक पहुँचती थी। आनंद ने बताया कि जाँच से पता चला कि 2022 से मादक पदार्थों के अपराधों में कई गिरफ्तारियों के बावजूद, प्रेम अपनी विलासितापूर्ण जीवनशैली को बनाए रखने के लिए कोकीन की तस्करी करता रहा। एक अन्य कार्रवाई में, HNEW और बेगम बाज़ार पुलिस ने राजस्थान के दो अंतरराज्यीय ड्रग ट्रांसपोर्टरों और एक स्थानीय तस्कर को गिरफ्तार किया और उनके पास से 100 ग्राम नशीला पदार्थ (एमडी), एक देसी पिस्तौल, छह ज़िंदा कारतूस, एक खाली कारतूस का खोल और तीन मोबाइल फ़ोन बरामद किए, जिनकी कुल कीमत 10 लाख रुपये है। मामले के आरोपियों की पहचान राजस्थान के जूस विक्रेता पवन भाटी (24), राजस्थान के बेरोज़गार हेमसिंह कच्छवा (26) और हैदराबाद के मिठाई की दुकान में काम करने वाले जीतेंद्र पंवार (38) के रूप में हुई है। मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला स्थानीय तस्कर जीतेंद्र अपने परिचित पवन और हेमसिंह से एमडी खरीदता था और उसे हैदराबाद में बेचता था। गौरतलब है कि हेमसिंह का 2021 में राजस्थान में एक पास्को मामले से जुड़ा आपराधिक इतिहास रहा है। एक अलग अभियान में, HNEW टीम और बोलाराम पुलिस ने एक सॉफ्टवेयर कर्मचारी हर्षवर्धन (28) को ड्रग्स की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने 10 ग्राम कोकीन, 6 ग्राम वजन की 11 एक्स्टसी गोलियां और 3.1 लाख रुपये मूल्य का एक मोबाइल फोन जब्त किया। जांच से पता चला कि एक प्रतिष्ठित आईटी फर्म में काम करने वाले बी.टेक. स्नातक हर्षवर्धन ने एक निजी संकट के बाद ड्रग्स का सेवन शुरू कर दिया था। आखिरकार, उसने कूरियर और निजी यात्राओं के माध्यम से बैंगलोर और गोवा से कोकीन मंगवाना शुरू कर दिया और अपनी विलासितापूर्ण जीवनशैली के लिए हैदराबाद में ग्राहकों को इसे बेचना शुरू कर दिया।

## गणेश प्रतिमा विसर्जन 6 सितंबर को होगा: बीजीयूएस

हैदराबाद, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति (बीजीयूएस) के नेताओं ने बुधवार को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने कार्यालय का उद्घाटन किया। शहर के बेगमबाजार स्थित बेहती भवन स्थित भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति कार्यालय में विघ्नेश्वर भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर बोलते हुए, समिति के महासचिव डॉ. रविनुतला शशिधर ने कहा कि राज्य की राजधानी में 46वां सामूहिक गणेश विसर्जन समारोह भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1980 से शुरू हुआ गणेश नवरात्रि उत्सव 27 अगस्त से शुरू होगा और उन्होंने बताया कि अनंत चतुर्दशी के उपलक्ष्य में 6 सितंबर को सामूहिक गणेश विसर्जन उत्सव मनाने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सभी विभागों के समन्वय से यह उत्सव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये त्यौहार पूरी दुनिया में मनाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ ताकतें हिंदू धर्म के खिलाफ साजिश रच रही हैं और कहा कि हिंदू समुदाय को उन्हें खदेड़ने के लिए एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश में आयोजित गणेश उत्सव से लगभग 5 हजार करोड़ रुपये की आय होगी।

## फुटपाथ पर रहने वालों को आश्रय के लिए करना पड़ रहा संघर्ष

हैदराबाद, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। फुटपाथ पर रहने वाले लोग लगातार हो रही बारिश के कारण काफी परेशान हैं। सुरक्षित आश्रय न मिलने के कारण, लोग फुटपाथ पर प्लास्टिक की चादरों से खुद को ढककर बैठे हैं और बारिश रुकने का इंतज़ार कर रहे हैं। कुछ भाग्यशाली लोगों को अस्थायी रूप से बंद दुकानों के सामने सुरक्षित जगह मिल जाती है, जबकि कुछ लोग घने पेड़ों के नीचे शरण ले लेते हैं। कुछ लोगों को फ़्लाईओवर आश्रय प्रदान करता है।

बेघर लोग बड़े पैमाने पर पब्लिक गार्डन, पुरानापुल, मुसलामजंग ब्रिज, विक्ट्री प्लेग्राउंड चदरघाट, चंचलगुडा फ़्लाईओवर, क्लॉक टॉवर, सिकंदराबाद , इंदिरा पार्क आदि स्थानों पर फुटपाथों पर जमा हैं। प्रभावित लोग मानसून के दौरान प्रशासन से सुरक्षित आश्रय, रेनकोट और अन्य बुनियादी चीजों के रूप में मदद मांग रहे हैं।

## निदेशक ने दंत चिकित्सा शिविर का किया दौरा

कोत्तागुडेम, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। स्कूल शिक्षा निदेशक डॉ. नवीन ई. निकोलस ने बुधवार को जिले के पलोंचा में नवा लिमिटेड और रोहिणी फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का दौरा किया। संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, पलोंचा में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर के बारे में जानकारी दी। बाद में, निदेशक महोदय ने छात्राओं को दंत चिकित्सा किट प्रदान कीं और नवा लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों की सराहना की।

## मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने नए उद्भव स्कूल परिसर का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित उद्भव स्कूल के नए परिसर का उद्घाटन बुधवार को हैदराबाद के फतेहनगर स्थित शास्त्री नगर में हुआ। भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद पूर्व छात्र संघ - हैदराबाद चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शुरू की गई इस पहल का औपचारिक उद्घाटन तेलंगाना सरकार के मुख्य सचिव, के. रामकृष्ण राव और पुलिस महानिदेशक, डॉ. जितेंद्र ने किया। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी एस.वी. राममूर्ति और आईआईएमए के पूर्व छात्र एवं बोर्ड ट्रस्टी षणमुख, हरीश कुमार, सीताराम और हर्ष - जिन्होंने सामूहिक रूप से सामाजिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत स्कूल की स्थापना की पहल की है। उद्भव स्कूल का उद्देश्य एलकेजी से दसवीं कक्षा तक गुणवत्तापूर्ण, मूल्य-आधारित शिक्षा प्रदान करना है, विशेष रूप से रसूलपुरा और फतेहनगर के झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों के बच्चों को। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्य सचिव के. रामकृष्ण राव ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि शिक्षा समाज की सेवा का सर्वोच्च रूप है। इसी तरह की शिक्षा प्राप्त अपनी स्कूली शिक्षा को याद करते हुए, उन्होंने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर ज़ोर दिया और आशा व्यक्त की कि उद्भव स्कूल बच्चों की छिपी हुई क्षमताओं को पोषित करेगा और उन्हें सफल एवं सार्थक जीवन जीने में सक्षम बनाएगा।



फीलखाना आचार्य भवन स्थित श्री राजाराम कलबी (आँजणा) समाज संघ हैदराबाद-सिकंदराबाद समाज बन्धुओं द्वारा आयोजित गुरुदेव श्री राजेश्वर भगवान के 82वीं पुण्यतिथि पर जागरण व भोजन-प्रसादी कार्यक्रम मे भजन प्रस्तुत करते हुए अमित नागौरी । अवसर पर अतिथियों व लाभार्थीयों का सम्मानकर उपस्थित अध्यक्ष भीकाराम पटेल, उपाध्यक्ष बाबुलाल पटेल, कोषाध्यक्ष पुखराज पटेल, सहकोषाध्यक्ष शंकरराम बोका, सचिव भीमाराम, सहसचिव रुपाराम पाविया, कार्यकारिणी सदस्य, मंच संचालक कैलाशसिंह राजपुरोहित व समाज बन्धु।



केबीआर पार्क में इच्छापूर्ति गणेशजी की पूजा आरती में भाग लेते राजेंद्र कुमार अग्रवाल सुरेंद्र कुमार अग्रवाल गोपाल बलदवा मंजू संध्या विनोद टिकमानी विजय कुमार अग्रवाल अशोक लाखोटिया राहुल सिंघल भोज रेड्डी नरेंद्र अग्रवाल मोहन लाल मित्तल विट्ठलदास अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल सरायवाला सेसैया गरु एवं अन्य।

## लॉरी चालक ने कार चालक को कुचला

### पीड़ित की मौके पर ही मौत

मेदक, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को नरसिंगी मंडल के वल्लुरु में एनएच-44 पर एक लॉरी चालक ने कथित तौर पर एक कार चालक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित, सिद्दीपेट जिले के रायपोल निवासी, साथी रेड्डी (50), अपने परिवार के दो सदस्यों के साथ हैदराबाद जा रहे थे, तभी एक लॉरी उनकी कार से टकरा गई। जब लॉरी चालक भागने की कोशिश कर रहा था, तो रेड्डी ने लॉरी को ओवरटेक किया और उसे रोकने की कोशिश की। जवाब में, लॉरी ने कार को फिर से टक्कर मारी और भागने की फिर से कोशिश की। रेड्डी अपनी गाड़ी से उतरे और ट्रक को रोकने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों के कुछ कर पाने से पहले ही चालक ने उन्हें कुचल दिया और तेज़ी से भाग निकला। टक्कर से रेड्डी का सिर ट्रक के पहियों के नीचे कुचल गया, जिससे उनकी तुरंत मौत हो गई। नरसिंगी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और लॉरी तथा उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## छात्रावासों में एल्युमीनियम के बर्तनों की जगह स्टील के बर्तनों का इस्तेमाल किया जाए : लक्ष्मण कुमार




हैदराबाद, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार, तेलंगाना राज्य के समाज कल्याण मंत्री अदलुरी लक्ष्मण कुमार ने बुधवार को एमसीएचआरडी, हैदराबाद में राज्य के समाज कल्याण गुरुकुल विद्यालयों में कार्यरत क्षेत्रीय अधिकारियों और प्रधानाचार्यों के साथ एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया।इस अवसर पर, पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए टीजीएसडब्ल्यूआरईआईएस और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

समाज कल्याण मंत्री अदलुरी लक्ष्मण कुमार ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और संगठन द्वारा चलाए जा रहे कई अभिनव कार्यक्रमों की सराहना की। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के आयोजक अनिल कुमार शिवप्रसाद रेड्डी के नेतृत्व में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री अदलुरी लक्ष्मण कुमार ने घोषणा की कि नागरिक आपूर्ति विभाग के समन्वय से राज्य के सभी कल्याणकारी छात्रावासों में गुणवत्तापूर्ण और उत्तम चावल उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए जाएँगे।उन्होंने आदेश दिया कि अब से छात्रावासों में एल्युमीनियम के बर्तनों की बजाय स्टील के बर्तनों में खाना बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए अनुमानित लागत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मंत्री ने स्पष्ट किया, "पिछली सरकार के शासनकाल में कर्मचारियों की समस्याओं की चिंता करने वाला कोई नहीं था, अब स्थिति बदल गई है। सरकार कर्मचारियों की समस्याओं के कानूनी समाधान में पूरा सहयोग करेगी।" उन्होंने प्रधानाचार्यों को आश्वासन दिया कि सेवा संबंधी मामलों का नियमानुसार समाधान किया जाएगा। मंत्री ने कहा, "पिछले दिनों मुझे उन घटनाओं के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ था जहाँ छात्र छात्रावासों में पढ़ते थे और वहीं खाना खाते थे। अब से मैं स्वयं छात्रावासों का दौरा करूँगा। मैं सीधे समस्याओं का पता लगाऊँगा।"


उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएँगे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की एक चिकित्सा टीम हर 15 दिन में प्रत्येक छात्रावास का दौरा करे और छात्रों की स्वास्थ्य जाँच करे। मंत्री ने कहा, "मैं भी एक सामान्य परिवार से हूँ और इन्हीं गुरुकुलों में पढ़ा हूँ। मैं अपनी ज़िम्मेदारियों को समझता हूँ।" मंत्री ने शिक्षकों को शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए काम करने के निर्देश दिए। छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों और प्राचार्यों को विषयों में पिछड़े छात्रों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भोजन कक्षों और भोजनालयों में नियमों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए और छात्रावासों के आसपास साफ़-सफ़ाई रखी जानी चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क से बात करेंगे और कल्याण छात्रावासों के लिए आवश्यक धनराशि तुरंत स्वीकृत करेंगे।

उन्होंने मौके पर ही आश्वासन दिया कि वे प्रभारी मंत्री से बात करेंगे और परकला डिग्री कॉलेज की अस्थायी मरम्मत के लिए आवश्यक धनराशि के लिए कलेक्टर से समन्वय करेंगे और जल्द से जल्द इसका समाधान निकालेंगे। उन्होंने याद दिलाया कि पिछली सरकार ने लापरवाही के कारण आहार शुल्क और प्रसाधन शुल्क बढ़ाने पर ध्यान नहीं दिया और उनकी सरकार बनते ही भोजनालय और प्रसाधन शुल्क बढ़ा दिए गए।

## कृषि एडीए अधिकारी ने खाद्य दुकानों व चेक पोस्ट का निरीक्षण किया



मदनूर, 23 जुलाई ( स्वतंत्र वार्ता )। मदनूर मंडल कृषि अधिकारी राजू ने बताया कि मदनूर में रासायनिक खाद्य दुकानों और सलाबतपुर कृषि बाजार समिति चेक पोस्ट और आरटीए चेक पोस्टों का निरीक्षण किया। इसमें बिचकुंडा सहायक कृषि निदेशक (एडीए) अमीना बी, मंडल कृषि अधिकारी, तहसीलदार और एसआई मदनूर शामिल थे। उन्होंने कहा कि यूरिया उर्वरक का उपयोग केवल फसलों के लिए ही किया जाना चाहिए, अन्य उद्योगों के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि मंडल में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है और किसानों को अपनी फसलों के लिए आवश्यकतानुसार ही इसका उपयोग करना चाहिए। यूरिया का अत्यधिक उपयोग किया जाता है, तो फसलों में कीट लगने की संभावना अधिक होती है। उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि वे मंडल के किसानों को सबसे पहले यूरिया की आपूर्ति करें। विक्रेताओं को उपलब्ध स्टॉक का विवरण रखने, स्टॉक बोर्ड और मूल्य सूची लगाने के निर्देश दिए गए। इस कार्यक्रम में मंडल कृषि अधिकारी राजू, तहसीलदार मुजीब, एसआई विजय कोंडा, एईओ विशाल, सौम्या, सरोजा, अनिल आदि शामिल हुए।



जामबाग डिवी. के नगरसेवक राकेश जयसवाल ने माननीय उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क को सम्मानित किया है। परिवहन और बीसी कल्याण मंत्री श्री पोन्नम प्रभाकर, आर एंड बी के कैबिनेट मंत्री श्री कोमटी रेड्डी वेंकट रेड्डी, हैदराबाद कलेक्टर श्रीमती हरि चंदना दसारी जी और एमजीबीएस में टीएसआरटीसी के एमडी श्री वी सी सज्जनर से भेंट की।

# 'भारतीय संस्कृति ने इंसान को भोग से योग की ओर जाने का मार्ग सिखाया'

हैदराबाद, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। दुनिया में दो तरह की संस्कृतियाँ हैं: भोग संस्कृति और योग संस्कृति। इन्द्रियों के वशीभूत हो जाना भोग संस्कृति है और इन्द्रियों को वशीभूत कर लेना योग संस्कृति है। जहाँ खाने के लिए जीना भोग है वहीं जीने के लिए खाना योग है। दुनिया में भारतीय संस्कृति ही ऐसी संस्कृति है जिसने इंसानियत को भोग से योग की ओर जाने का मार्ग सिखाया।

उक्त उद्गार राष्ट्र-संत श्री ललित प्रभ जी महाराज के हैं। वे बुधवार को नामपल्ली के एग्जिबिशन ग्राउंड में आयोजित 53 दिवसीय प्रवचनमाला में 18 वें दिन कैसे करें तपस्या जो दूर करें समस्या विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया में वैभव कितना ही महान क्यों न हो, पर वह त्याग से कभी-भी महान नहीं हो सकता। अगर महावीर और बुद्ध जैसे लोग राजवैभव को भोगते तो अन्य राजाओं की तरह कभी के भुला दिए जाते, पर राजपाट का त्याग करने के कारण आज भी वे करोड़ों लोगों के दिलों में राज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ सोने से निर्मित सिकन्दर की मूर्ति हो और दूसरी तरफ निर्वस्त्र महावीर की प्रतिमा हो तो श्रद्धा से सिर तो महावीर के चरणों में ही झुकेगा। याद रखें, भारत की आत्मा समृद्धि में नहीं, समृद्धि के त्याग में बसती है इसीलिए तो तिरंगे में त्याग का प्रतीक केसरिया रंग सबसे ऊपर रखा गया है।

संतश्री ने कहा कि भोजन का उपवास करना अच्छी बात है, पर भोजन का त्याग न कर पाओ तो क्रोध का त्याग कर दीजिए। क्रोध का त्याग भी उपवास की तरह लाभकारी है। उन्होंने तपस्या के विविध रूपों को जिक्र करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए महीने में एक दिन उपवास करें। जहाँ ज्यादा खाने से बीमारी बढ़ती है वहीं कम खाने से बीमारी कटती है। भोजन करते समय मौन रखें इससे व्यक्ति उग्र प्रतिक्रियाओं से बचा रहता है और रात्रि भोजन का त्याग करें। इस छोटे से त्याग मात्र से व्यक्ति सालभर में छः महिने उपवास करने का लाभ प्राप्त कर लेता है।

तपस्या को प्रलोभन मुक्त बनाने की प्रेरणा देते हुए संतश्री ने कहा कि तपस्या के दो दोष है: प्रलोभन और प्रतिस्पर्द्धा। तपस्या को लेनदेन व जीमणवारियों से मुक्त रखें ताकि वह अंतर्मन की निर्मलता देने वाली सिद्ध हो सके। उन्होंने संतों से निवेदन किया कि वे तपस्या को प्रलोभन से न जोड़ें। प्रलोभन देकर तपस्या करवाना कौनसा धर्म है? अब सिक्कों की या लड्डू-पेडों की प्रभावना करने की बजाय जीवन को परिवर्तित करने वाली प्रभावना की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि तप और त्याग ने ही भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाया है। जब तक इंसान तप और त्याग के रास्ते पर चलता रहेगा तब तक धरती पर सतयुग का अवतरण होता रहेगा। जो तप व त्याग का मार्ग अपनाते हैं उनका पूरा जीवन मंदिर जैसा निर्मल बन जाता है। सूरज दिन में चमकता है, चांद रात में चमकता है, पर त्यागी- तपस्वी दिन में भी चमकता है और रात में भी। जीवन के कल्याण के चार पथ है- सदाचार, संयम, सद्भाव और साधना। हमें दुराचार के मार्ग पर भूल चूक कर भी नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रावण के 10 सिर और 20 आंखें थीं, पर बुरी नजर एक औरत पर थी। हमारे एक सिर और दो आंखें हैं, पर बुरी नजर हर औरत पर है तो सोचो असली रावण कौन है? क्या राम की पूजा करने और मंदिर जाने मात्र से भीतर के रावण का शमन हो जाएगा। दुराचारी कभी प्रभु की कृपा प्राप्त नहीं कर सकता। जो दिन भर रात भर खाते हैं उनकी मन और बुद्धि तामसिक बन जाती है। जीवन में त्याग और संयम को जोड़ने के लिए हम रात्रि भोजन का त्याग करें, दिन में मिठाई का एक पीस से ज्यादा न खाएं, भोजन के ऊपर से नमक न लें, शराब-गुटखा जैसी गंदी चीजों का त्याग करें, मोबाइल का कम उपयोग करें, भोजन करने के बाद 3 घंटे तक पानी के अलावा कुछ न लें। यह छोटे-छोटे नियम हमें संयमी और सदाचारी बनाएंगे और हमारे जीवन को देवत्व की ओर ले जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. मुनि शांतिप्रिय सागर जी महाराज ने नवकार महामंत्र की सामूहिक प्रार्थना करवाई।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# भारतीय विमेंस टीम ने तीसरे वनडे में इंग्लैंड को हराया

## सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया; हरमनप्रीत का शतक, क्रांति गौड़ को 6 विकेट


हरमनप्रीत कौर

चेस्टर-ले-स्ट्रीट, 23 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय विमेंस टीम ने चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में इंग्लैंड को 13 रनों से हराकर 2-1 से सीरीज जीत ली। हरमनप्रीत कौर की शानदार 84 गेंदों में 102 रनों की पारी खेली। क्रांति गौड़ ने 6 विकेट झटके।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 318 रन बनाए। इंग्लैंड की टीम सभी विकेट खोकर 49.5 ओवर में 305 रन ही बना सकी। यह इंग्लैंड का भारत और श्रीलंका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप से पहले आखिरी वनडे मैच था।

**भारत को प्रतीका-स्मृति ने दी अच्छी शुरुआत**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत को ओपनर प्रतीका रावल और स्मृति मंधाना ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 73 गेंदों पर 64 रन की साझेदारी की।

रावल ने 33 गेंदों पर 26 रन बनाए। स्मृति ने 54 गेंदों पर 45 रन बनाए। उन्होंने हरलीन देओल के साथ दूसरे विकेट के लिए 31 गेंदों पर 17 रन की साझेदारी की। देओल ने भी 65 गेंदों पर 45 रन बनाए।

**हरमनप्रीत कौर के वनडे में 4000 रन पूरे**

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बेहतर ओपनिंग का फायदा उठाते हुए 102 रन की पारी खेली। वह 4000 वनडे रन पूरे करने वाली तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने 13 पारियों के बाद पहली बार अर्धशतक जड़ा और फिर 84 गेंदों में सातवीं वनडे सेंचुरी पूरी की।

वहीं, हरमनप्रीत को 22 रन पर एक जीवनदान भी मिला, जब लॉरेन फाइलर की गेंद पर इंग्लैंड ने रिव्यू नहीं लिया, जबकि रीप्ले में वह आउट दिख रही थीं। अंत में, हरमनप्रीत ने ड्राइव खेलते हुए नैट सिवर-ब्रंट को कैच दे दिया।

हरमप्रीत ने जेमिमा रोड्रिग्स के साथ चौथे विकेट के लिए 110 रनों की साझेदारी की। रोड्रिक्स ने 45 गेंदों पर 50 रन की पारी खेली। इनके अलावा ऋचा घोष ने 18 गेंदों में नाबाद 38 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। भारत ने आखिरी 10 ओवरों में 120 रन जोड़कर 318 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

**सोफी ने दिए सिर्फ 28 रन**

इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टोन ने 10 ओवर में 1/28 के साथ सबसे किफायती गेंदबाजी की। जबकि लॉरेन बेल ने 82, लॉरेन फिलर ने 64, चार्ली डीन ने 69 रन और लिन्से स्मिथ ने 74 रन दिए। सभी को 1-1 विकेट मिले।

**क्रांति गौड़ की घातक गेंदबाजी**

319 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम भारतीय गेंदबाज क्रांति गौड़ के सामने विवश नजर आई। 21 साल की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने अपने पांचवें वनडे में 6/52 की शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने इंग्लैंड की सलामी जोड़ी को सस्ते में पवेलियन भेजा। टैमी ब्यूमॉन्ट को उन्होंने शानदार इनस्विंगर पर बोल्ड किया, जबकि एमी जोन्स को दीप्ति शर्मा ने शॉर्ट थर्ड पर शानदार एक हाथ से कैच लेकर आउट किया। इंग्लैंड पावरप्ले के अंत में 22/2 पर सिमट गया था।

**नैट-एमा के बीच 162 रन की साझेदारी**

नैट सिवर-ब्रंट (98) और एमा लैम्ब (68) ने तीसरे विकेट के लिए 162 रनों की साझेदारी कर इंग्लैंड को वापसी दिलाई। लेकिन 31वें ओवर में श्री चारानी ने लैम्ब को स्वीप शॉट पर बोल्ड कर भारत को फिर से खेल में ला दिया। दीप्ति शर्मा ने सिवर-ब्रंट को 98 पर विकेटकीपर रिचा घोष के हाथों कैच आउट करवाया, जिन्होंने DRS की मांग की और अल्ट्राएज ने ग्लव्स से गेंद के संपर्क की पुष्टि की। इसके बाद सोफिया डंकली रन-आउट हुईं, और क्रांति ने लगातार दो गेंदों पर एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स और लॉरेन फाइलर को आउट कर अपने पांच विकेट पूरे किए। अंत में, उन्होंने लॉरेन बेल को हरमनप्रीत के हाथों कैच आउट करवाकर इंग्लैंड को आखिरी गेंद से पहले समेट दिया।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी चाइना ओपन में जीती

## सिंधु ने टोमोका मियाजाकी को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई


चिराग शेट्टी- सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी



चांगझोउ, 23 जुलाई (एजेंसियां)। चांगझोउ में खेले जा रहे चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी और पीवी सिंधु ने जीत के साथ शुरुआत की।

रेड्डी और शेट्टी की जोड़ी ने जापान के हिरोकी ओकामुरा और केन्या मित्सुहाशी की जोड़ी को सीधे गेम में 21-13-21-9 से हराया। यह मैच 31 मिनट तक चला।

**सिंधु ने जापानी खिलाड़ी को हराया**

पीवी सिंधु ने सिंगल्स में शानदार शुरुआत की। उन्होंने एक घंटे दो मिनट तक चले मुकाबले में जापान की टोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21 और 21-17 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सिंधु दूसरे गेम में 8-21 से हार गईं। हालांकि, निर्णायक तीसरे गेम में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई।

इससे पहले सिंधु जापान ओपन में पहले ही राउंड में बाहर हो गईं थी। इस साल सिंधु 5 टूर्नामेंट में पहले दौर और तीन टूर्नामेंट में दूसरे दौर में बाहर हुई हैं।

**रुतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा का सफर समाप्त**

विमेंस डबल्स में भारत की रुतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों को हॉन्गकॉन्ग की अनुभवी जोड़ी से 12-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा और उनका सफर समाप्त हो गया।

प्रणय चाउ टीएन-चेन प्री क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे

एचएस प्रणय ने पहले ही राउंड में जापान के कोकी वतनबे को 8-21, 21-16, 23-21 से हराकर प्री- क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहला गेम 8-21 से गंवाने के बाद प्रणय ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी की और इसे 21-16 से जीता। तीसरे और निर्णायक गेम में वे 1-7 और फिर 15-20 से पीछे थे, लेकिन शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कोर 20-20 पर बराबर किया और अंत में 23-21 से गेम और मैच अपने नाम किया।

**लक्ष्य सेन पहले राउंड में बाहर**

लक्ष्य सेन पहले ही राउंड में चीनी खिलाड़ी ली शिफेंग से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। लक्ष्य पहला गेम 21-14 से जीतने के बाद लगातार दो गेमों में 22-24 और 11-21 से हारे।

**अनुपमा उपाध्याय को मिली हार**

विमेंस सिंगल्स में भारत की अनुपमा उपाध्याय को चीनी खिलाड़ी लिन हिसयांग-ति के खिलाफ 23-21, 11-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। अनुपमा पहले गेम में कड़ी टक्कर देने में सफल रहीं, लेकिन दूसरे और तीसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने उन्हें आसानी से हरा दिया।

**मिक्स्ड डबल्स में पहले ही दौर में बाहर**

मिक्स्ड डबल्स में रोहन कपूर-रुत्विका गद्दे और अशिथ सूर्य-अमृता प्रमुथेश की जोड़ियां पहले ही राउंड में बाहर हो गए हैं।

# इंग्लैंड में केएल राहुल के 1000 टेस्ट रन पूरे

## सचिन तेंदुलकर- विराट कोहली के क्लब में शामिल हुए



मैनचेस्टर, 23 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हुए टेस्ट मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे करने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों की बराबरी कर ली।

पांचवें भारतीय बने केएल राहुल

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारत के लिए ओपनिंग करने उतरे केएल राहुल ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। 15 रन बनाते ही उन्होंने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। वह पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए जिसने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर (1575 रन), राहुल द्रविड़ (1376 रन), सुनील गावस्कर (1152 रन) और विराट कोहली (1096 रन) ने यह कारनामा किया।

# क्या रवींद्र जडेजा से बेहतर ऑलराउंडर हैं बेन स्टोक्स?

## रवि शास्त्री के बयान से मची खलबली



लॉर्ड्स, 23 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन वो टीम को जीत नहीं दिला सके। उसी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले बेन स्टोक्स को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जिसके बाद से ही एक बार फिर से इन दोनों सुपरस्टार ऑलराउंडर खिलाड़ियों के बीच तुलना शुरू हो गई। पूर्व भारतीय हेड कोच रवि शास्त्री ने भी इसको लेकर एक बड़ा बयान दिया है। जिसकी वजह से सोशल मीडिया पर खलबली मच गई है।

टीम इंडिया जब इंग्लिश दौरे पर जा रही थी। उसी समय से ही रवींद्र जडेजा और बेन स्टोक्स के बीच तुलना शुरू हो गई थी। सीरीज के दौरान अब ये और ज्यादा बढ़ रही है। मैनचेस्टर टेस्ट मैच से पहले द ओवरलैप पॉडकास्ट पर इस बारे में रवि शास्त्री ने कहा, 'अगर जडेजा में स्टोक्स जितना 40 प्रतिशत भी विश्वास हो जाए, तो वह आपको ज्यादा मैच जिताएंगे। क्योंकि उनकी प्रतिभा पर कोई संदेह नहीं है। बस उन्हें आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेनी होगी। अगर उन्हें विश्वास है कि वह जिम्मेदारी ले सकते हैं, तो वह ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 3 तिहरे शतक लगाए हैं। उन्हें इसमें लंबा समय लगा और उन्हें यह समझने में काफ़ी समय लगा कि उनमें बल्लेबाज़ी करने की क्षमता है।' अगर रवि शास्त्री के बयान पर ध्यान दे तो रवींद्र जडेजा की तारीफ तो कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही वो बेन स्टोक्स को उनसे आगे भी बता रहे हैं। अगर सिर्फ आंकड़ों पर नजर डाले तो रवींद्र जडेजा बेहतर नजर आते हैं, लेकिन स्टोक्स के पास किसी भी स्थिति से मैच जिताने की क्षमता है। जिसके कारण ही आज के समय में स्टोक्स की इतनी ज्यादा चर्चा होती है। खासकर बड़े मैचों में तो स्टोक्स अपने आप को और बेहतर कर लेते हैं।

वहीं जडेजा भी बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए नजर आते हैं, लेकिन वो टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे हैं।

# विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में वैष्णवी ने मचाया धमाल, टेनिस में पदक पक्का किया



बर्लिन, 23 जुलाई (एजेंसियां)। विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में टेनिस में भारत का पदक तय हो गया है। बीस साल की वैष्णवी अडकर ने जर्मनी में चल रहे खेलों की महिला एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय खिलाड़ी ने मेजबान देश की सिना हरमेन को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराया। अब उनका सामन स्लोवाकिया की एस्ट्जर मेरी से होगा।

वह नंदन बल के बाद इन खेलों में पदक हासिल करने वाली दूसरी भारतीय बनेंगी। नंदन ने 1979 में मेक्सिको सिटी में रजत पदक हासिल किया था। इन खेलों में टेनिस में दो कांस्य पदक दिए जाते हैं। इस बार भारत का यह दूसरा पदक होगा, इससे पहले बैडमिंटन मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक लिया था।

# 15 रन पर 5 विकेट, पाकिस्तान ने टेके घुटने

## बांग्लादेश ने बुरी तरह हराकर जीती सीरीज



ढाका, 23 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम को भारी बेइज्जती का सामना करना पड़ा है. ढाका के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले गए टी20 सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 8 रनों से हराकर इतिहास रच दिया. बांग्लादेश ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली. ये पहला मौका है जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 1 से ज्यादा मैचों की टी20 सीरीज में हराया है. इस मैच में पाकिस्तान की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही और बांग्लादेश के गेंदबाजों ने उन्हें एक बार फिर वापसी का मौका नहीं दिया.

**बांग्लादेश ने पाकिस्तान को बुरी तरह हराया**

दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने जाकर अली की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 133 रन का स्कोर खड़ा किया. लेकिन जवाब में पाकिस्तान की टीम फहीम अशरफ की जुझारू पारी के बावजूद 19.2 ओवर में 125 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. बांग्लादेश के गेंदबाज खासकर महेदी हसन, मुस्तफिजुर रहमान और शोरफुल इस्लाम ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाई.

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली पाकिस्तानी टीम ने बांग्लादेश को शुरुआती झटके दिए. सलमान मिर्जा ने अपनी शानदार गेंदबाजी से बांग्लादेश ने 28 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए. जिससे मेजबान टीम दबाव में आ गई. हालांकि, जाकर अली ने जिम्मेदारी संभाली और 55 रनों की पारी खेली। उनकी इस पारी में 1 चौका और 5 छक्का शामिल रहे, जिसने बांग्लादेश को 133/8 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया. महेदी हसन ने भी 33 रनों (25 गेंद, 2 चौके, 2 छक्के) का योगदान दिया. पाकिस्तान की ओर से सलमान मिर्जा ने17 रन देकर 2 विकेट लिए. अहमद दानियाल को भी 2 सफलता मिलीं. मोहम्मद नवाज और फहीम अशरफ ने 1-1 विकेट लिया.

**फहीम अशरफ की कोशिश रही बेकार**

134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी टीम की शुरुआत बेहद खराब रही. बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने शुरुआती झटके देकर पाकिस्तान को 15/5 पर ला दिया. सईम अयूब, मोहम्मद हारिस, हसन नवाज, फखर जमान, मोहम्मद नवाज जल्दी पवेलियन लौट गए. इस संकट में फहीम अशरफ ने जुझारू अंदाज में बल्लेबाजी की और 51 रनों की पारी खेली. लेकिन यह स्कोर जीत के लिए काफी नहीं था.

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज से दूसरा टी-20 जीता

## इंग्लिस-ग्रीन की नाबाद 131 रन की साझेदारी; आखिरी इंटरनेशनल मैच में रसेल ने 36 रन बनाए



जमैका, 23 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने जमैका के सबीना पार्क में खेले गए दूसरे टी-20 इंटरनेशनल मैच में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। यह जीत ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन का नतीजा थी, जिसमें जोश इंग्लिस और कैमरन ग्रीन की नाबाद साझेदारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 173 रन के टारगेट को 15.2 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर बना लिए।

**ब्रैंडन किंग-शाई होप ने टीम को अच्छी शुरुआत**

टॉस हार कर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को ओपनर ब्रैंडन किंग और शाई होप ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। किंग ने 36 गेंदों का सामना कर 51 रन बनाए। किंग के आउट होने के बाद कोई भी बल्लेबाज 40 से ऊपर रन ही बना पाया।

अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेल रहे आंद्रे रसेल ने 15 गेंदों पर 36 रन बना कर टीम का स्कोर 172 तक पहुंचाने में अहम रोल निभाया।

**एडम जम्पा ने लिए 3 विकेट**

ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जम्पा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। इनके अलावा ग्लेन मैक्सवेल और नाथन एलिस ने 2-2 विकेट लिए।

**13 रन पर ही गिर गया था ऑस्ट्रेलिया का पहला विकेट**

173 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसका पहला विकेट 13 रन पर गिर गया। ओपनर ग्लेन मैक्सवेल ने 10 गेंदों का सामना कर 12 रन बनाए। कप्तान मिचेल मार्श भी 42 के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। उन्होंने 17 गेंदों पर 21 रन बनाए।

**इंग्लिस और कैमरन ग्रीन की हाफ सेंचुरी**

तीसरे विकेट के लिए जोश इंग्लिस और कैमरन ग्रीन ने 59 गेंदों पर नाबाद 131 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी।

इंग्लिस ने 33 गेंदों पर 78 रन और कैमरन ग्रीन ने 32 गेंदों पर 56 रन बनाए। जोश इंग्लिस प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। उन्होंने अपनी पारी 7 चौके और 5 सिक्स जड़े।

# टेनिस में एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस



वॉशिंगटन, 23 जुलाई (एजेंसियां)। वीनस विलियम्स पेशेवर टेनिस में टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला बन गई हैं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने 45 साल की उम्र में अपने कुछ चिर परिचित सर्व और ग्राउंडस्ट्रोक का शानदार नजारा पेश किया और डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने से 22 वर्ष छोटी पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया। वीनस से अधिक उम्र में महिला एकल का मैच केवल मार्टिना नवरातिलोवा ने जीता है। नवरातिलोवा ने आखिरी बार 2004 में 47 वर्ष की उम्र में एकल मैच में जीत हासिल की थी।

वीनस ने मैच के बाद कहा, 'जब मैं अभ्यास कर रही थी तो सोच रही थी कि हे भगवान, मुझे नहीं पता कि मैं अब भी अच्छी खिलाड़ी हूं या नहीं। फिर कुछ ऐसे मौके भी आते थे जब मुझे खुद पर भरोसा होता था। यहां तक कि पिछले सप्ताह भी मैं सोच रही थी कि मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। इसलिए यह पूरा दिमाग का खेल है।' वीनस एक साल से भी अधिक समय बाद किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। इससे पहले उन्होंने युगल मैच जीतकर शानदार वापसी की थी। अब उन्होंने दो वर्षों में पहली बार एकल मैच जीता है।

वीनस की दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना विलियम्स भी वापसी करें। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है।' उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में आप सबको अवगत कर देगी।'


सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। सेरेना 43 वर्ष की हैं और उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद कोई मैच नहीं खेला। इसके बाद उन्होंने उस खेल से दूर जाने की घोषणा की थी। टेनिस में उन्होंने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा था। इस दौरान उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और वीनस के साथ 14 युगल खिताब जीते थे।

# एसआरएच फ्रेंचाइजी से अलग हुआ 2 बार चैंपियन बनाने वाला कप्तान एडेन मार्करम



लखनऊ, 23 जुलाई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए धमाल मचाने वाले एडेन मार्करम ने एसए20 2026 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी की टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप से अलग होने का फैसला किया है। जबकि अपनी कप्तानी में मार्करम ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को 2 बार एसए20 का खिताब जिताया है। इससे पहले आईपीएल 2025 के लिए भी सनराइजर्स हैदराबाद ने एडेन मार्करम को रिलीज कर दिया था, जिसके बाद मेगा ऑक्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस खिलाड़ी को खरीदा था। अब एडेन मार्करम एसए20 ऑक्शन 2026 में शामिल होंगे, ऑक्शन 9 सितंबर से होगा। एसए20 का नया सीजन 26 दिसंबर 2025 से शुरू होगा। एडेन मार्करम ने एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को 2 बार साल 2023 और 2024 में चैंपियन बनाया था। टूर्नामेंट में मार्करम ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए 36 मैच खेले थे, जिसमें बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 34.53 की औसत से 967 रन बनाए थे। उनके बल्ले से अभी तक SA20 में 1 शतक और 5 अर्धशतक निकले हैं।

# तेलंगाना की महिलाओं ने मुफ़्त बस यात्रा सुविधा का लाभ उठाकर 6,680 करोड़ रुपये बचाए : भट्टी




हैदराबाद, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने घोषणा की कि महालक्ष्मी योजना ने तेलंगाना की महिलाओं को आरटीसी बसों में मुफ़्त यात्रा का लाभ उठाकर 6,680 करोड़ रुपये बचाने में सक्षम बनाया है। उन्होंने बताया कि इस पहल से राज्य में आरटीसी की अधिभोग दर भी बढ़कर 97 प्रतिशत हो गई है।उपमुख्यमंत्री ने बुधवार को महात्मा गांधी बस स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में महिलाओं को आरटीसी बसों में 200 करोड़ मुफ़्त यात्राएँ प्रदान करने की उपलब्धि का जश्न मनाते हुए भाषण दिया। अपने भाषण के दौरान, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालते ही महिलाओं को मुफ़्त बस यात्रा प्रदान करने वाली महा लक्ष्मी योजना तुरंत शुरू की। परिणामस्वरूप, राज्य भर की महिलाओं को 200 करोड़ की मुफ़्त यात्राओं का लाभ मिला है, जिससे 6,680 करोड़ रुपये की पर्याप्त बचत हुई है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए राज्य भर में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आरटीसी की सराहना की। भट्टी विक्रमार्क ने आरटीसी की विफलता की पूर्व आलोचनाओं का जवाब देते हुए बताया कि एक कल्याणकारी पहल की बदौलत निगम अब लाभ में है। सरकार ने आरटीसी के लिए 200 करोड़ मुफ़्त यात्राएँ प्रदान करने से हुए 6,680 करोड़ रुपये के खर्च की लगातार प्रतिपूर्ति की है और यह सहायता भविष्य में भी जारी रहेगी। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर के नेतृत्व में, कई नई रणनीतियाँ शुरू की गई हैं जिनसे राजस्व में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि इस सरकार के सत्ता में आने के बाद से 2,400 नई बसें खरीदी गई हैं।उपमुख्यमंत्री ने बताया कि आरटीसी की अधिभोग दर पहले केवल 60 प्रतिशत थी, लेकिन महालक्ष्मी योजना की शुरुआत के साथ यह बढ़कर 97 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लागू होने से पहले, लगभग 45 लाख यात्री प्रतिदिन आरटीसी बसों में यात्रा करते थे, और अब यह आंकड़ा बढ़कर 65 लाख हो गया है। हैदराबाद में बढ़ते प्रदूषण के कारण, शहर के अंदर से डीजल बसों को धीरे-धीरे शहर से बाहर स्थानांतरित किया जा रहा है। हैदराबाद में चलने वाली लगभग 11 प्रतिशत बसें अब बैटरी चालित हैं। भट्टी ने बताया कि 3,000 इलेक्ट्रिक बसों का ऑर्डर पहले ही दिया जा चुका है और 500 और बसें खरीदने की योजना है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य की एक करोड़ महिलाओं को करोड़पति बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल आरटीसी में मुफ्त यात्रा की पेशकश कर रही है, बल्कि महिला स्वयं सहायता समूहों को बसें खरीदने और उन्हें आरटीसी को पट्टे पर देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करके उन्हें सशक्त भी बना रही है, जिससे महिला समूहों का आर्थिक विकास हो रहा है।

## कांग्रेस ने मुझे मंत्री पद की पेशकश की : राजगोपाल

हैदराबाद, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मुनुगोड़े विधायक कोमाटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी ने बुधवार को बताया कि कांग्रेस नेताओं ने उन्हें 2023 के विधानसभा चुनाव में एलबी नगर से चुनाव लड़ने पर मंत्री पद का आश्वासन दिया था। हालाँकि, उन्होंने इस प्रस्ताव को दृढ़ता से ठुकरा दिया और इस तरह की भूमिका में अपनी रुचि न होने पर ज़ोर दिया। राजगोपाल रेड्डी ने कहा, "मुनुगोड़े के लोगों का कल्याण सर्वोपरि है, इसलिए मैंने वहाँ से चुनाव लड़ने का फैसला किया और कांग्रेस पार्टी के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।" उन्होंने यह भी बताया कि 2018 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी के प्रभावशाली नेताओं को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन मुनुगोड़े के लोगों ने विधायक चुने जाने पर उनका समर्थन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुनुगोड़े उपचुनाव में उन्हें बीआरएस पार्टी ने नहीं, बल्कि कम्युनिस्ट पार्टी ने हराया था। राजगोपाल रेड्डी ने मुनुगोड़े मंडल में नए राशन कार्ड वितरित करने के एक कार्यक्रम में भाग लिया और स्थानीय समुदाय से बातचीत की।

# एससीसीएल की कोयला बिक्री नीति में पूरी तरह पारदर्शिता है : किशन रेड्डी



नई दिल्ली, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि केंद्र सरकार देश में कोयला बिक्री की एक व्यापक नीति अपना रही है। बुधवार को लोकसभा में डॉ. कडियम काव्या के एक प्रश्न के उत्तर में, किशन रेड्डी ने सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) की कोयला बिक्री नीतियों पर विस्तार से चर्चा की और तेलंगाना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और आर्थिक विकास को गति देने में उनकी भूमिका पर ज़ोर दिया। डॉ. काव्या ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के लिए एससीसीएल की कोयला बिक्री नीति और तेलंगाना के लिए पारदर्शिता और लाभ सुनिश्चित करने हेतु उठाए गए उपायों के बारे में जानकारी मांगी। मंत्री ने बताया कि एससीसीएल कोयला मंत्रालय की प्रमुख नीतियों का पालन करता है, जिनमें शक्ति नीति (2017, 2025 में अद्यतन), गैर-विनियमित क्षेत्र लिंकेज नीलामी नीति (2016, 2020 में संशोधित), नई कोयला वितरण नीति (2007, 2022 तक संशोधित) और ब्रिज लिंकेज नीति (2016) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये ढाँचे निष्पक्ष व्यापार, व्यापार में आसानी और एमएसएमई सहित उद्योगों को समान कोयला आवंटन को बढ़ावा देते हैं। "इन नीतियों ने कोयला वितरण में पारदर्शिता बढ़ाई है, व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है, रोज़गार सृजित किए हैं और रॉयल्टी तथा कर राजस्व में वृद्धि की है, जिससे तेलंगाना को काफी लाभ हुआ है।" संशोधित शक्ति नीति, 2025 अब बिजली क्षेत्र के लिए सभी नए कोयला लिंकेज को नियंत्रित करती है, जो बाज़ार की माँग के अनुरूप है। एससीसीएल द्वारा इन नीतियों का पालन करने से उद्योगों को समर्थन देकर और प्रतिस्पर्धी कोयला पहुँच सुनिश्चित करके तेलंगाना की अर्थव्यवस्था मज़बूत हुई है, जिससे भारत के कोयला क्षेत्र में राज्य की स्थिति मज़बूत हुई है।,

## 25 जुलाई को होगी कैबिनेट की बैठक

हैदराबाद, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य कैबिनेट की बैठक इस महीने की 25 तारीख को शाम 4 बजे मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में डॉ. बी.आर. अंबेडकर तेलंगाना सचिवालय की छठी मंजिल पर होगी। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, राज्य के मंत्री, राज्य सरकार के सलाहकार और मुख्य सचिव रामकृष्ण राव भाग लेंगे। मुख्य सचिव ने आज एक परिपत्र जारी कर विशेष मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों और सरकारी सचिवों को कैबिनेट बैठक में चर्चा के लिए विभिन्न मुद्दों पर एजेंडा आइटम सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) को भेजने को कहा है।

## साइबराबाद पुलिस ने वर्क फ्रॉम होम एडवाइजरी जारी की

हैदराबाद, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। भारी बारिश के पूर्वानुमान के मद्देनजर, साइबराबाद पुलिस ने बुधवार को कंपनियों को वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएफएच) व्यवस्था अपनाने की सलाह देते हुए एक सलाह जारी की है।

साइबराबाद के संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) द्वारा जारी परामर्श में कंपनियों से सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने, यातायात की भीड़ को कम करने, उत्पादकता बनाए रखने और प्रतिकूल मौसम की स्थिति के दौरान निर्बाध आपातकालीन सेवाओं को सक्षम करने के लिए दूरस्थ कार्य पर विचार करने का आग्रह किया गया है। प्राधिकारियों ने बारिश के प्रभाव को प्रबंधित करने में, विशेष रूप से यातायात संचालन और आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवाओं पर, जनता के सहयोग के महत्व पर बल दिया है।

संयुक्त आयुक्त ने आधिकारिक नोट में कहा कि हम इस मामले में आपकी समझ और सहयोग की सराहना करते हैं। जलभराव और संभावित व्यवधान की आशंका के कारण, निवासियों और यात्रियों को सलाह दी जाती है कि जब तक अत्यंत आवश्यक न हो, वे घर के अंदर ही रहें तथा मौसम संबंधी अद्यतन जानकारी और अधिकारियों द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करें।

# स्कूल-कॉलेज बंद कार्यक्रम सफल: वामपंथी छात्र संघ

### चलो सचिवालय" कार्यक्रम के दौरान तनाव की स्थिति पैदा हो गई



हैदराबाद, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार के शिक्षा क्षेत्र, निजी कॉर्पोरेट शिक्षण संस्थानों में फीस नियंत्रण के लिए एक विशेष कानून बनाने और लंबित छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति जारी करने की मांग को लेकर राज्य भर में वामपंथी दलों से जुड़े छात्र संघों द्वारा आज आयोजित स्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेज बंद सफल रहा। इस अवसर पर, इन मुद्दों के समाधान के लिए आयोजित "चलो सचिवालय" कार्यक्रम के दौरान तनाव की स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने लोअर टैंक बांध से रैली शुरू करने वाले छात्र नेताओं को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें शहर के विभिन्न पुलिस थानों में ले गई। इस अवसर पर छात्र नेताओं की पुलिस के साथ तीखी झड़प हुई। एक वादा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, छात्र संघ नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार की विफलताओं के बाद तेलंगाना राज्य में सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने पिछले 18 महीनों से शिक्षा क्षेत्र से किए गए वादों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया, "यह अप्रत्यक्ष रूप से राज्य में नई शिक्षा नीति लागू कर रही है और राज्य के शिक्षा क्षेत्र को भाजपा के हाथों में सौंपने की साजिश कर रही है। राज्य के 2253 सरकारी स्कूलों में पीने के पानी की सुविधा नहीं है और 1500 से ज़्यादा स्कूलों में शौचालय नहीं हैं। 28 हज़ार से ज़्यादा स्कूलों में कंप्यूटर नहीं हैं। अंग्रेज़ी माध्यम और कन्नड़, उर्दू और मलयालम जैसे अन्य सरकारी माध्यमों में पढ़ने वाले छात्रों को अभी तक पाठ्यपुस्तकें नहीं मिली हैं। सरकार ने दो जोड़ी यूनिफ़ॉर्म की बजाय सिर्फ़ एक जोड़ी यूनिफ़ॉर्म दी है।" सरकार स्कूलों में नाश्ता योजना लागू नहीं कर रही है और जो धनराशि दी जानी चाहिए, वह मध्याह्न भोजन की बढ़ी हुई कीमतों के हिसाब से नहीं बढ़ रही है।

# बाइक न दिलाने पर दसवीं के छात्र ने कर ली आत्महत्या

करीमनगर, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। वीनावंका मंडल के एप्पालापल्ली गांव में दसवीं कक्षा के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली।

बताया जा रहा है कि वह अपने माता-पिता द्वारा बाइक खरीदने से मना करने से परेशान था। पुलिस ने बताया कि गलीपेल्ली सरकारी हाई स्कूल का छात्र चुक्का आदित्य (17) लंबी छुट्टियों के बाद 18 जुलाई को घर लौटा था।

इस दौरान उसने अपने माता-पिता से एक मोटरसाइकिल खरीदने का अनुरोध किया। हालांकि माता-पिता ने उसे आश्वासन दिया था कि वे बाद में एक मोटरसाइकिल का इंतज़ाम कर देंगे, लेकिन आदित्य कथित तौर पर उनके जवाब से नाराज़ था। 20 जुलाई की रात को उसने कथित तौर पर आत्महत्या के प्रयास में कीटनाशक पी लिया। उसके माता-पिता उसे करीमनगर सरकारी अस्पताल ले गए, जहाँ मंगलवार शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आदित्य के पिता सदाय्या की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## टीजीआरटीसी बस में आग लगाई गई; गड़बड़ी का संदेह



मिर्यालगुडा, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मिर्यालगुडा मंडल के ताड़कमल्ला गांव में मंगलवार देर रात एक संदिग्ध आगजनी की घटना में तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीआरटीसी) की एक बस आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीण रूट पर चलने वाली और रात में ताड़कमल्ला में रुकने वाली यह बस मिर्यालगुडा आरटीसी डिपो की है। बुधवार सुबह-सुबह ग्रामीणों ने गाड़ी में आग लगी देखी तो पुलिस और आरटीसी अधिकारियों को सूचना दी। मिर्यालगुडा ग्रामीण सर्किल इंस्पेक्टर पीएनडी प्रसाद ने टीजीआरटीसी अधिकारियों के साथ घटनास्थल का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। शुरुआती जांच से पता चलता है कि आग जानबूझकर लगाई गई थी, हालांकि अभी तक इसका कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।






# छात्रावासों की खराब निगरानी के लिए अधिकारी आलोचनाओं के घेरे में

मंचेरियल, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मंचेरियल जिले के अधिकारियों को जनजातीय कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रावासों में पर्यवेक्षण और गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने में विफल रहने के लिए तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। ज़िले में 16 छात्रावास हैं जो 2,711 आदिवासी छात्रों को आवास और शिक्षा प्रदान करते हैं, इसके अलावा आदिवासी युवाओं के लिए दो पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास भी हैं। ये छात्रावास मंचेरियल शहर, भीमाराम, चेन्नूर, वेमननपल्ली, चित्तपुर, लक्सेटीपेट, जन्नाराम और कवाल गाँवों में छात्रों की आसान पहुँच के लिए स्थित हैं।

हालाँकि, ये छात्रावास अक्सर फ़ूड पॉइज़निंग की घटनाओं के लिए चर्चा में रहते हैं। सोमवार को, एक छात्रावास में पढ़ने वाले दो छात्रों की खराब सेहत की सूचना अधिकारियों द्वारा न दिए जाने पर अभिभावक नाराज़ हो गए। अधिकारियों ने दावा किया कि छात्रों ने रविवार को छात्रावास लौटने से पहले घर पर ही खाना खाया था। खाद्य सुरक्षा का मुद्दा महीनों से चला आ रहा है। 8 नवंबर, 2024 को तत्कालीन जिला आदिवासी कल्याण अधिकारी गंगाराम को कर्तव्य में लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने 6 नवंबर को सैकुंटा स्थित एक आश्रम स्कूल में संदिग्ध खाद्य विषाक्तता की घटना के बाद 12 छात्रों के अस्पताल में भर्ती होने के बारे में कथित तौर पर गलत जानकारी दी थी। 8 नवंबर को उसी छात्रावास के दो और छात्र कथित तौर पर बीमार पड़ गए।

अभिभावकों ने बार-बार अधिकारियों पर छात्रावास की स्थिति की निगरानी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है, जिसके कारण दूषित पानी और अस्वास्थ्यकर भोजन मिलता है। एक अभिभावक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'वार्डन अपनी ज़िम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे हैं। रसोइये बुनियादी स्वच्छता का ध्यान नहीं रखते। कीड़ों से भरा खाना परोसा जाता है, जिससे छात्रों को अस्पताल जाना पड़ता है।'

उन्होंने शौचालय, स्नानघर, बिस्तर, रोशनी और पंखे जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर भी प्रकाश डाला। एक अन्य अभिभावक ने दुख जताते हुए कहा, 'कैदियों को घटिया हालात में रहने को मजबूर होना पड़ता है। वे सर्दियों में ठंडे पानी से नहाते हैं, बदबूदार शौचालयों का इस्तेमाल करते हैं, असुरक्षित पानी पीते हैं और गंदे माहौल में रहते हैं।' जिला आदिवासी कल्याण अधिकारी जनार्दन ने बताया कि छात्रावासों में आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने और आगे से भोजन विषाक्तता की घटनाओं को रोकने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने आगे बताया कि वार्डनों को खाना पकाने पर कड़ी निगरानी रखने और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बीआरएस नेता जगनमोहन राव केटीआर के जन्मदिन पर बांटेंगे लैपटॉप और मोपेड



संगारेड्डी, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव द्वारा 2019 में शुरू की गई गिफ्ट ए स्माइल पहल से प्रेरित होकर, युवा बीआरएस नेता और तेलंगाना राज्य प्रौद्योगिकी सेवाओं के पूर्व अध्यक्ष पतिमेदा जगनमोहन राव ने पिछले छह वर्षों में तेलंगाना भर में 100 से अधिक मेधावी छात्रों की मदद की है, साथ ही विभिन्न सामाजिक सेवा गतिविधियों का भी आयोजन किया है।

रामा राव के कट्टर अनुयायी और बीआरएस सोशल मीडिया विंग के संयोजक जगनमोहन राव अब तक ज़रूरतमंद मेधावी छात्रों को 70 टैबलेट और 30 लैपटॉप बाँट चुके हैं।

इस साल, उनकी योजना रामा राव के जन्मदिन के अवसर पर दिव्यांगजनों को छह लैपटॉप और छह मोपेड उपहार में देने की है। चूंकि मोपेड को लाभार्थियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुकूलित किया जा रहा है, इसलिए जगन 29 जुलाई को रामा राव की उपस्थिति में उपहार प्रदान करेंगे।

जगन ने कहा कि ज़रूरतमंदों तक पहुँचने के विचार से वे बेहद प्रेरित थे और उन्होंने हमेशा 'रमन्ना' के पदचिन्हों पर चलने का फ़ैसला किया, जैसा कि वे प्यार से रामा राव को पुकारते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा से ज़्यादा से ज़्यादा छात्रों तक पहुँचना चाहता था।' हाल ही में, उन्होंने राज्य स्तर पर दूसरे स्थान पर रही वाई थिथीक्षा को एक लैपटॉप भेंट किया, जिसने बीआईपीसी स्ट्रीम में 1,000 में से 994 अंक प्राप्त किए थे, और रामा राव ने स्वयं उसे यह लैपटॉप सौंपा। जगन ने कम से कम 10 गरीब लेकिन मेधावी छात्रों की ट्यूशन फीस भरकर उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की है। 2023 में रामा राव के जन्मदिन समारोह के दौरान, उन्होंने 1,800 छात्रों को 18,000 नोटबुक वितरित कीं और उन्हें रामा राव की मोज़ेक कलाकृति में व्यवस्थित किया।

# भारी बारिश से करीमनगर में जनजीवन अस्त-व्यस्त

### रामागुंडम में कोयला उत्पादन प्रभावित

करीमनगर, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार रात से लगातार हो रही बारिश के कारण करीमनगर शहर में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

बुधवार दोपहर तक 60.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। सुबह तक ज़्यादातर लोग घरों के अंदर ही रहे, जबकि कई निचले इलाकों में पानी भर गया। साईंकृष्णा थिएटर के पास वाले इलाके समेत कई इलाकों में नालियों का पानी घरों में घुस गया, जिससे निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विभिन्न चौराहों पर सड़कों पर पानी भर जाने से वाहनों की आवाजाही बाधित होने से यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। शहर के बाहरी इलाके में स्थित अलुगुनूर चौक पर बारिश का पानी भर जाने से वारंगल और हैदराबाद की ओर जाने वाला यातायात प्रभावित हुआ।

मंचेरियल चौक, आरटीसी वर्कशॉप, कलेक्ट्रेट कार्यालय, हुसैनीपुरा और कामन क्षेत्रों से भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिली, जहां सड़कें जलमग्न रहीं और आवागमन मुश्किल हो गया। इस बीच, भारी बारिश के कारण पेद्दापल्ली जिले के रामागुंडम क्षेत्र में कोयला उत्पादन ठप हो गया। खदानों में बारिश का पानी जमा हो जाने के कारण चार ओपनकास्ट परियोजनाओं (ओसीपी) में काम रोक दिया गया, जिससे भारी मशीनरी चलाना असंभव हो गया। अधिकारियों ने बताया कि व्यवधान के कारण लगभग 80,000 टन कोयले का उत्पादन प्रभावित हुआ।

## नदी में बह गई अस्थायी सड़क

करीमनगर, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्ववर्ती करीमनगर जिले के कई हिस्सों में रात से व्यापक वर्षा हो रही है, जिससे किसानों को राहत मिली है और अस्थायी बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। राजन्ना-सिरसिला जिले के एलांथाकुंटा मंडल के पेल्लिंगपुर में सबसे अधिक 96.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। जगतियाल जिले के धर्मपुरी मंडल में नेरेल्ला में 91.3 मिमी बारिश हुई।

हालांकि किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन कलवस्रीरामपुर मंडल में किस्टामपेट के पास मनैर नदी पर बनाई गई एक अस्थायी मिट्टी की सड़क भारी पानी के बहाव में बह गई। यह सड़क पेड्डापल्ली और जयशंकर-भूपलपल्ली जिलों के बीच एक स्थानीय संपर्क का काम करती थी। इस बीच, धान की रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों ने लगातार बारिश पर खुशी जताई।

## तेलंगाना के कई जिलों में भारी बारिश से तबाही



हैदराबाद, 23 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले दो दिनों में तेलंगाना के कई जिलों में भारी से बेहद भारी बारिश हुई है , जिससे कई मंडलों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सक्रिय दक्षिण-पश्चिम मानसून और बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने निम्न दबाव के कारण हुई इस भारी बारिश के कारण व्यापक बाढ़ और व्यवधान उत्पन्न हो गए हैं। बुधवार सुबह 8.30 बजे तक, मुलुगु ज़िले में सबसे ज़्यादा 227.3 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि भद्राद्री कोठागुडेम में 119.0 मिमी बारिश दर्ज की गई। मुलुगु में, बोगाथा जलप्रपात-जिसे तेलंगाना का नियाग्रा भी कहा जाता है-लगातार बारिश के कारण उफान पर आ गया, जिसके कारण अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर वहाँ पहुँच प्रतिबंधित कर दी और पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया।

मुलुगु के वेंकटपुरम मंडल में 146.0 मिमी बारिश हुई, जबकि अलुबाका (114.9 मिमी) और मदर (115.5 मिमी) जैसे आस-पास के इलाकों में भी अच्छी खासी बारिश दर्ज की गई। उफनती नदियों और उफनते झरनों ने चिंता बढ़ा दी है, और अधिकारियों ने निवासियों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। महबूबाबाद जिले के कोठागुडा मंडल में एक दुखद घटना में, 30 वर्षीय नरेश नामक व्यक्ति, उफनती रल्ला टिट्टे नदी में मछली पकड़ते समय लापता हो गया। पुलिस, स्थानीय अधिकारियों और ग्रामीणों द्वारा बचाव अभियान जारी है।


**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ETCECONIIVSKP 2025029, दिनांक : 18.07.2025

**कार्य का नाम :** जगदलपुर-किरंडुल दोहरीकरण परियोजना - पूर्व तट रेलवे के वाल्टेयर मण्डल के KK लाइन में फॉर्मेशन में मिट्टी कार्य, छोटे पुलों का विस्तार के साथ नए रूट-5 का निर्माण एवं अन्य अनुषंगी कार्य और बचेली यार्ड में यात्री प्लेटफॉर्म (प्लेटफॉर्म-1) का उच्च स्तरीय प्लेटफार्म में नवीनीकरण।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 684.53 लाख, EMD : ₹ 4,92,300/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 06 (छह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 12.08.2025 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ भुवनेश्वर

PR-64/CI/25-26


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.